कर्नाटक सरकार

# हिंदी वल्लरी

## तृतीय भाषा हिंदी

## Third Language Hindi

## नौवीं कक्षा

## Ninth Standard

**Karnataka Text Book Society (R.)**
100 Feet Ring Road,
Banashankari 3rd Stage, Bengaluru- 85

©KTBS Not to be republished

# Preface

The Textbook Society, Karnataka has been engaged in producing new textbooks according to the new syllabi which in turn are designed on NCF – 2005 since June 2010. Textbooks are prepared in 12 languages; seven of them serve as the media of instruction. From standard 1 to 4 there is the EVS, mathematics and $5^{th}$ to $10^{th}$ there are three core subjects namely mathematics, science and social science.

NCF – 2005 has a number of special features and they are:

- Connecting knowledge to life activities
- Learning to shift from rote methods
- Enriching the curriculum beyond textbooks
- Learning experiences for the construction of knowledge
- Making examinations flexible and integrating them with classroom experiences
- Caring concerns within the democratic policy of the country.
- Make education relevant to the present and future needs.
- Softening the subject boundaries, integrated knowledge and the joy of learning.
- The child is the constructor of knowledge.

The new books are produced based on three fundamental approaches namely -

Constructive approach, Spiral approach and Integrated approach.

The learner is encouraged to think, engage in activities, master skills and competencies. The materials presented in these books are integrated with values. The new books are not examination oriented in their nature. On the other hand they

©KTBS Not to be republished

help the learner in the total development of his/her personality, thus help him/her become a healthy member of a healthy society and a productive citizen of this great country, India.

The most important objectives of teaching language are listening, speaking, reading, writing and reference work. These skills have been given a lot of importance in all the language textbooks. Along with the inculcation of these skills, fundamental grammar, opportunities for learners to appreciate beauty and imbibe universal life values have been integrated in language textbooks. When learners master these competencies, they would stop studying textbooks for the sake of passing examinations. In order to help learners master these competencies, a number of paired and group activities, assignments and project work have been included in the textbooks. It is expected that these activities would help learner master communicative skills. Ultimately, it is expected that students master the art of learning to learn and make use of these competencies in real life.

The Textbook Society expresses grateful thanks to the chairpersons, writers, scrutinisers, artists, staff of DIETs and CTEs and the members of the Editorial Board and printers in helping the Text Book Society in producing these text books. A few works of some writers and poets have been included in these textbooks. The textbook society is extremely grateful to them for giving their consent for the inclusion of these pieces in the textbooks.

**G. S. Mudambadithaya**
Coordinator
Curriculum Revision and
Textbook Preparation
Karnataka Textbook Society®
Bengaluru, Karnataka

**Nagendra Kumar**
Managing Director
Karnataka Textbook Society®
Bengaluru, Karnataka

© KTBS
Not to be republished

# प्रस्तावना

प्रस्तुत **हिंदी वल्लरी** का रूपायन राष्ट्रीय शिक्षा नीति को ध्यान में रखकर छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु हुआ है। पाठों के चयन में भाषा तथा भाव को भी ध्यान दिया गया है। इसकी हर एक इकाई में भाषा-ज्ञान के संवर्धन के साथ-साथ मानवीय मूल्यों की गणना भी की गई है ताकि भविष्य का समाज समग्र रूप से स्वस्थ रहे।

राष्ट्रीय शिक्षा पाठ्यक्रम के आधार पर रचित यह पुस्तक विद्यार्थियों के भाषा-कौशल एवं सामर्थ्य के संवर्धन में ही नहीं, बल्कि उनके मन-मस्तिष्क के विकास में पूरक होने का विश्वास भी है। देश की समग्रता एवं अखंडता को क़ायम रखने हेतु, नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के हित के लिए तथा उनमें आत्मविश्वास, स्वावलम्बन, राष्ट्रीय सद्‌भावना, त्याग-बलिदान, परोपकार, सेवा-मनोभावना, समता-ममता-सहृदयता आदि से समन्वित व्यक्तित्व निर्माण की आशा की गयी है। भाषा एवं भाव के विकास के ही नहीं, बल्कि पर्यावरण की रक्षा, बहादुर-मज़दूर-जवानों की शुभ-कामना आदि के साथ-साथ, इस **वल्लरी** में सीमातीत, कालातीत तथा समस्त अंध विश्वास की काराओं से मुक्त, उन्मुक्त फूल खिलकर मनुजत्व के परिमल के फैलाव की शुभेच्छा भी है।

2005 - एन्.सी.एफ्. की योजना की क्रियात्मकता के लिए ये पाठ अपने आप सीखने एवं बोधना-कौशल्य के लिए सानुकूल हैं। अध्यापकों के लिए बोधन-संसाधन के विवरण भी संक्षेप में दिए गए हैं।

इस **वल्लरी** के सृजन, सुधार, परिष्कार एवं परिवर्धन में जिन मनीषियों का अमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ, उनके प्रति हार्दिक आभार अभिव्यक्त करते हुए, ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में इस 'वल्लरी' से निष्पन्न पुष्प-सौरभ प्रेरणा-प्रद एवं उपयोगी सिद्ध होने की आशा करता हूँ। अस्तु।

**डॉ.बी. नरसिंह मूर्ति**
अध्यक्ष
पाठ्य पुस्तक रचना समिति

Not to be republished ©KTBS

# पाठ्य पुस्तक रचना समिति

**अध्यक्ष :**

**डॉ. बी. नरसिंह मूर्ति :** असोसिएट प्रोफ़ेसर 7 श्री कोंगाडियप्पा कॉलेज, दोड्डबल्लापुर.

**सदस्य :**

**डॉ. एन. श्रीरंगा,** प्रधान अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, एल्लेशपुर, होलेनरसीपुरा (ता), हासन जिला.

**डॉ. टी. शुभानंद,** हिंदी अध्यापक, गुरुदेव हाईस्कूल, कोट्टूरु पोस्ट, कूड्लिगि (ता), बल्लारी जिला.

**शशिधर सिंह,** हिंदी अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, चंदगालु, के.आर.नगर (ता), मैसूरु जिला.

**डॉ. टी.आर. जोडट्टि,** हिंदी अध्यापक (रि) 305, फस्ट स्टेज, रानी चेन्नम्मा नगर, बेलगावी.

**के.एस्. गुरुराज,** प्रधान अध्यापक, टी.एस. सुब्बण्णा सार्वजनिक हाईस्कूल, विद्यारण्यपुरम्, मैसूरु.

**एस. मंजुला,** कलाकार, सरकारी हाईस्कूल, तेंडेकेरे, के.आर. पेटे (ता), मंड्या जिला.

**परिशीलक :**

**डॉ. एम. ज्ञानम,** आचार्य व क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय हिंदी संस्थान, मैसूरू केंद्र, मैसूरु.

**अध्यक्ष, संपादक मंडल :**

**डॉ. शशिधर एल. गुडिगेनवर,** प्रो एवं अध्यक्ष, हिंदी अध्ययन विभाग, मानसगंगोत्री, मैसूरु विश्वविद्यानिलय, मैसूरु.

**प्रधान संयोजक :**

**श्री जि.एस. मुडंबडित्ताय,** संयोजक, पाठ्य पुस्तक रचना समिति, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**सहायता एवं मार्गदर्शन :**

**श्री. नागेंद्र कुमार,** प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती सी. नागमणि,** उपनिर्देशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डि,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

# ಪರಿಷ್ಕರಣೆ ಕುರಿತು

ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಬಗ್ಗೆ ಪ್ರಕಟಗೊಂಡ ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಗಮನಿಸಿ ಮಾನ್ಯ ಮುಖ್ಯಮಂತ್ರಿಯವರೂ ಅರ್ಥಸಚಿವರೂ ಆಗಿರುವ ಶ್ರೀ ಸಿದ್ದರಾಮಯ್ಯನವರು ತಮ್ಮ 2014–15ರ ಬಜೆಟ್‌ನಲ್ಲಿ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ರಚಿಸುವ ಘೋಷಣೆ ಮಾಡಿದರು. ತಜ್ಞರು ಅನುಸರಿಸಬೇಕಾದ ಮೂಲ ಆಶಯವನ್ನು ಹೀಗೆ ಹೇಳಿದರು: "ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯ, ನೈತಿಕಮೌಲ್ಯಗಳು, ವ್ಯಕ್ತಿತ್ವವಿಕಸನ, ವೈಜ್ಞಾನಿಕ ಮತ್ತು ವೈಚಾರಿಕ ಮನೋಭಾವ, ಜಾತ್ಯಾತೀತತೆ ಮತ್ತು ರಾಷ್ಟ್ರಿಯ ಬದ್ಧತೆಗಳಿಗೆ ಅನುವಾಗುವಂತೆ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ಪುನರ್‌ರಚಿಸಲಾಗುವುದು" – ಇದು ಬಜೆಟ್ ಭಾಷಣದಲ್ಲಿ ಸಾದರಪಡಿಸಿದ ಆಶಯ.

ಆನಂತರ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆಯು ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯವರೆಗಿನ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಾಗಿ 27 ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ದಿನಾಂಕ: 24.11.2014 ರಂದು ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ವಿಷಯವಾರು ಮತ್ತು ತರಗತಿವಾರು ಮಾನದಂಡಕ್ಕನುಗುಣವಾಗಿ ರಚಿತವಾದವು. ವಿವಿಧ ಪಠ್ಯವಿಷಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರು, ಅಧ್ಯಾಪಕರು ಈ ಸಮಿತಿಗಳಲ್ಲಿದ್ದಾರೆ. ಈಗಾಗಲೇ ಲಿಖಿತವಾಗಿ ಬಂದಿರುವ ಅನೇಕ ಆಕ್ಷೇಪಗಳು ಮತ್ತು ವಿಶ್ಲೇಷಣೆಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಿ, ತಪ್ಪು ಒಪ್ಪುಗಳ ಬಗ್ಗೆ ನಿರ್ಣಯಿಸಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ ಹೊಣೆಹೊತ್ತ ಈ ಸಮಿತಿಗಳಿಗೆ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪಠ್ಯವಸ್ತುವನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸಿ ನಂತರ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು 24.11.2014ರ ಆದೇಶದಲ್ಲೇ ನೀಡಲಾಗಿತ್ತು. ಆನಂತರ 19.09.2015 ರಂದು ಹೊಸ ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪುನರ್ ರಚಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು ನೀಡಲಾಯಿತು. ಹೀಗೆ ಸಮಗ್ರ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗೊಂಡ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು 2016–17ರ ಬದಲು 2017–18ನೇ ಶೈಕ್ಷಣಿಕ ವರ್ಷದಲ್ಲಿ ಜಾರಿಗೊಳಿಸಲಾಗುವುದೆಂದು ಇದೇ ಆದೇಶದಲ್ಲಿ ತಿಳಿಸಲಾಯಿತು.

© KTBS Not to be republished

ಅನೇಕ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳೂ ಸಂಘಟನೆಗಳೂ ಸ್ವಯಂಪ್ರೇರಿತರಾಗಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಮಾಹಿತಿದೋಷ, ಆಶಯದೋಷಗಳನ್ನು ಪಟ್ಟಿಮಾಡಿ ಶಿಕ್ಷಣ ಸಚಿವರಿಗೆ, ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘಕ್ಕೆ ಕಳುಹಿಸಿದ್ದರು. ಅವುಗಳ ಪರಿಶೀಲನೆಮಾಡಿದ್ದಲ್ಲದೆ, ಸಮಿತಿಗಳಾಚೆಗೆ ಅನೇಕ ಸಂವಾದಗಳನ್ನು ಏರ್ಪಡಿಸಿ ವಿಚಾರ ವಿನಿಮಯ ಮಾಡಿಕೊಂಡಿದ್ದೇವೆ. ಪ್ರಾಥಮಿಕ ಮತ್ತು ಪ್ರೌಢಶಾಲಾ ಅಧ್ಯಾಪಕರ ಸಂಘಗಳ ಜೊತೆ ಚರ್ಚಿಸಿದ್ದಲ್ಲದೆ ಪ್ರಶ್ನಾವಳಿ ಸಿದ್ಧಪಡಿಸಿ ಅಧ್ಯಾಪಕರಿಗೆ ಕಳಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಸಂಗ್ರಹಿಸಲಾಗಿದೆ. ಅಧ್ಯಾಪಕರು, ವಿಷಯಪರಿವೀಕ್ಷಕರು ಮತ್ತು ಡಯಟ್ ಪ್ರಾಂಶುಪಾಲರ ಪ್ರತ್ಯೇಕ ಸಭೆಗಳನ್ನು ನಡೆಸಿ ವಿಶ್ಲೇಷಣಾತ್ಮಕ ಅಭಿಮತಗಳನ್ನು ಪಡೆಯಲಾಗಿದೆ. ವಿಜ್ಞಾನ, ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ, ಭಾಷೆ ಸಾಹಿತ್ಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರಿಗೆ ಮೊದಲೇ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಕಳುಹಿಸಿ ಆನಂತರ ಸಭೆ ನಡೆಸಿ ಚರ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಮಹಿಳಾ ಸಂಘಟನೆ ಹಾಗೂ ವಿಜ್ಞಾನ ಸಂಬಂಧಿ ಸಂಸ್ಥೆಗಳನ್ನು ಆಹ್ವಾನಿಸಿ ಚಿಂತನೆ ನಡೆಸಲಾಗಿದೆ. ಹೀಗೆ ಎಲ್ಲಾ ಮೂಲಗಳಿಂದ ಪಡೆದ ಅರಿವಿನ ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಕಡೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಬಹುಮುಖ್ಯವಾದ ಇನ್ನೊಂದು ಸಂಗತಿಯನ್ನು ಇಲ್ಲಿ ಹೇಳಬೇಕು. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ (N.C.E.R.T) ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ತೌಲನಿಕವಾಗಿ ಅಧ್ಯಯನ ಮಾಡಿ ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ನೀಡಲು ವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ ಮತ್ತು ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದಂತೆ ತಜ್ಞರ ಮೂರು ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಲಾಯಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ನೀಡಿದ ತೌಲನಿಕ ವಿಶ್ಲೇಷಣೆ ಮತ್ತು ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ಆಧರಿಸಿ ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟವನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳಿಗಿಂತ ನಮ್ಮ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟ ಕಡಿಮೆಯಾಗದಂತೆ ಕಾಯ್ದುಕೊಳ್ಳಲಾಗಿದೆ. ಜೊತೆಗೆ ಆಂಧ್ರ, ತಮಿಳುನಾಡು, ಮಹಾರಾಷ್ಟ್ರಗಳ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ನಮ್ಮ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಇನ್ನೊಂದು ಸ್ಪಷ್ಟನೆಯನ್ನು ನೀಡಲು ಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ನಮ್ಮ ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿರುವುದು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯೇ ಹೊರತು ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸಮಗ್ರ ರಚನೆಯಲ್ಲ.

©KTBS Not to be republished

ಆದ್ದರಿಂದ ಈಗಾಗಲೇ ರಚಿತವಾಗಿರುವ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸ್ವರೂಪಕ್ಕೆ ಎಲ್ಲಿಯೂ ಧಕ್ಕೆಯುಂಟುಮಾಡಿಲ್ಲ. ಲಿಂಗತ್ವ ಸಮಾನತೆ, ಪ್ರಾದೇಶಿಕ ಪ್ರಾತಿನಿಧ್ಯ, ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಸಮಗ್ರತೆ, ಸಮಾನತೆ, ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯಗಳ ಹಿನ್ನೆಲೆಯಲ್ಲಿ ಕೆಲವು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಳು ನಡೆದಿವೆ. ಹೀಗೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವಾಗ ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟು ಮತ್ತು ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟುಗಳನ್ನು ಮೀರಿಲ್ಲವೆಂದು ತಿಳಿಸಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ಜೊತೆಗೆ ನಮ್ಮ ಸಂವಿಧಾನದ ಆಶಯಗಳನ್ನು ಅನುಸರಿಸಲಾಗಿದೆ. ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿದ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯನ್ನು ಮತ್ತೊಮ್ಮೆ ಪರಿಶೀಲಿಸಲು ವಿಷಯವಾರು ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನ ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಪಡೆದು ಅಳವಡಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಹೀಗೆ ಕ್ರಮಬದ್ಧವಾಗಿ ನಡೆದ ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ತಮ್ಮನ್ನು ತಾವು ಸಂಪೂರ್ಣ ತೊಡಗಿಸಿಕೊಂಡ 27 ಸಮಿತಿಗಳ ಅಧ್ಯಕ್ಷರು ಮತ್ತು ಸದಸ್ಯರನ್ನು ಹಾಗೂ ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನಾ ಸಮಿತಿಯ ಸಮಸ್ತರನ್ನು ಕೃತಜ್ಞತೆಯಿಂದ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಅಂತೆಯೇ ಸಮಿತಿಗಳ ಕೆಲಸ ಸುಗಮವಾಗಿ ನಡೆಯುವಂತೆ ವ್ಯವಸ್ಥೆಮಾಡಲು ಕಾರ್ಯಕ್ರಮ ಅಧಿಕಾರಿಗಳಾಗಿ ನಿಷ್ಠೆಯಿಂದ ದುಡಿದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘದ ಎಲ್ಲಾ ಅಧಿಕಾರಿಗಳನ್ನೂ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಸಹಕರಿಸಿದ ಸಿಬ್ಬಂದಿಗೂ ನಮ್ಮ ವಂದನೆಗಳು. ಅಭಿಪ್ರಾಯ ನೀಡಿ ಸಹಕರಿಸಿದ ಸರ್ವ ಸಂಘಟನೆಗಳು ಮತ್ತು ತಜ್ಞರಿಗೆ ಧನ್ಯವಾದಗಳು.

**ನರಸಿಂಹಯ್ಯ**
ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ ನಿರ್ದೇಶಕರು
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

**ಪ್ರೊ. ಬರಗೂರು ರಾಮಚಂದ್ರಪ್ಪ**
ಸರ್ವಾಧ್ಯಕ್ಷರು
ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಪರಿಷ್ಕರಣ ಸಮಿತಿ
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

©KTBS Not to be republished

# पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति

*सर्वाध्यक्ष :*

**प्रो. बरगूरु रामचंद्रप्पा,** अध्यक्ष, कर्नाटक राज्य पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति, बेंगलूरु.

*सहयोग :*

**श्री नरसिंहय्या,** प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु-560085

**श्रीमती. नागमणि,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

*अध्यक्ष:*

**डॉ. एम. विमला,** प्रोफेसर एवं अध्यक्षा, हिंदी विभाग, बेंगलूर विश्वविद्यालय, बेंगलूरु-560 056

*सदस्य :*

**डॉ. बी. एस. सुब्बलक्ष्मी,** हिंदी प्रवक्ता (अवकाश प्राप्त) 558, 7 'ए' मुख्य रास्ता, 'ए' सेक्टर, यलहंका न्यू टाऊन, बेंगलूरु - 560 064.

**डॉ. रागिनी. आर,** हिंदी अध्यापिका (स्वैच्छिक अवकाश प्राप्त) 738/4, सोप्पिनकोला स्ट्रीट, काशीपति अग्रहार, के.आर. मुहल्ला, मैसूरु - 24

**डॉ. सौम्या जटला,** हिंदी अध्यापिका, क्राईस्ट जूनियर कॉलेज, बेंगलूरु - 560 029.

**श्री. शशिधर सिंह,** हिंदी अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, हिरेहल्लि कोप्पलु, होलेनरसीपुर (ता), हासन (जिला) 573211.

**श्रीमती सी. एन. सुधा,** सरकारी हाईस्कूल, हुलिकुंटे, दोड्डबल्लापुर (ता) बेंगलूरु ग्रामांतर (जिला)

**श्री. जी. एच. मंजुनाथ,** सरकारी हाईस्कूल, कोलगी, शिकारीपुरा (ता) शिवमोग्गा (जिला)

*उन्नत परिशीलन समिति :*

**डॉ. काशीनाथ अंबलगे,** अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, गुलबर्गा विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**डॉ. के.ए. सेबास्टियन,** क्राइस्ट विश्वविद्यालय, होसूर रोड, बेंगलूरु

**डॉ. गणेश पवार,** कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**कलाकार:**

**श्री डी. एन. वेंकटेश,** सरकारी हाईस्कूल, उरमार केसलगेरे, मंड्या जिला.

*कार्यक्रम संयोजक :*

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

# अनुक्रमणिका



| क्र.सं. | पाठ | लेखक | पृ. सं |
|---|---|---|---|
| | सेतुबंध | | 1 |
| 1. | जय-जय भारत माता (कविता) | मैथिलीशरण गुप्त | 5 |
| 2. | गुलाब सिंह (कहानी) | सुभद्राकुमारी चौहान | 9 |
| 3. | स्वामी विवेकानंद (जीवनी) | डॉ. जगदीश चंद्र | 19 |
| 4. | अनुशासन ही शासन है (कविता) | डॉ. रमेश मिलन | 27 |
| 5. | मौसी (कहानी) | भीष्म साहनी | 32 |
| 6. | चेरापूँजी से आया हूँ (यात्रा वृत्तान्त) | प्रदीप पंत | 40 |
| 7. | पर्यावरण बचाओ (कविता) | परशुराम शुक्ल | 52 |
| 8. | भीम और राक्षस (एकांकी) | विष्णु प्रभाकर | 57 |
| 9. | नफ़े के चक्कर में (लोककथा) | संकलित | 71 |
| 10. | चलना हमारा काम है (कविता) | शिवमंगल सिंह 'सुमन' | 82 |
| 11. | खेलो-कूदो-स्वस्थ रहो (निबंध) | संकलित | 87 |
| 12. | सड़क की रक्षा-सबकी सुरक्षा (कहानी) | संकलित | 95 |
| 13. | साथी, हाथ बढ़ाना (कविता) | साहिर लुधियानवी | 106 |
| 14. | सौर ऊर्जा (लेख) | संकलित | 113 |
| 15. | वीरांगना चेन्नम्मा (व्यक्ति परिचय) | संकलित | 122 |
| 16. | पूर्वाक्षर का पूर्वाग्रह (व्यंग्य रचना) | पी.एस. रामानुजम | 131 |
| 17. | रहीम के दोहे (मध्यकालीन कविता) | रहीम | 141 |



Not to be republished ©KTBS

# सेतुबंध

**I. सदैव एकवचन में प्रयुक्त होने वाले कोई पाँच शब्द लिखिए।**

**II. पक्षियों के नाम हिंदी में लिखिए:**

1. ಪಾರಿವಾಳ 2. ಗುಬ್ಬಚ್ಚಿ 3. ಹದ್ದು 4. ಕೋಳಿ 5. ಕಾಗೆ

**III. संज्ञा के भेद बताइए।**

**IV. सर्वनाम को रेखांकित कीजिए:**

1. वे सुख-दुःख का अनुभव नहीं कर सकते।
2. मैं स्कूल जाता हूँ।
3. उन्होंने कॉर खरीदी।
4. तुम क्यों रो रही हो?
5. जो काम करता है सो फल पाता है।

**V. दूध से बननेवाले पाँच खाद्य पदार्थों का नाम लिखिए।**

**VI. अलग-अलग अर्थ देनेवाले वाक्य लिखिए:**

1. हार -
   हार -
2. पर -
   पर -
3. जान -
   जान -

©KTBS Not to be republished

## VII. प्रेरणार्थक क्रिया रूप लिखिए:

1. करना ____________ ____________
2. उठना ____________ ____________
3. चलना ____________ ____________
4. बनना ____________ ____________
5. लिखना ____________ ____________

## VIII. समानार्थक शब्द लिखिए:

1. अग्नि -
2. उत्तर -
3. कनक -
4. खग -
5. गुरु -
6. तारा -

## IX. दिन और महीनों का नाम हिंदी में लिखिए ।

## X. अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए:

1. सात - साथ
2. माता - माथा
3. बालू - भालू
4. दिन - दीन
5. कल - काल

©KTBS Not to be republished

## XI. मुहावरों का अर्थ लिखिए:

1. आग बबूला होना -
2. नौ दो ग्यारह होना -
3. राई का पहाड़ बनाना -
4. आम का आम गुठली का दाम -
5. आँखें दिखाना -

## XII. स्पष्ट कारण बताते हुए अपने अध्यापक के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए।

## XIII. हिंदी में अनुवाद कीजिए:

1. ನಾನು ಮಾರುಕಟ್ಟೆಗೆ ಹೋಗುತ್ತೇನೆ.
2. ಅವಳು ಹಾಡನ್ನು ಹಾಡುವಳು.
3. ರೀನಾ ಶಾಲೆಗೆ ಹೋದಳು.
4. ಮಕ್ಕಳು ಮೈದಾನದಲ್ಲಿ ಆಟವಾಡುತ್ತಿದ್ದಾರೆ.
5. ತಂದೆ-ತಾಯಿಯನ್ನು ನಾವು ಗೌರವಿಸಬೇಕು.

## XIV. संवाद को पूरा कीजिए:

1. वीणा डॉक्टर बनना चाहती है और मीनू अध्यापिका बनना चाहती है। दोनों के बीच यह संवाद हो रहा है:

मीनू - हाय वीणा ! कैसी हो?

वीणा - मैं ठीक हूँ, तुम बताओ।

मीनू - सुना है दिन-रात किताबों के पीछे हाथ धोकर पड़ी रहती हो।

©KTBS Not to be republished

वीणा - कहाँ पढ़ रही हूँ? पिताजी कहते हैं मेरा पढ़ना काफी नहीं है, ऐसे में मैं कुछ नहीं बन पाऊँगी?

मीनू - पिताजी ऐसा क्यों कहते हैं?

वीणा - क्योंकि मुझे डॉक्टर बनने की इच्छा है। तुम क्या बनना चाहती हो?

मीनू -

वीणा -

मीनू -

वीणा -

**XV. विहित और आकाश दोनों रेल की यात्रा कर रहे हैं। दोनों के परिवारों का परिचय देनेवाला संवाद लिखिए।**

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

©KTBS Not to be republished

# 1. जय-जय भारत माता

- मैथिलीशरण गुप्त

**आशय :**

**कवि इस कविता में भारत माता का गुणगान कर रहे हैं। कवि प्रार्थना कर रहे हैं कि इस देश के पावन आँगन में अंधेरा हटे और ज्ञान मिले। सब लोग मिलजुल कर भारत माता के यश की गाथा गाएँ।**

©KTBS Not to be republished

जय-जय भारत माता।
ऊँचा हिया हिमालय तेरा
उसमें कितना स्नेह भरा
दिल में अपने आग दबाकर
रखता हमको हरा-भरा,
सौ-सौ सोतों से बह-बहकर
है पानी फूटा आता,
जय-जय भारत माता।



कमल खिले तेरे पानी में
धरती पर हैं आम फले,
इस धानी आँचल में देखो
कितने सुंदर भाव पले,
भाई-भाई मिल रहें सदा ही
टूटे कभी न नाता,
जय-जय भारत माता।

तेरी लाल दिशा में ही माँ
चंद्र-सूर्य चिरकाल रहें,
तेरे पावन आँगन में
अंधकार हटे और ज्ञान मिले,
मिलजुल कर ही हम सब गाएँ
तेरे यश की गाथा,
जय-जय भारत माता।

*****

## कवि-परिचय

राष्ट्रकवि **मैथिलीशरण गुप्त जी** (1886-1964) का जन्म चिरगाँव, झाँसी जिला, उत्तर प्रदेश में हुआ। इनके पिता श्री सेठ रामचरण भी ब्रजभाषा के कवि थे। आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी जी आपके साहित्यिक गुरु थे। आपने प्रबंध काव्यों तथा खंड काव्यों की रचना की है। खड़ीबोली के विकास में गुप्त जी का योगदान अनन्यतम है। साहित्यिक सेवा के सम्मानार्थ सन् 1961 ई. में उन्हें 'पद्म भूषण' उपाधि मिली थी। 'साकेत' महाकाव्य पर आपको 'गंगा प्रसाद पारितोषिक' मिला था। आप राज्यसभा के मनोनीत सदस्य रहे।

पंचवटी, जयद्रथ वध, रंग में भंग, भारत-भारती, अनघ, नहुष आदि आप की महत्वपूर्ण कृतियाँ हैं। आपकी भाषा सरल-सरस और शैली रोचक है।

**शब्दार्थ :**

हिया - हृदय , छाती - वक्षस्थल, सीना ; सोत - स्रोत, मूल ; आँचल - दामन, पल्ला, छोर ; नाता - संबंध, रिश्ता ; यश - कीर्ति ; गाथा - कथा, धानी - हल्का हरा रंग, मनोनीत - चुना हुआ, नामांकित।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1) 'जय-जय भारत माता' कविता के कवि कौन हैं ?
2) गुप्त जी को कौन-सी उपाधि मिली है ?
3) कवि किस देवी की वंदना कर रहे हैं ?

©KTBS Not to be republished

4) हिमालय रूपी हृदय में क्या भरा है ?

5) पानी कैसे फूटा आता है ?

6) पानी में क्या खिले हैं ?

7) सुंदर भाव कहाँ पले हैं ?

**II. दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1) हिमालय के बारे में कवि की भावना क्या है ?

2) "दिल में आग दबाकर" का मतलब क्या है ?

3) कवि ऊँचा हिया क्यों कहते हैं ?

4) हमें मिलजुलकर कौन-सा गीत गाना चाहिए ?

**III. खाली स्थान भरिए :**

1) भारत का हिया ____________ है।

2) दिल में ____________ दबाकर रखता हमको ____________।

3) ____________ चिरकाल रहें।

**IV. नमूने के अनुसार तुकांत शब्द लिखिए:**

**उदा : स्नेह-भरा - हरा-भरा**

1) आता - ____________

2) पले - ____________

3) नाता - ____________

**V. कविता में 'बह-बहकर पानी आता' का प्रयोग हुआ है। उसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

(गिर-गिरकर, मिट-मिटकर, सुन-सुनकर, देख-देखकर)

1) बालक ____________ सीखता है।

2) भाषा ____________ बोली जाती है।

© KTBS Not to be republished

3) मेघ _____________ बरसते हैं।

4) बच्चा _____________ चलता है।

**VI. इस कविता की प्रथम आठ पंक्तियों को कंठस्थ कीजिए।**

**VII. अनुरूपता:**

1) सागर : विशाल :: हिमालय : _____________

2) अंधकार : अंधेरा :: पवित्र : _____________

3) आम : धरती :: कमल : _____________

4) सूर्य : सूरज :: चंद्र : _____________

**पाठ से आगे-**

1) देश-भक्ति से जुड़ी किन्हीं दो कविताओं को सुंदर अक्षरों में चार्ट पर लिखिए। उसे अपनी कक्षा में लगाइए और गाइए ।

2) 'वीर ज़ारा' सिनेमा का यह गीत मिलकर कक्षा में गाइए ।

धरती सुनहरी, अंबर नीला, हर मौसम रंगीला ऐसा देश है मेरा।
बोले पपीहा, कोयल गाए, सावन घिर आए ऐसा देश है मेरा।
भोले-भोले बच्चे हैं जैसे गुड्डे गुड़िया जिन्हें रोज़ सुनाएँ दादी-नानी एक परियों की कहानी ........ ऐसा देश है मेरा।।

**अध्यापन संकेत :**

हिमालय पर्वत भारत माता की चोटी पर है। वह हमारी पहरेदारी करता है। इस कविता को पढ़ाते समय हिमालय पर्वत की जानकारी अवश्य दें।

©KTBS Not to be republished

# 2. गुलाब सिंह

**- सुभद्राकुमारी चौहान**

**आशय :**

**इस कहानी के द्‌वारा देशभक्ति, त्याग, बलिदान, भाई-बहन का प्रेम, प्रजा की जिम्मेदारियाँ, कर्तव्य आदि का चित्रण किया गया है। इस पाठ में 'झंडा' स्वतंत्रता के संकेत के रूप में दिखाया गया है।**

दिन और तारीख की ज़रूरत नहीं। जब हम अमर अंत की कहानी कहनेवाले हैं तब एक दिन और एक तारीख को पकड़कर क्यों चलें?

उसके घर में पिता थे, माँ थी और एक गुड़िया-सी बहन थी। गुलाब सिंह सारे घर का दुलारा था।



एक दिन की बात है। वह बीमार पड़ा। माँ ने उसका खाना बिल्कुल बंद कर दिया था। पर उसका बार-बार कुछ खाने को माँगना, छोटी बहन से न सहा गया। वह चुपके से गुड़ और चने चुरा लाई और खिला दिए अपने भैया

© KTBS Not to be republished

को। उसके बाद भैया का बुखार बढ़ गया पर वह तो खिला ही चुकी थी। अपने भाई के संतोष के लिए वह माँ-बाप का गुस्सा भी सहने को तैयार थी। पर भाई ने गुड़-चने की बात किसी को न बताई। धीरे-धीरे रोग उतर गया पर भाई के मन पर बहन के प्रेम की छाप पड़ गई।

ऐसी एक नहीं, अनेक बातें – बहन की, माँ की, पिता की, उसके मन पर छपीं थीं। वह कभी उनसे लड़ता-झगड़ता भी, पर आँखों के आँसू और मन के रंग, उसके मन पर छपी इन तस्वीरों को धो न सके।

एक दिन ऐसी हवा बही कि मुरझाए हुए दिलों में नई जान आ गई। यह हवा उमंगों की हवा थी। बड़ा भारी जुलूस निकलना था। पर बादशाह का हुक्म था कि जुलूस न निकले। शहर में आतंक छा गया।

"बड़ा आया बादशाह ! क्यों न निकले जुलूस? क्यों न निकले हमारा झंडा !" भाई ने बहन से कहा।

बहन बोली, "कौन है यह बादशाह ?"

भैया ने कहा, "ऊँह, होगा कोई !"

बहन ने पूछा, "क्यों न निकले जुलूस? क्यों न निकले झंडा?"

भाई कटु स्वर में बोला, "हमारा देश बादशाह का गुलाम जो है।"

उत्तर था – तब तो ज़रूर निकले जुलूस! हम ज़रूर फहराएँगे अपना झंडा! देखते हैं कौन रोकता है हमें !

झंडे की तैयारी होने लगी। बहन ने अपनी पुरानी ओढ़नी फाड़कर झंडा बना लिया। लाल-हरा रंग भी चढ़ गया। भाई ने उसे अपने खेलने के डंडे से बाँध लिया। झंडा तैयार था।

©KTBS Not to be republished



अब भाई झंडा लेकर चला। "अरे भाई ! जाते कहाँ हो ? हम भी साथ चलेंगे," बहन आग्रह से बोली।

"पर बहन, बड़ी दूर जाना है। तुम थक जाओगी।"

"नहीं भैया !"

"नहीं बहन !"

"जुलूस कौन बनाएगा? तुम झंडा उठाना, हम जुलूस बनाकर चलेंगे पीछे-पीछे।"

"नहीं रानी, तुम जुलूस नहीं..., तुम एक काम करो। हमें रोली का तिलक लगाकर विदा करो जैसे राजकुमारी अपने भाई राजकुमार को विदा करती है।"

बहन ने खुशी की किलकारी के साथ ताली बजाई और दौड़कर, थोड़ी-सी रोली, थोड़े-से चावल सजा लाई। थाली में एक दीया भी जल रहा था। भाई की आरती उतारनी थी। मुँह के चारों तरफ़ घूमती थाली एक आभामंडल बनाने लगी। उसने देवी-देवताओं के चित्रों में भी वैसा ही आभामंडल देखा था। भाई के चारों तरफ़ वैसा ही आभामंडल देखकर वह बहुत खुश हुई।

बहन ने भाई के माथे पर तिलक लगाया, चावल बिखराए। तब भाई ने बहन के पैर छुए और विदा ली। बहन ने भाई के सिर पर हाथ फेरा और बलैयाँ लीं।

Not to be republished ©KTBS

अब वह झंडा लेकर चला। बहन दरवाज़े पर खड़ी देखती रह गई। कहानियों की राजकुमारी इसी तरह विदा देती है। वह झंडे को लहराते हुए ले जाते भाई को दूर तक देखती रही।

कुछ दूर जाने पर बादशाह के सिपाहियों ने झंडेवाले को रोका। वह न रुका। बादशाह के सिपाहियों ने गोली चला दी। वह गिरा। झंडा न गिरा। वह उसके हाथ में था। गोली चलते देख कोई उसके पास न आया। बहन ने भाई को गिरते देखा, वह दौड़ पड़ी। भाई खून से लथपथ पड़ा था। वह पुकारती रही, ''भैया ! भैया !''

भाई के प्राण मानो यह अमृतवाणी सुनकर लौट पड़े। वह बोला, ''तू आ गई, यह झंडा ले।''

बहन ने झंडा थाम लिया। भाई चला गया। बहुत रोई, पर झंडा हाथ में उठाए रही। बादशाह के सिपाही मानों गढ़ जीतकर चले गए। लोग भागे आए। उन्होंने भाई की देह उठाई। आगे-आगे झंडा लिए बहन चलने लगी।

बादशाह का हुक्म था – 'जुलूस नहीं निकलेगा'। जुलूस निकला। 'झंडा नहीं निकलेगा'। झंडा निकला और बड़ी शान से निकला।

यह बालक था – गुलाब सिंह जो अपनी सुगंध बिखेरकर चला गया।

*****

## लेखिका परिचय

**सुभद्राकुमारी चौहान** (1904-1948) का जन्म प्रयाग, यू.पी. में हुआ था। बाल्यकाल से साहित्य में इनकी विशेष रुचि थी। प्रथम काव्य रचना 15 वर्ष की आयु में ही की थी। राष्ट्रीय आंदोलन में आप भाग लेती रहीं। आप कई बार जेल गयी थीं। साहित्य और राजनीतिक जीवन में समान रूप से भाग ले कर, जीवन के अंत तक देश की सेवा करती रहीं।

आप की रचनाओं में देश-प्रेम, भारतीय इतिहास तथा संस्कृति की छाप देख सकते हैं। ''झाँसी की रानी'' इनकी प्रसिद्ध कविता है। कविताओं के संकलन ''त्रिधारा' व 'मुकुल' नाम से प्रकाशित हुए हैं।

©KTBS Not to be republished

आप की कहानियाँ सरल शैली, मधुरतम भावनाओं, आदर्श और यथार्थ के मर्मस्पर्शी संघर्षों पर आधारित हैं। आप की कहानियों पर हिंदी साहित्य सम्मेलन की ओर से दो बार 'सेक्सरिया पुरस्कार' मिला था। आपकी कहानियों के संग्रहों के नाम हैं - 'बिखरे मोती' तथा 'उन्मादिनी'।

**शब्दार्थ :**

छाप – असर, प्रभाव ; दुलारा – लाड़ला , बुखार – ज्वर , तस्वीर – चित्र , जुलूस – जनयात्रा , बादशाह – राजा , हुक्म – आदेश, आज्ञा ; रोली – तिलक लगाने की लाल बुकनी, चूर्ण; आभामंडल – कांति का घेरा , बलैया लेना - किसी के कल्याण की कामना करना, बिखेरना – इधर-उधर फैलाना , लथपथ – भीगा हुआ, सना हुआ ; थाम – पकड़ , शान – ठाट-बाट , प्रतिष्ठा; सुगंध – सुवास, खुशबू।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. किस कारण से बालक का खाना बंद कर दिया गया ?
2. बहन ने भाई को क्या खिला दिया ?
3. शहर में क्यों आतंक छा गया ?
4. थाली में क्या जल रहा था ?
5. झंड़ा किससे बना ?
6. बहन ने क्या थाम लिया ?

**II. दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. भाई को बहन कैसे विदा करती है ?
2. भाई को गिरते देखकर बहन ने क्या किया ?

©KTBS Not to be republished

## III. जोड़िए :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बालक सारे घर का | तुम थक जाओगी। |
| 2. | भाई खून से | दुलारा था। |
| 3. | बड़ी दूर जाना है | लथपथ पड़ा था। |

## IV. वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

जुलूस, आभामंड़ल, आतंक, हुक्म

## V. संज्ञा, सर्वनाम शब्दों को अलग-अलग लिखिए:

जूलूस, वह, माँ, बादशाह, गुलाबसिंह

बहन, उसे, भैया, अपने, इन, झंडा

सिपाही, लोग, उन्होंने, गोली, खून

## VI. विशेषण शब्द छाँटकर अलग लिखिए:

1. काला कुत्ता भौंक रहा है। ___________
2. तोता हरे रंग का है। ___________
3. वह पीला पपीता खा रहा है। ___________
4. सुंदर लड़की खूब गाती है। ___________

## VII. अनुरूपता :

1. त्रिधारा : कविता :: बिखरेमोती : ___________
2. रानी : राजा :: बेगम : ___________
3. अंगूर : फल :: गुलाब : ___________
4. दीया : दीप :: पताका : ___________

## VIII. अन्य लिंग शब्द लिखिए:

1. बादशाह - ___________
2. राजा - ___________
3. पिता - ___________

©KTBS Not to be republished

4. लेखक - __________

5. देवी - __________

6. बहन - __________

## IX. अन्य वचन रूप लिखिए:

1. झंड़ा - __________

2. दरवाजा - __________

3. ओढ़नी - __________

4. कहानी - __________

4. डंडा - __________

5. थाली - __________

## X. समानार्थक शब्द लिखिए :

1. समीप

2. खून

3. झंडा

4. संतोष

©KTBS Not to be republished

**XI. उचित शब्द से खाली स्थान भरिए :**

1. बड़ा भारी जुलूस ____________ था। (निकालना, निकलना)
2. वह सारे घर का दुलारा ____________। (था, थी)
3. झंडे की तैयारी होने ____________। (लगा, लगी)
4. लोग भागे ____________। (आया, आए)

**XII. खाली जगह भरिए :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. मिलना | मिलाना | ____________ |
| 2. देखना | ____________ | दिखवाना |
| 3. खाना | ____________ | खिलवाना |
| 4. ____________ | बिठाना | ____________ |
| 5. घूमना | घुमाना | ____________ |

**XIII. नये शब्द बनाकर लिखिए:**

अन
बे
सु

**जान**

**इसी प्रकार 'अन', 'बे', 'सु' को जोड़कर अन्य पाँच-पाँच नये शब्द लिखिए:**

**उदा : अनागरिक**

1.
2.
3.
4.
5.

©KTBS Not to be republished

## कारक :

संज्ञा या सर्वनाम के उस रूप को 'कारक' कहते हैं, जिससे उसका संबंध वाक्य के अन्य शब्दों, विशेषतः क्रिया के साथ प्रकट होता है। वास्तव में 'कारक' विभक्ति चिह्नों से युक्त संज्ञा या सर्वनाम होते हैं।

| | विभक्तियाँ (चिह्न) | कारक |
|---|---|---|
| 1. | ने | कर्ता कारक |
| 2. | को | कर्म कारक |
| 3. | से, के साथ, के द्वारा | करण कारक |
| 4. | को, के लिए | संप्रदान कारक |
| 5. | से, (अलग होना) | अपादान कारक |
| 6. | का, के, की | संबंध कारक |
| 7. | में, पर | अधिकरण कारक |
| 8. | हे! अरे! | संबोधन कारक |

### संज्ञा शब्द का कारक रूप :

| | शब्द | विभक्ति प्रत्यय | कारक शब्द | कारक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गुलाब सिंह | ने | गुलाब सिंह ने | कर्ता कारक |
| 2. | गुलाब सिंह | को | गुलाब सिंह को | कर्म कारक |
| 3. | गुलाब सिंह | से, के द्वारा | गुलाब सिंह से | करण कारक |
| 4. | गुलाब सिंह | को, के लिए | गुलाब सिंह के लिए | संप्रदान कारक |
| 5. | गुलाब सिंह | से | गुलाब सिंह के द्वारा | अपादान कारक |
| 6. | गुलाब सिंह | का/के/की | गुलाब सिंह का | |
| | | | गुलाब सिंह के | संबंधकारक |
| | | | गुलाब सिंह की | |

©KTBS Not to be republished

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7. | गुलाब सिंह | में/पर | गुलाब सिंह में<br>गुलाब सिंह पर | अधिकरण कारक |
| 8. | गुलाब सिंह | हे!/अरे! | हे गुलाब सिंह! | संबोधन कारक |

## सर्वनाम शब्द का कारक रूप :

| | **शब्द + विभक्ति प्रत्यय** | | **= कारक शब्द** | | **कारक का नाम** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हम + ने | = | हमने | - | कर्ता कारक |
| 2. | हम + को | = | हमको | - | कर्म कारक |
| 3. | हम + से के द्वारा | = | हमसे / हमारे द्‌वारा | - | करण कारक |
| 4. | हम + को/के लिए | = | हमको/हमारे लिए | - | संप्रदान कारक |
| 5. | हम + से | = | हमसे | - | अपादान कारक |
| 6. | हम + का/के/की | = | हमारा/हमारे/हमारी | - | संबंध कारक |
| 7. | हम + में/पर | = | हममें/हम पर | - | अधिकरण कारक |

**I. खाली जगह भरिए :**

**उदा: 1. बहन + ने = बहन ने कर्ता कारक**

2. ____________ + की = बहन की ____________
3. हम + ____________ = हमारे लिए ____________
4. हम + का = ____________ ____________
5. ____________ + का = तुम्हारा ____________
6. तुम + से = ____________ ____________

> **अध्यापन संकेत :** छात्रों को भारत देश की स्वतंत्रता के लिए शहीद हुए देशभक्तों का परिचय कराएँ।

©KTBS Not to be republished

# 3. स्वामी विवेकानंद

**- डॉ. जगदीश चंद्र**

**आशय :**

**भारत देश में जन्मे अनेक महान् व्यक्तियों ने भारत की कीर्ति विदेशों में फैलायी। ऐसे व्यक्तियों में से एक हैं स्वामी विवेकानंद। इस पाठ में उनकी महानता के परिचय के साथ देशप्रेम की प्रेरणा भी प्राप्त कर सकते हैं।**

भारत के इतिहास में स्वामी विवेकानंद का नाम अमर है। इस वीर सन्यासी ने देश-विदेश में भ्रमण कर भारतीय धर्म और दर्शन का प्रसार किया तथा समाज-सेवा का नया मार्ग दिखाया।

स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ते के एक कायस्थ घराने में हुआ था। उनके बचपन का नाम नरेंद्र देव था। उनके पिता श्री विश्वनाथ दत्त एक प्रतिष्ठित वकील थे। उनकी माता श्रीमती भुवनेश्वरी देवी धर्मपरायण महिला थीं।

बालक नरेंद्र का शरीर स्वस्थ, सुड़ौल और सुंदर था। कुश्ती लड़ने, दौड़ लगाने, घुड़सवारी करने और तैरने में उन्हें बड़ा आनंद मिलता था। वे संगीत एवं खेल-कूद की प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया करते थे।

नरेंद्र आरंभ से ही पढ़ाई-लिखाई में बड़े तेज थे। वे अपने स्कूल में सर्वप्रथम रहा करते थे। एन्ट्रन्स परीक्षा में भी वे प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए थे। बी.ए. की परीक्षा पास करने के बाद उन्होंने कानून का अध्ययन प्रारंभ किया। इसी बीच में उनके पिता का देहांत हो गया।

अध्ययन काल में उनकी रुचि व्याख्यान देने और विचारों के आदान-प्रदान करने में थी। इसी कारण उन्होंने अपने कॉलेज में एक व्याख्यान-समिति बनाई थी और कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया था। पाश्चात्य विज्ञान

©KTBS Not to be republished

तथा दर्शन का भी उन्होंने अध्ययन किया था। किशोरावस्था से ही नरेंद्र दार्शनिक एवं धार्मिक विचारों में तल्लीन रहते थे। एक दिन नरेंद्र रामकृष्ण परमहंस के पास पहुँचे और अपनी जिज्ञासा उन्हें कह सुनाई। रामकृष्ण परमहंस ने नरेंद्र को अपना शिष्य स्वीकार किया।



स्वामी परमहंस के जीवन-दर्शन से विवेकानंद इतने प्रभावित हुए थे कि उन्होंने अपने गुरु के संदेश का प्रसार करना चाहा। जनता को सत्य की राह दिखाने के लिए सितंबर सन् 1893 को वे संयुक्त राज्य अमरीका गये। उस समय वहाँ शिकागो नगर में सर्वधर्म सम्मेलन हो रहा था। इस महासभा में विवेकानंद ने भारतीय धर्म और तत्वज्ञान पर भाषण दिया। उनका भाषण बड़ा गंभीर एवं हृदयस्पर्शी था। उनकी वाणी सुनकर श्रोतागण मुग्ध हो गये। कुछ समय तक वे अमरीका में ही रहे और अपने भाषणों द्वारा लोगों को त्याग और संयम का पाठ पढ़ाया। इसके बाद वे इंग्लैंड और स्विट्जरलैंड भी गये और वहाँ उन्होंने सत्य और धर्म का प्रसार कर भारत के गौरव को बढ़ाया। अनेक विदेशी स्वामीजी के शिष्य बन गये। उनमें से कुमारी मार्गरिट एलिज़बेथ का नाम उल्लेखनीय है, जो स्वामीजी की अनुयायिनी बनकर सिस्टर निवेदिता के नाम से संसार में प्रसिद्ध हुई।

स्वामी विवेकानंद ने भारत में भी भ्रमण करके भारतीय संस्कृति और सभ्यता का सदुपदेश दिया। उन्होंने अंधविश्वासों तथा रूढ़ियों को हटाकर धर्म का वास्तविक मर्म समझाया। साधु-सन्यासी वर्ग को भी उन्होंने शांति प्राप्त करने का नया मार्ग जताया। वह था दीन-दुखी जनों की सेवा और सहायता का मार्ग।

© KTBS Not to be republished

स्वामी विवेकानंद ने समाज सेवा को परमात्मा की सच्ची सेवा बतलाया। वे स्वयं भी समाज सेवा में लग जाते थे। सन् 1897 में प्लेग और अकाल से पीड़ित भारतवासियों की उन्होंने बड़ी तन्मयता से सेवा की थी। समर्थ लोगों को उन्होंने गरीबों की दशा सुधारने का संदेश दिया। इसी ध्येय से उन्होंने कलकत्ते में 'रामकृष्ण मिशन' की स्थापना की।



स्वामीजी ने अज्ञान, अशिक्षा, विदेशी अनुकरण, दास्य मनोभाव आदि के बुरे प्रभावों का बोध कराया। उन्होंने अपने भाषणों द्वारा जनता के मन से हीनता की भावना को दूर भगाने का प्रामाणिक प्रयत्न किया। अपने एक भाषण में उन्होंने कहा था- 'प्यारे देशवासियो। वीर बनो और ललकार कर कहो कि मैं भारतीय हूँ। अनपढ़ भारतीय, निर्धन भारतीय, ऊँची जाति का भारतीय, नीच जाति का भारतीय-सब मेरे भाई हैं। उनकी प्रतिष्ठा मेरी प्रतिष्ठा है। उनका गौरव मेरा गौरव है।''

4 जुलाई सन् 1902 को स्वामी विवेकानंद परलोक सिधारे। लेकिन आज भी उनके कार्य और संदेश अमर हैं।

*****

## लेखक परिचय

इस पाठ के लेखक डॉ. जगदीश चंद्र हैं। इन्होंने भारत के किशोर बालक-बालिकाओं के समक्ष आदर्श प्रस्तुत करने के लिए अनेक महापुरुषों की जीवनियाँ लिखी हैं।

**शब्दार्थ :**

घराना-कुल, भ्रमण करना - घूमना, प्रतिष्ठित -प्रसिद्ध , धर्म परायण - धर्म का पालन करनेवाला , सुड़ौल - सुंदर आकारवाला , रुचि - आसक्ति , व्याख्यान - भाषण, आदान-पदान - लेना-देना , जिज्ञासा-जानने की इच्छा,

©KTBS Not to be republished

तत्वज्ञान-ब्रह्मज्ञान, श्रोतागण-सुननेवालों का समूह, मुग्ध -मोहित, मर्म-भेद, रहस्य; जताना-बताना, ललकार-चुनौती, चैलेंज; परलोक सिधारना-मरना, देहांत होना।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. विवेकानंद के बचपन का नाम क्या है?
2. विवेकानंद का जन्म कब हुआ था?
3. नरेंद्र पढ़ने में कैसे थे?
4. विवेकानंद के गुरु कौन थे?
5. विवेकानंद अमरीका कब गये?
6. विवेकानंद की अनुयायिनी कौन थी?
7. विवेकानंद का देहांत कब हुआ?

**II. दो - तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. विवेकानंद ने कौन-सा व्रत लिया?
2. विवेकानंद के माता-पिता का नाम क्या है?
3. विवेकानंद की रुचि किन-किन विषयों में थी?
4. विवेकानंद ने भारतवासियों को क्या उपदेश दिया?
5. विवेकानंद ने किन-किन देशों की यात्रा की?
6. विवेकानंद ने जनता को ललकार कर क्या कहने को कहा?

©KTBS Not to be republished

**III. अन्य वचन रूप लिखिए:**

1. रूढ़ी -
2. व्याख्या -
3. सेवा -
4. आज्ञा -
5. उपाधि -
6. शाखा -

**IV. अन्य लिंग रूप लिखिए:**

1. माता -
2. घोड़ा -
3. स्वामी -
4. अनुयायी -
5. बालक -
6. शिष्य -

**V. विलोम शब्द लिखिए:**

1. गौरव x
2. दुख x
3. सत्य x
4. धर्म x
5. स्वदेश x
6. समर्थ x
7. सबल x
8. ज्ञान x

©KTBS Not to be republished

## VI. जोड़कर लिखिए:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भुवनेश्वरी देवी | धर्म का मर्म समझाया। |
| 2. | रामकृष्ण मिशन की स्थापना | धर्मपरायण महिला थीं। |
| 3. | विवेकानंद का जन्म | स्वामी विवेकानंद ने की। |
| 4. | अंधविश्वास को हटाकर | कलकत्ते में हुआ। |

## VII. वाक्य में प्रयोग कीजिए:

1. घुड़सवारी
2. हृदयस्पर्शी
3. अंधविश्वास
4. अकाल
5. जिज्ञासा

## VIII. वाक्य शुद्ध कीजिए:

1. विवेकानंद ने प्रयत्नशील रही।
2. उनकी भाषण गंभीर थी।
3. स्वामीजी कोशिश कि।
4. कुमारी मार्गरेट स्वामीजी का अनुयायी बन गया।
5. उन्होंने गरीबों के दशा सुधारने के संदेश दिया।

## IX. तालिका के आधार पर पाँच वाक्य बनाइए:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| यह<br>ये | महेश | का<br>के<br>की | गुरुजी<br>भाई<br>बहन<br>मकान | है।<br><br>हैं। |

**उदा : यह महेश का भाई है।**

©KTBS Not to be republished

**X. रिक्त स्थान भरकर सार्थक शब्द बनाइए:**

**उदा :**

| | | |
|---|---|---|
| | **वि** | |
| **स** | | **रा** |
| | **क** | |

| | | |
|---|---|---|
| | **वि** | |
| **स** | **वे** | **रा** |
| | **क** | |

1.

| | | |
|---|---|---|
| | उ | |
| अ | | र |
| | धि | |

2.

| | | |
|---|---|---|
| | स | |
| अ | | त |
| | ति | |

3.

| | | |
|---|---|---|
| | आ | |
| प्र | | न |
| | त | |

4.

| | | |
|---|---|---|
| | धा | |
| का | | क |
| | क | |

5.

| | | |
|---|---|---|
| | भा | |
| नि | | त |
| | त | |

**XI. दिये गये शब्दों में निहित चार नये शब्द ढूँढ़कर लिखिए:**

**उदा : धर्मपरायण धर्म राय पण धरा**

1. घुड़सवारी ________ ________ ________ ________
2. परमहंस ________ ________ ________ ________
3. अंधविश्वास ________ ________ ________ ________
4. भारतवासी ________ ________ ________ ________
5. विवेकानंद ________ ________ ________ ________

**XII. सही कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए:**

1. नदी ___________ तट पर आम का पेड़ है। (की/के)
2. रेलगाड़ी ___________ इंजन से धुंआ निकलता है। (के/का)
3. जानवरों ___________ दया करनी चाहिए। ( में/पर)
4. जवान और बूढ़ों ___________ अंतर होता है। (से/में)
5. धूप ___________ पत्ते सूख गये। (को/से)

©KTBS Not to be republished

## XIII. अनुरूपता:

1. रामकृष्ण परमहंस : शारदादेवी :: विश्वनाथ दत्त : __________
2. 1863 : विवेकानंद का जन्म :: 1893 : ________________
3. विवेकानंद : नरेंद्र :: सिस्टर निवेदिता : __________
4. शिकागो : अमरीका :: कलकत्ता : __________

**अध्यापन संकेत :**


हमारे देश के कुछ महान् व्यक्तियों का परिचय प्राप्त करने के लिए छात्रों से कहें तथा उनके आदर्शों को अपनाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें। जैसे डॉ.बी.आर. अम्बेडकर, महात्मा गाँधी, बाल गंगाधर तिलक आदि।

©KTBS Not to be republished

# 4. अनुशासन ही शासन है

**- डॉ. रमेश मिलन**

**आशय :**
**"लाल, हरी, पीली बत्ती, ये ट्रैफिक के संकेत - चलो हरी पर, रुको लाल पर, पीली करे सचेत, सड़क पार ज़ीबरा क्रासिंग पर।" इस पद्य के द्वारा विद्यार्थियों को सड़क पार करते समय ध्यान रखने की बातें सिखायी जा सकती है।**



चलती बस में चढ़ो नहीं तुम, और कभी मत कूदो
कभी सड़क पर जाकर बच्चो, नहीं खेलने लगना
साइकिल पर हो या हो पैदल, कभी न बेढ़ब चलना....

न जाने क्यों हेलमेट बिन, समझदार ये चलते
सिर तो आखिर अपना ही है, इतना नहीं समझते
घर पर जोहते बाट, न दो उनको गम की सौगात .....

दुर्घटना हो जाय सड़क पर, कभी न आँख चुराओ
करो मदद घायल की, फौरन अस्पताल पहुँचाओ
जीवन है अनमोल, कोई न होने पाये अनाथ ......

जगह-जगह पर चौराहों पर, जो संकेत दिए हैं
उनका पालन करने वाले, सबके प्रिय रहे हैं
जीओ और जीने दो का, वे पाल रहे सिद्धान्त।

*****

## कवि परिचय

डॉ. रमेश मिलन हिंदी के सुप्रसिद्ध बाल साहित्यकार हैं। उनका जन्म 7 जुलाई 1946 को ग्राम माँचड़, जिला बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश में हुआ। उन्होंने हिंदी एवं राजनीति शास्त्र में एम.ए. किया है। उनकी हास्य-व्यंग्य नाटिका 'बात इतनी सी है' का दूरदर्शन में धारावाहिक के रूप में प्रसारण हुआ है। उनका कविता संग्रह 'सोने की मछली' एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा पुरस्कृत है। उनकी अन्य

©KTBS Not to be republished

प्रमुख रचनाएँ हैं मेहनत की महक, थिरकते पंक (कहानियाँ), सरस गीत विज्ञान के (ज्ञान), एक चमन के फूल (उपन्यास) आदि। प्रस्तुत कविता उनके कविता - संग्रह 'कोकिल कंठ सलोने गीत' से ली गई है।

**शब्दार्थ :**

बेढ़ब-अंधा धुंध, बाट जोहना - प्रतीक्षा करना, गम-दुख, शोक; सौगात - तोहफा, उपहार, भेंट ; आँख चुराना - सामने न आना, फौरन-तुरंत, जल्दी ; अनमोल - अमूल्य, चौराह - जहाँ चार रास्ते मिलते हों।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. बच्चों को सड़क पर जाकर क्या नहीं करना है?
2. हेलमेट के बिना कौन चलते हैं?
3. बाट जोहने वालों को क्या नहीं देना चाहिए?
4. घायल को फौरन कहाँ पहुँचाना चाहिए?
5. क्या अनमोल है?
6. चौराहों पर क्या दिए गए हैं?

**II. दो - तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. चौराहों पर दिए गए संकेतों को विस्तार से बताइए।
2. दुर्घटना से बचने के कोई दो उपाय लिखिए।

**III. अन्य वचन रूप लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. सड़क | - | 4. दुर्घटनाएँ | - |
| 2. साइकिल | - | 5. चौराहें | - |
| 3. बच्चा | - | 6. सिद्धांत | - |

©KTBS Not to be republished

**IV. उदाहरण के अनुसार लिखिए:**

1. खेल - खेलना
2. लग - ________
3. चल - ________
4. रुक - ________
5. चुरा - ________
6. पहुँच - ________

**V. सड़क पर चलते समय सबको अनेक नियमों का पालन करना पड़ता है। इसी तरह के किन्हीं पाँच ऐसे नियमों को लिखिए जिन्हें आप अपने स्कूल में पालन करते हैं।**

**जैसे : समय पर स्कूल पहुँचना।**

1. ______________________________
2. ______________________________
3. ______________________________
4. ______________________________
5. ______________________________

**VI. अनुरूपता:**

1. चलती बस में : चढ़ो नहीं तुम :: सड़क पर जाकर : ________
2. करो मदद : घायल की :: पालन करो : ________

©KTBS Not to be republished

3. लालरंग : रुकना :: हरा रंग : ___________


4. चार पथ : चतुष्पथ :: चार राह : ___________

## VII. सही (✓) और गलत (×) चिह्न लगाइए:

1. सड़क पर चलते समय खेलना है। (   )
2. समझदार हेलमेट पहनकर वाहन चलाते हैं। (   )
3. घर पर इन्तज़ार करने वालों को गम का सौगात देना है। (   )
4. दुर्घटना होने पर न आँख चुराना है। (   )
5. घायल की मदद नहीं करनी चाहिए। (   )
6. हमें चलती बस में चढ़ना नहीं चाहिए। (   )

## VIII. उत्तर लिखकर उचित रंग भरिए:

1. लाल बत्ती जलने पर क्या करना चाहिए?
2. पीली बत्ती क्या बताती है?
3. हरी बत्ती देखने पर क्या करना चाहिए?
4. सड़क का रंग कौन-सा होता है?




©KTBS Not to be republished

## IX. नारों की स्पर्धा :

**उदा :** 1. सुरक्षा जीवन का
अर्थ है,
सुरक्षा के बिन
सब व्यर्थ है।

2. मत करो इतनी मस्ती,
जिन्दगी नहीं है सस्ती।

**उदाहरणों के अनुसार तीन नारे लिखकर कक्षा में प्रस्तुत कीजिए।**

**अध्यापन संकेत :**

1. कार्ड बोर्ड पर सड़क का चित्र बनाकर विभिन्न संकेतों का प्रदर्शन करवाएँ।
2. ट्रैफिक पुलिस की भूमिका में यातायात संबंधी नियमों का मूक अभिनय करवाएँ।

©KTBS Not to be republished

# 5. मौसी

**- भीष्म साहनी**

**(संकलित अंश)**

**आशय :**

**प्रस्तुत पाठ में मौसी के निःस्वार्थ सेवा मनोभाव का चित्रण है। इस कहानी से बच्चों को परोपकार, बड़े-बुजुर्गों के प्रति आदर और असहायकों की मदद करने की प्रेरणा मिलती है।**

उस औरत को सभी मौसी कहकर पुकारते थे, बच्चे भी और बड़ी उम्र के लोग भी। मौसी सबको माँ के जैसे प्यारी बनी थी। सबके सुख-दुःख के समय में साथ देती थी। बच्चों के लिए तो वह सेवा की मूर्ति बनी थी।



प्रतिदिन दोपहर होते-होते मौसी स्कूल के फाटक पर पहुँच जाती थी। जैसे ही छुट्टी की घंटी बजती वैसे ही बच्चे भागते हुए बाहर निकलते और मौसी के कंधों पर अपने-अपने बस्ता डाल देते। मोहल्ले के सभी बच्चे उसे घेरे रहते थे।

दोपहर ढलने पर मौसी नीम के पेड़ तले जा पहुँचती, जहाँ सभी बच्चे खेला करते थे। मौसी को बच्चों के साथ खेलना, उन्हें कहानियाँ, चुटकुले और पहेलियाँ सुनाना बहुत पसंद था। वह तोता-तोती की कहानी, काठ के घोड़े की कहानी, वीरोचित कहानी आदि सुनाती थी।

मौसी बच्चों को खिलाने के लिए अपने पास चने, टिकिया, मूँग-फली आदि कुछ न कुछ रखती थी। वह बच्चों से अपने बेटे-बेटियों जैसी प्यार करती थी।

© KTBS Not to be republished

एक दिन जब स्कूल की छुट्टी हुई, बच्चे बस्ते उठाकर बाहर निकले तो मौसी फाटक पर नहीं मिली। शाम को बच्चे खेलने के लिए निकले, तो मौसी पेड़ के नीचे भी नहीं थी। किसी को भी मालूम नहीं था कि मौसी कहाँ गई है?

कई दिन बीत गए, पर मौसी का कुछ पता नहीं चला। उसके बिना सारा मोहल्ला सूना-सूना लगता था। एक दिन बच्चे मौसी की खोज में घूम रहे थे। तभी एक मकान के अंदर से ऊँची-ऊँची आवाज़ सुनाई दी, 'हमने ठेका तो नहीं ले रखा है मौसी! बीस दिन से तुम यहाँ हो। अब तुम किसी दूसरे के घर चली जाओ।''

मौसी का नाम सुनकर बच्चे ठिठककर खड़े हो गए। बन्द दरवाज़े की दरार में से झांककर देखा तो मौसी एक खाट पर लेटी थी। उसके बाल उलझे हुए और चेहरा सूखा हुआ था। मौसी को ऐसी स्थिति में देखकर बच्चों को बहुत दुःख हुआ और गुस्सा आया।



दूसरे दिन बच्चे हॉकी मैच खेलकर लौट रहे थे, तो रास्ते में पुल के पास मौसी बैठी नज़र आई। उसके पास एक छोटी-सी गठरी और लाठी भी थी। मौसी को देखकर सब उसे घेरकर प्रश्न पूछने लगे।

''तू इतने दिन कहाँ थी मौसी? यहाँ क्यों बैठी हो?'' एक ने पूछा। ''मैं यहाँ से जा रही हूँ बेटा।'' कहते हुए मौसी की आँखें भर आईं, ''तू तो बीमार थी मौसी? तबीयत कैसी है?'' बलदेव ने पूछा। ''बेटा, मैं ठीक हो गयी हूँ। अपना गाँव जा रही हूँ।'' ''हम तुझे कहीं नहीं जाने देंगे मौसी'', सबने एक स्वर में कहा। मौसी की आँखों में आँसू छलक उठी।

©KTBS Not to be republished



दुकान के सामने एक खाट बिछी थी। दो-तीन लड़के भागकर खाट उठा ले आए। उस पर मौसी को ज़बरदस्ती बैठा दिया। खाट को सीधे नीम के पेड़ के नीचे ले आए। कन्हैया भागकर अपने घर से दरी और तकिया लाया। उषा थाली में दो रोटियाँ लायीं। योगराज एक कटोरे में दूध लाया। गोपाल घर से लैंप उठा लाया। मुन्नी पीने के लिए पानी लायी। बलदेव के पिता डॉक्टर थे। वह अपने पिता को क्लिनिक से खींच लाया ''मौसी बीमार है। आप जल्दी चलकर देखिए।''

बच्चे सोचने लगे कि मौसी को कहाँ ठहराया जाय। उन्होंने निर्णय लिया कि वे बारी-बारी से उसे अपने घर में रखेंगे। बाद में उन्होंने हेडमास्टर जी से बिनती की कि मौसी को स्कूल में काम दिया जाय। हेडमास्टरजी ने मान लिया और मौसी को रहने के लिए स्कूल में एक कोठरी भी दे दी।



मौसी फिर से स्कूल के आँगन में आने लगी। बच्चे उसे घेरे रहते और वह उन्हें कहानियाँ सुनाती। कभी-कभी लाठी टेकती हुई मोहल्ले का चक्कर काटती, सभी घरों में झाँक उनका कुशल-क्षेम पूछती। साँझ ढले अपनी कोठरी में चली आती और चैन की साँस लेती।

इस तरह बच्चों के प्रेम व स्नेह भाव से मौसी के जीवन में खुशी के दिन लौट आये।

*****

©KTBS Not to be republished

## लेखक परिचय

**भीष्म साहनी :** सन् 1915 अगस्त 7 को रावलपिंडी में भीष्म साहनी का जन्म हुआ। एम.ए., पीएच.डी. तक इन्होंने शिक्षा पाई हैं। साहनी जी हिंदी, अंग्रेज़ी, संस्कृत, रूसी, पंजाबी आदि भाषाओं के ज्ञाता हैं, इन भाषाओं की इनकी अनेक रचनाएँ प्रकट हुई हैं। विशेषकर आम आदमी का जीवन इनकी रचनाओं में अंकित हुआ है। झरोखे, कड़ियाँ, तमस, बसंती आदि इनके उपन्यास हैं। भाग्यरेखा, भटकती राख, वाङ्चू, शोभा-यात्रा आदि कहानी संग्रह हैं। भीष्म साहनी जी ने जीवनियाँ भी लिखी हैं यथा भाई बलराज, अपनी बात। कबीरा खड़ा बाज़ार में, माधवी, मुआवज़े आदि नाटक हैं। साहनी जी शिरोमणि पुरस्कार, साहित्य अकादमी पुरस्कार, सोवियत लैंड नेहरु पुरस्कार इत्यादि से शोभित हैं।

**शब्दार्थ :**

मौसी-माता की बहन, उम्र-वय, आयु; साथ देना-सहायता करना, फाटक -मुख्य द्वार ; कंधा-भुजा, बस्ता-थैला, मोहल्ला - शहर या कस्बे का एक भाग, घेरना-किसीको चारों ओर से बाँधना, ಸುತ್ತುವರಿಯುವುದು ; दोपहर-मध्याह्न, ढलना - बीतना, नीम का पेड़, ಬೇವಿನಮರ ; तले-नीचे, चुटकुला - मजेदार बात, लताफा, ನಗೆಹನಿ, पहेलियाँ - किसी बात को घुमा-फिराकर कहना, ಒಗಟುಗಳು; मालूम - जानकारी, सूना-खाली, खोजना - ढूँढ़ना, मकान-घर, ठेका-ठहरने की जगह, ठिठककर-सहसा रुक जाना, पुल-सेतु, आँखें भर आना-दुःखी होना, बीमार-रोगी, तबीयत-स्वास्थ्य, खाट-चारपाई, दरी-बिछावन, कटोरा-प्याला, बिनती-प्रार्थना, कोठरी-छोटा कमरा, चक्कर काटना-घूमना।

**अभ्यास**

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. माँ के जैसे प्यारी कौन थी?
2. मौसी सभी को किस समय में साथ देती थी?
3. दोपहर होने पर मौसी कहाँ पहुँच जाती थी?
4. मौसी बच्चों को क्या-क्या खिलाती थी?
5. मौसी के बिना सारा मोहल्ला कैसा लगता था?

©KTBS Not to be republished

6. लड़के भागकर क्या उठा ले आए?
7. बच्चों ने हेडमास्टर से क्या बिनती की?
8. मौसी के जीवन में कैसे दिन लौट आए?

**II. दो - तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. मौसी बच्चों को कौन-कौन सी कहानियाँ सुनाती थी?
2. बच्चे मौसी को कहाँ - कहाँ ढूँढ़ते हैं?
3. मकान के अंदर से बच्चों को कैसी आवाज़ें सुनायी दीं?
4. बच्चों को क्यों गुस्सा आया?

**III. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए:**

1. मौसी और बच्चों के बीच में क्या बातचीत हुई?
2. बच्चों ने मिलकर मौसी की सेवा किस प्रकार की?
3. मौसी के खुशी जीवन का वर्णन कीजिए।

**IV. रिश्ता जानिए और लिखिए:**

1. पिता के पिता : दादा :: माता के पिता : ___________
2. पिता की बहन : बुआ :: माता की बहन : ___________
3. पति/पत्नी के पिता : ससुर :: पति/पत्नी की माता: ___________
4. बेटे की पत्नी : बहू :: बेटी का पति : ___________

**V. नमूने के अनुसार लिखिए:**

**उदा : कहानी - कहानियाँ  माला - मालाएँ  बात - बातें**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | लड़की - [ ] | माता- [ ] | आँख- [ ] |
| 2. | कोठरी- [ ] | दिशा- [ ] | दरार- [ ] |
| 3. | पहेली - [ ] | घटना- [ ] | दुकान- [ ] |

©KTBS Not to be republished

**VI. विलोम शब्दों के जोड़ी बनाइए :**

**उदा : बाहर x अंदर**

गलत, सुख, छोटा, खुशी, टेढ़ा,

बहुत, रात, अपना, दुःख, सही,

बड़ा, ऊपर, गम, दिन, पराया,

नीचे, सीधा, कम

1. ________ x ________
2. ________ x ________
3. ________ x ________
4. ________ x ________
5. ________ x ________
6. ________ x ________
7. ________ x ________
8. ________ x ________
9. ________ x ________

**VII. पर्यायवाची शब्द लिखिए:**

1. पेड़ - ____________, ____________
2. घोड़ा - ____________, ____________
3. दूध - ____________, ____________
4. पानी - ____________, ____________
5. घर - ____________, ____________
6. औरत - ____________, ____________

**VIII. सार्थक वाक्य बनाइए:**

1. सबको जैसे मौसी प्यारी माँ थी के। ____________________
2. वीरोचित सुनाती मौसी थी कहानियाँ। ____________________
3. दिन दूसरे मैच हॉकी लौट खेलकर रहे थे। ______________
4. पीने पानी के लिए मुन्नी लायी। ____________________

**IX. कन्नड में अनुवाद कीजिए:**

1. बच्चे नीम पेड़ के तले खेलते थे। ______________
2. उसे सब मौसी कहकर पुकारते थे। ______________
3. बच्चों के लिए तो वह सेवा की मूर्ति थी। ______________
4. सब के घरों में झाँक कुशल-क्षेम पूछती थी। ______________

©KTBS Not to be republished

**X. नमूने के अनुसार लिखिए:**

**उदा : दूध → मलाई, माखन, घी, मिठाई**

1. पेड़ → ________, ________, ________, ________
2. सोना → ________, ________, ________, ________
3. फूल → ________, ________, ________, ________
4. कागज़ → ________, ________, ________, ________

**XI. पाठशाला में और घर में आपको क्या-क्या करने के लिए कहा जाता है और क्या करने के लिए मना किया जाता है। तालिका में लिखिए:**

| क्या करना है | क्या नहीं करना है |
|---|---|
| 1. ________ | 1. ________ |
| 2. ________ | 2. ________ |
| 3. ________ | 3. ________ |

**भाषा-ज्ञान**

**क्रिया-विशेषण अव्यय**

क्रिया की विशेषता बतानेवाले शब्दों को क्रिया-विशेषण कहते हैं।

**उदा :** घोड़ा तेज़ दौड़ता है।

बूढ़े लोग धीरे-धीरे चलते हैं।

**क्रिया विशेषण के चार प्रकार हैं :**

1) **रीतिवाचक क्रिया विशेषण**

**उदा:** वे ध्यानपूर्वक सुन रहे थे।

2) **कालवाचक क्रिया-विशेषण**

**उदा:** मैं तुम्हारे घर कल आऊँगा।

©KTBS Not to be republished

3) **स्थानवाचक क्रिया-विशेषण**

**उदा:** रजनी बाहर बैठी है।

4) **परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण**

**उदा:** साहनी जी ने किताबें बहुत लिखी हैं।

**I. निम्न वाक्यों में क्रिया-विशेषण छाँटकर लिखिए:**

1. मीरा अच्छा गाती है। ____________
2. योगराज कटोरे भर दूध लाया। ____________
3. मौसी धीरे से बोलती है। ____________
4. राजधानी एक्सप्रेस गाड़ी अभी आयी है। ____________
5. बच्चे पेड़ के नीचे खेल रहे हैं। ____________

**परियोजना :**

* हमारे देश में खेले जानेवाले खेलों की सूची बनाइए। किन्हीं दो खेलों का चित्र सहित वर्णन कीजिए।
* अपने घर के सदस्यों की सूची बनाइए।

**अध्यापन संकेत-**

* छात्रों को विशेषण और क्रिया-विशेषण का अंतर समझाएँ।
* ऊँची-ऊँची, सूना-सूना जैसे द्विरुक्ति शब्दों की जानकारी दिलाएँ।

©KTBS Not to be republished

# 6. चेरापूँजी से आया हूँ

- प्रदीप पंत

**आशय :**

**यात्रा से प्रादेशिक ज्ञान प्राप्त होता है। लोगों के रहन-सहन, प्राकृतिक दृश्यों का सौंदर्य आदि का प्रत्यक्ष अनुभव मिलता है। इस पाठ द्वारा छात्र चेरापूँजी का परिचय प्राप्त कर सकते हैं।**

मेघालय - यानी बादलों का घर।

और मेघालय की राजधानी शिलंग, एक हरा-भरा पर्वतीय नगर, जहाँ हर वक्त बादल उमड़ते घुमड़ते रहते हैं। इतना बड़ा, स्वच्छ, सुंदर पर्वतीय नगर उत्तर भारत में कहीं नहीं है। ऐसा हरीतिमा भी शायद ही कहीं देखने को मिले। शिलंग से चेरापूँजी की ओर जाता मार्ग दोनों ओर पहाड़ों और दरख्तों से पटा पड़ा है। यह ऊँचा-नीचा सर्पाकार रास्ता। रास्ते को पार करते हुए दिखाई पड़ते हैं बादल, बहती है सुहानी हवा और कभी-कभी हो जाती है बूँदाबाँदी।

हमारी जीप शिलंग से 53 किलोमीटर दूर चेरापूँजी की ओर बढ़ रही है। मेरे साथ राज्य के एक अधिकारी श्री संगमा और उनके दो दोस्त बैठे हैं। मैं जीप की खिड़की बंद करते हुए संगमा से पूछता हूँ, ''क्या साल-भर यहाँ वर्षा होती रहती है?'' 'जी हाँ।'' संगमा कहते हैं - ''आपको जानकर ताज्जुब होगा कि मेघालय में खपत से ज्यादा पनबिजली का उत्पादन होता है। हम अतिरिक्त बिजली अन्य राज्यों को दे देते हैं। 'ऐसा?'' मैं सचमुच आश्चर्य से पूछता हूँ। संगमा कहते हैं -''वैसे यदि यहाँ सभी गाँव बिजली से जगमगा उठें, तो भी अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होता रहेगा।''

हम पहाड़ों को निहारते हुए आगे बढ़ रहे हैं। सड़क के उस पार पहाड़ी कुहरे से घिरी हुई है। तीन पर्वतीय अंचलों में बँटा हुआ है मेघालय- खासी

©KTBS Not to be republished

पर्वत, गारो पर्वत और जयंतिया पर्वत। और इन्हीं तीन पर्वतीय अंचलों से बने हैं पाँच जिले। हर अंचल की अपनी अलग संस्कृति है, रीति-रिवाज़, पर्व-उत्सव हैं, लेकिन हर कहीं पारिवारिक व्यवस्था मातृसत्तात्मक है - भूमि, धन, संपत्ति सब माँ से बेटी को मिलती हैं।

स्त्री का यहाँ वर्चस्व है, यह अहसास गुवाहाटी से मेघालय की सीमा में घुसने के साथ ही होने लगता है। तमाम दुकानों पर स्त्रियाँ सौदा बेचती और बेहिचक बतियाती दिखाई देती हैं। शिलंग में भी उन्हें दुकानों पर बैठे देखा जा सकता है। शायद यह स्थिति पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में भी है, भले ही वहाँ मातृसत्तात्मक परिवार व्यवस्था न हो। कुछ साल पहले मणिपुर की राजधानी इम्फाल में भी यही सब देखा था। स्त्रियों का पूरा का पूरा बाज़ार ही है वहाँ, जिसे 'माइती बाज़ार' कहते हैं - यानी माँ का बाज़ार। दिन भर सामान की बिक्री कर शाम को अपने-अपने घर लौटती हैं। किसी प्रकार का वर्ग-भेद नहीं। यानी अमीर घरों की स्त्रियाँ भी इस 'माइती बाज़ार' में मिल जाएँगी और गरीब घरों की स्त्रियाँ भी। तभी एक मोड़ निकलने पर चेरापूँजी का छोटा-सा बाज़ार दिखाई पड़ता है। और इस बाज़ार में भी दुकानों पर बैठी हैं महिलाएँ-फिर चाहे दुकान फल-सब्जियों की हो या चाय की। हम आगे बढ़ जाते हैं।

कुछ आगे बढ़कर संगमा ने जीप रुकवा दी । हम सभी नीचे उतर गए। सामने दिखाई पड़ रहा है नोहशंगथियांग प्रपात जो 'मॉसमाई' प्रपात के नाम से लोकप्रिय है। ऊँचे पहाड़ से सैंकड़ों फुट नीचे पानी लगातार, बेरोकटोक गिर रहा है। ''वह देखिए, सामने रहा बाँग्लादेश।'' संगमा के साथियों में से एक कहता है। अभी-अभी, जब जीप से उतरे थे, हल्की धूप थी और अभी क्षण-भर बाद ही, बादल घिरे और हल्की-हल्की वर्षा होने लगी। मैं संगमा के आगे अपना पुराना सवाल दुहराता हूँ, ''क्या साल-भर यहाँ वर्षा होती रहती है?'' संगमा हँसते हुए कहते हैं, ''पंत साहब, यह चेरापूँजी है।''

हाँ, खयाल आया, यह चेरापूँजी है - समुद्र की सतह से कोई तेरह सौ मीटर ऊपर, जो विश्व में सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान के लिए प्रसिद्ध है। हम लोग कभी कलकल-छलछल करते प्रपात को निहार रहे हैं, कभी पानी से घिरे बाँग्लादेश के भूभाग को।

©KTBS Not to be republished

वर्षा फिर बन्द हो गई है। धूप फिर खिल आई है।

इसी तरह वर्षा, धूप, कोहरे की लुका-छिपी का खेल चलता रहता है यहाँ।



हम लोग अब जीप में बैठकर लौट रहे हैं। संगमा रास्ते में खासी, जयंतिया और गारो पहाड़ियों के लोगों के बारे में बताने लगते हैं। वे कहते हैं ''खासियों को यहाँ सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। करीब छः लाख गारो लोगों की मातृभूमि है गारो पर्वतमालाएँ। यह माना जाता है कि गारो समूह बोडो जाति का अंग है। नोंगक्रेम खासियों का प्रमुख नृत्य है। जयंतिया पहाड़ियों के उत्सव का नाम है बेहडेनखलाम।''

आगे चलकर एक स्थान पर जीप रुकती है। हम उतरते हैं। बगल में एक गोलाकार विशाल पत्थर है। संगमा बताते हैं, ''यह प्राकृतिक शिवलिंग है। सचमुच यह प्रकृति का आश्चर्य है।''और आश्चर्य तो मॉसमाई गाँव की गुफाएँ भी हैं। हमारि जीप इन गुफाओं के पास रुकती है। ''गुफाएँ इतनी अँधेरी हैं कि मशाल या टॉर्च जलाए बिना उनमें प्रवेश नहीं कर सकते।" - संगमा का एक साथी कहता है। हमने मशालें जला ली हैं और हम गुफाओं के अंदर आगे बढ़ रहे हैं। अगल-बगल, ऊपर-नीचे पत्थर! सदियों से ये गुफाएँ इसी तरह हैं और दूर, बहुत दूर तक चली गई हैं। हम लोग कुछ दूर जाकर लौट पड़ते हैं जैसे आश्चर्यलोक से लौट रहे हैं।

*****

## लेखक परिचय

प्रदीप पंत जी का जन्म लखनऊ के हलद्वानी, उत्तराखंड में 24 अप्रैल 1941 को हुआ। पंत जी के अब तक छः उपन्यास प्रकाशित हुए हैं। पंत जी की कन्नड में अनूदित कहानियों का संकलन 'न्याया मत्तु इतर कथेगलु' शीर्षक से प्रकाशित है। पंत जी के देश-विदेश के यात्रा-संस्मरणों के चार संकलन हैं।



© KTBS Not to be republished

पंडित जवाहरलाल नेहरू पर उत्कृष्ट लेखन के लिए पंत जी को 'जर्नलिस्ट्स वेलफेयर फाऊंडेशन' का यूरोप-भ्रमण पुरस्कार, उत्तरप्रदेश हिंदी संस्थान का 'प्रेमचंद अनुशंसा पुरस्कार', हिंदी अकादमी द्वारा दो बार 'साहित्यिक कृति पुरस्कार' प्राप्त हैं। 'साहित्यकार सम्मान' और उत्कृष्ट व्यंग्य लेखन के लिए हिंदी भवन, नई दिल्ली का 'व्यंग्यश्री सम्मान' भी प्राप्त हुए हैं।

**शब्दार्थ :** उमड़-घुमड़ - चारों ओर से घिरना, एकत्रित होना, छाना ; हरीतिमा-हरियाली, हरापन ; दरख्त - पेड़, वृक्ष; पटा-भरा, बूँदाबाँदी - वर्षा, बादलों से गिरनेवाली जल की बूँदें; खपत-माल की बिक्री; पनबिजली-जलविद्युत; निहारना - ध्यानपूर्वक देखना, कुहरा-धुंध, कोहरा; अंचल - प्रांत, सीमा का समीपवर्ती भाग; वर्चस्व-आधिपत्य, प्राबल्य; घुसना-प्रवेश करना, भीतर जाना; तमाम-सारा, समस्त; सौदा-क्रय-विक्रय की वस्तु या माल, बेहिचक - निस्संकोच, मोड़-रास्ते आदि का घुमावदार स्थान, प्रपात - ऊँचे स्थान से गिरने वाली जलधारा, बेरोकटोक-बिना किसी रुकावट के; लुका-छिपी - आँख-मिचौली, hide and seek, ಕಣ್ಣಾಮುಚ್ಚಾಲೆ; सतह-किसी वस्तु का ऊपरी भाग, मशाल-एक प्रकार की मोटी बत्ती जो लकड़ी पर कपड़ा लपेटकर अधिक प्रकाश के लिए जलाई जाती है।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. किस राज्य को बादलों का घर कहते हैं?
2. जीप में लेखक के साथ और कौन बैठे हैं?
3. मेघालय के तीन पर्वतीय अंचलों का नाम लिखिए।
4. मेघालय में हर कहीं कौन-सी पारिवारिक व्यवस्था है?
5. नोहशंगथियांग प्रपात किस नाम से लोकप्रिय है?
7. गारो समूह को किस जाति का अंग माना जाता है?

Not to be republished ©KTBS

## II. दो - तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

1. बिजली उत्पादन के बारे में संगमा ने क्या कहा?
2. 'माइती बाज़ार' के बारे में तीन वाक्य लिखिए।
3. चेरापूँजी की विशेषता क्या है?
4. मॉसमाई गाँव की गुफाएँ कैसी हैं?

## III. द्वित्व शब्दों को पाठ में से चुनकर लिखिए:

**उदा : उमड़ते - घुमड़ते**

1. ऊँचा - ____________
2. रीति - ____________
3. कल-कल - ____________
4. अगल - ____________
5. ऊपर - ____________

## IV. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:

1. मेघालय की राजधानी है ____________ ।
2. चेरापूँजी शिलंग से ____________ कि.मी. की दूरी पर है।
3. मेघालय में हर कहीं पारिवारिक व्यवस्था ____________ है।
4. चेरापूँजी समुद्र की सतह से कोई ____________ मीटर ऊपर है।
5. खासियों को समाज में ____________ की दृष्टि से देखा जाता है।

## V. जोड़कर लिखिए:

| | |
|---|---|
| 1. चेरापूँजी की सड़कें | स्त्रियाँ सौदा बेचती हैं। |
| 2. तमाम दुकानों पर | खासी लोगों का प्रमुख नृत्य है। |

©KTBS Not to be republished

3. चेरापूँजी में — जयंतिया पहाड़ियों का उत्सव है।

4. नोंगक्रेम — कुहरे से घिरी हुई हैं।

5. बेहडेनखलाम — साल भर वर्षा होती रहती है।

**VI. 'बे' उपसर्ग जोड़कर विलोम शब्द बनाइए:**

**उदा : हिचक x बेहिचक**

1. रोकटोक x
2. इज़्ज़त x
3. रहम x
4. ईमान x
5. कसूर x
6. वफा x
7. शक x
8. ताज x
9. सहारा x
10. काबू x

**VII. अब आपको किसी यात्रा पर जाना है। सोच-समझकर आप इन वाक्यों को एक क्रम से लिखिए:**

1. होटल से संपर्क कर कमरा निर्धारित करना।
2. छुट्टी लेना।
3. कपड़े, सामान बाँध लेना।
4. यात्रा स्थल को चुनना।
5. बस या रेल में आरक्षण की व्यवस्था कर लेना।

**VIII. चेरापूँजी में साल भर वर्षा होती रहती है। 'वर्षा' प्रकृति की अनुपम भेंट है। इसी प्रकार प्रकृति के कुछ अन्य लाभों की सूची बनाइए :**

©KTBS Not to be republished

**IX. संकेत-बिंदुओं के आधार पर अपनी किसी यात्रा का वर्णन कीजिए:**

1. कहाँ गये थे? ______________________

2. किसके साथ गये थे? ______________________

3. कब गये थे? ______________________

4. कैसे गये थे? ______________________

5. उस स्थान में क्या-क्या देखा? ______________________

6. कोई विशेष अनुभव (एक/दो वाक्य) ______________________

**X. चेरापूँजी में साल-भर वर्षा होती रहती है। इसे 'अतिवृष्टि' कहते हैं। इसी प्रकार कहीं-कहीं पर वर्षा ऋतु में भी वर्षा नहीं होती। इसे 'अनावृष्टि' कहते हैं।**

**कक्षा में चर्चा करके इन दोनों से होनेवाली हानियों को लिखिए:**

| अतिवृष्टि | अनावृष्टि |
|---|---|
| 1. ______ | 1. ______ |
| 2. ______ | 2. ______ |
| 3. ______ | 3. ______ |

**XI. चुटकुला :**

एक आदमी सड़क पर जा रहा था। तभी वर्षा होने लगी। रुकने के बजाय घर जल्दी पहुँचने की आशा में वह चलता ही रहा। कुछ दूर चलने पर पैर फिसल जाने के कारण गिर गया। उसी समय आकाश में बिजली चमकी।

© KTBS Not to be republished

वह आदमी बड़बड़ाया ''हे भगवान! तुम भी अच्छा मज़ाक कर लेते हो। पहले तो मुझे कीचड़ में गिरा दिया और फिर ऊपर से फोटो भी खींच लिया।''

इसी प्रकार 'वर्षा' से संबंधित और कुछ चुटकुलें संग्रहित कीजिए।

## XII. अनुरूपताः

1. कर्नाटक : बेंगलूरु :: मेघालय : ____________
2. राजस्थान : रेत का प्रदेश :: मेघालय : ____________
3. मणिपुर : इम्फाल :: बाँग्लादेश : ____________
4. नोंगक्रेम : नृत्य :: बेहडेनखलाम : ____________

## भाषा ज्ञान

**संधि :** दो वर्णों के मेल से उनके मूल रूप में जो परिवर्तन या विकार आ जाता है, वह 'संधि' कहलाता है।

**संधि के तीन भेद**

स्वर संधि | व्यंजन संधि | विसर्ग संधि

**स्वर संधि :** दो स्वरों के मेल से होनेवाले परिवर्तन को 'स्वर संधि' कहते हैं।

©KTBS Not to be republished

## स्वर संधि के पाँच भेद

दीर्घ संधि | गुण संधि | वृद्धि संधि | यण् संधि | अयादि संधि

1. **दीर्घ संधि :** जब दो सवर्ण स्वर मिलकर उसी वर्ण का दीर्घ स्वर बनता है, उसे दीर्घ संधि कहते हैं।

जैसे-

| | |
|---|---|
| अ+अ=आ | समय + अभाव = समयाभाव |
| अ+आ=आ | हिम + आलय = हिमालय |
| आ+अ=आ | यथा + अर्थ = यथार्थ |
| आ+आ=आ | विद्या + आलय = विद्यालय |
| इ+इ=ई | कवि + इंद्र = कवींद्र |
| इ+ई=ई | परि + ईक्षा = परीक्षा |
| ई+इ=ई | मही + इंद्र = महींद्र |
| ई+ई=ई | रजनी + ईश = रजनीश |
| उ+उ=ऊ | लघु + उत्तर = लघूत्तर |
| ऊ+उ=ऊ | भू + ऊर्ध्व = भूर्ध्व |

2. **गुण संधि :** जब 'अ', 'आ' के सामने 'इ, ई', 'उ, ऊ' और 'ऋ' आते हैं तब क्रमश: 'ए', ओ' और 'अर्' बनते हैं, यह गुण संधि है।

| | |
|---|---|
| अ+इ=ए | वीर + इंद्र = वीरेंद्र |
| आ+इ=ए | महा + इंद्र = महेंद्र |
| अ+ई=ए | गण + ईश = गणेश |
| आ+ई=ए | लंका + ईश = लंकेश |
| अ+उ=ओ | हित + उपदेश = हितोपदेश |
| आ+उ=ओ | महा + उन्नत = महोन्नत |
| अ+ऊ=ओ | हृदय + ऊर्मि = हृदयोर्मि |

©KTBS Not to be republished

आ+ऊ=ओ महा + ऊर्मि = महोर्मि

अ+ऋ=अर सप्त + ऋषि = सप्तर्षि

आ+ऋ=आर राजा + ऋषि = राजर्षि

3. **वृद्धि संधि :** जब 'अ', 'आ' के सामने 'ए' 'ऐ', 'ओ', औ' आते हैं तो क्रमशः 'ऐ' और 'औ' बनते हैं।

अ+ए=ऐ एक + एक = एकैक

आ+ए=ऐ सदा + एव = सदैव

अ+ऐ=ऐ धन + ऐश्वर्य = धनैश्वर्य

आ+ऐ=ऐ महा + ऐश्वर्य = महैश्वर्य

अ+ओ=औ परम + ओषध = परमौषध

आ+ओ=औ महा + ओषध = महौषध

अ+औ=औ वन + औषध = वनौषध

आ+औ=औ महा + औदार्य = महौदार्य

4. **यण् संधि :** जब 'इ' 'ई', 'उ' 'ऊ' और 'ऋ' के सामने सवर्णों को छोड़कर दूसरे स्वर आते हैं तो क्रमशः 'य', 'व' और 'र' बनते हैं।

इ+अ=य यदि + अपि = यद्यपि

इ+आ=य इति + आदि = इत्यादि

ई+अ=य नदी + अर्पण = नद्यर्पण

ई+आ=य देवी + आगमन = देव्यागमन

उ+अ=व अनु + अय = अन्वय

उ+आ=व सु + आगत = स्वागत

ऋ+अ=र पितृ + अनुमति = पित्रनुमति

ऋ +आ=र मातृ + आनंद = मात्रानंद

©KTBS Not to be republished

5. **अयादि संधि :** जब 'ए', 'ऐ', 'ओ' 'औ' के सामने कोई भिन्न स्वर आते हैं तब क्रमशः 'अय्' 'आय्', 'अव्' 'आव्' बनते हैं।

| | |
|---|---|
| ए+अ=अय् | ने + अन = नयन |
| ऐ+अ=अय् | नै + अक = नायक |
| ओ+अ=अव् | भो + अन = भवन |
| ओ+इ=अव् | पो + इत्र = पवित्र |
| औ+अ=अव् | पौ + अक = पावक |
| औ+उ=अव् | भौ + उक = भावुक |

**I. संधि-विच्छेद कीजिए और संधि का नाम लिखिए:**

1. देहांत = ____________
2. स्वेच्छा = ____________
3. अत्यधिक = ____________
4. महोन्नत = ____________
5. वीरांगना = ____________
6. नायिका = ____________

**II. संधि कीजिए :**

1. मत + अनुसार = ____________
2. मुनि + इंद्र = ____________
3. गुरु + उपदेश = ____________
4. वीर + उचित = ____________
5. लोक + उपकार = ____________
6. महा + उदय = ____________

©KTBS Not to be republished

7. महा + ऋषि = ________________

8. सदा + एव = ________________

9. लोक + ऐश्वर्य = ________________

10. शे + अन = ________________

**III. उदाहरण के अनुसार लिखिए:**

**उदा : देव + आलय = देवालय**

1. गोल + ________ = गोलाकार
2. ________ + अनुभूति = सहानुभूति
3. रजनी + ________ = रजनीश
4. ________ + आगत = स्वागत
5. अति + ________ = अत्यंत
6. अनु + अय = ________
7. ________ + अन = भवन
8. ________ + आज्ञा = पित्राज्ञा
9. पौ + ________ = पावक

**अध्यापन संकेत :**

✻ भारत के सभी राज्य, राजधानी और उनकी एक विशेषता बतानेवाला एक सुंदर चार्ट छात्रों से बनवाकर कक्षा में टँगवाएँ।

✻ भारत के प्रमुख नृत्यों की सूची बनवाएँ।

©KTBS Not to be republished


# 7. पर्यावरण बचाओ

- डॉ. परशुराम शुक्ल

**आशय :**

**परिसर के बिना मानव का जीवन असंभव है। शुद्‌ध पर्यावरण जीव-जगत् के लिए आवश्यक है। आजकल जल, वायु और ध्वनि का प्रदूषण निरंतर बढ़ते जाने के कारण परिसर का संतुलन बिगड़ रहा है। इसलिए पर्यावरण की रक्षा करना सबका आद्‌य कर्तव्य है। प्रस्तुत कविता में शुक्ल जी ने इस ज्वलंत समस्या की ओर हमारा ध्यान आकर्षित किया है।**

आज समय की माँग यही है,
पर्यावरण बचाओ।



तब तक जीव है जगत में,
जब तक जग में पानी।
जब तक वायु शुद्ध रहती है,
सोंधी मिट्टी रानी।
तब तक मानव का जीवन है,
यह सबको समझाओ।

ध्वनि, मिट्टी, जलवायु आदि,
जीव जगत के मित्र सभी।
इनकी रक्षा करना,
अब कर्तव्य हमारा।
शोर और मिट्टी का संकट,
दूर करेंगे सारा।

©KTBS Not to be republished

एक वृक्ष यदि कट जाय तो,
ग्यारह वृक्ष लगाओ।
एक वृक्ष हम नित रोपेंगे,
आज शपथ यह खाओ।
आज समय की माँग यही है,
पर्यावरण बचाओ।

*****

## कवि परिचय

कवि डॉ. परशुराम शुक्ल जी का जन्म जून 6, 1947 को उत्तर प्रदेश के कानपुर में हुआ था। आप प्रसिद्ध बाल साहित्यकार हैं। 'भारतीय वन्यजीव' कृति पर आपको पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसके अलावा समाज कल्याण मंत्रालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से आपको सम्मानित किया गया है। हिंदी अकादमी, हैदराबाद सहित अनेक संस्थाओं द्वारा आप पुरस्कृत हैं।

**शब्दार्थ :**

माँग-चाह, याचना, आवश्यकता; सोंधी मिट्टी - सुगंधित, खुशबूदार; जलवायु - मौसम, Climate ; शोर - कोलाहल, ऊँची और तीखी आवाज़; रोपना - लगाना, शपथ - वादा, प्रतिज्ञा।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. आज किसको बचाने की माँग है?
2. जीव कब तक जगत में रह सकता है?
3. कवि किसको शुद्ध रखने की बात करते हैं?
4. सोंधी मिट्टी को क्या कहा गया है?
5. जीव जगत के मित्र कौन-कौन हैं?
6. कवि किसका संकट दूर करने की बात करते हैं?
7. कवि एक वृक्ष के बदले में कितने वृक्ष लगाने को कहते हैं?

©KTBS Not to be republished

## II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

1. पर्यावरण का महत्व समझाइए।
2. परिसर की रक्षा के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए?

## III. जोड़कर लिखिए:

1. जग में - नित रोपेंगे
2. मिट्टी - खाओ
3. मानव का - माँग
4. एक वृक्ष - जीवन
5. शपथ - रानी
6. समय की - पानी

## IV. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए:

1. आज समय की ____________ यही है पर्यावरण बचाओ।
2. ____________ और ____________ का संकट दूर करेंगे सारा।
3. ध्वनि, मिट्टी, ____________ आदि जीव जगत के मित्र सभी।
4. एक ____________ हम नित रोंपेंगे।

## V. भावार्थ लिखिए:

ध्वनि, मिट्टी, जलवायु आदि
जीव जगत के मित्र सभी।
इनकी रक्षा करना,
अब कर्तव्य हमारा।
शोर और मिट्टी का संकट,
दूर करेंगे सारा।

©KTBS Not to be republished

**VI. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए:**

जिव, वायू, पनी, कतर्वय, मनव

1. ________________
2. ________________
3. ________________
4. ________________
5. ________________

**VII. पशु-पक्षी मानव के मित्र हैं। निम्नलिखित तालिका में 10 पालतू जानवर तथा 10 पक्षियों के नाम लिखिए:**

| पालतू जानवर | पक्षी |
|---|---|
| 1. | 1. |
| 2. | 2. |
| 3. | 3. |
| 4. | 4. |
| 5. | 5. |
| 6. | 6. |
| 7. | 7. |
| 8. | 8. |
| 9. | 9. |
| 10. | 10. |

©KTBS Not to be republished

**VIII.** **निम्नलिखित तालिका में कुछ पेड़-पौधे और फूलों के नाम दिये गए हैं। उन्हें अलग करके लिखिए:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तु | सू | र | ज | मु | खी |
| सा | ल | औ | दं | ब | र |
| नी | म | सी | च | मे | ली |
| गु | ला | ब | पी | प | ल |
| ब | र | ग | द | गें | दा |
| ना | रि | य | ल | चं | पा |

| पेड़-पौधे | फूल |
|---|---|
| 1. | |
| 2. | |
| 3. | |
| 4. | |
| 5. | |
| 6. | |

**IX.** **उदाहरण के अनुसार पर्यायवाची शब्द लिखिए:**

**उदा : पानी जल नीर उदक**

1. वायु ________ ________ ________
2. जगत ________ ________ ________

**X.** **अनुरूपता :**

1. पानी : जल :: वायु : ____________
2. मेरा : हमारा :: तेरा : ____________
3. 11 : ग्यारह :: 17 : ____________
4. सजीव : निर्जीव :: जन्म : ____________

**अध्यापन संकेत :**

✻ वनमहोत्सव के बारे में छोटा लेख लिखवाएँ।

✻ वृक्षप्रेमी तिम्मक्का के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए छात्रों को प्रेरित करें।

✻ पर्यावरण प्रदूषण से संबंधित चित्रों का संग्रह करके आलबम बनवाएँ।

©KTBS Not to be republished

# 8. भीम और राक्षस

- विष्णु प्रभाकर

**आशय :**
**यह एक पौराणिक एकांकी है। भीम के द्‌वारा बकासुर का वध - इस एकांकी का कथा-सार है। दानवता पर मानवता की जीत और अच्छाई के सामने बुराई की हार इस एकांकी का संदेश है।**

**पात्र परिचय :**

ब्राह्मण - घर का मालिक
ब्राह्मणी - ब्राह्मण की पत्नी
कुंती - भीम की माता
भीम - कुंती का पुत्र
बकासुर - राक्षस

**पहला दृश्य**

(मंच पर एक मकान के आँगन का दृश्य। गरीब ब्राह्मण का घर है। सभी रो रहे हैं। चारों ओर उदासी है। परदा उठने पर लोग रोते-रोते बात कर रहे हैं।)

ब्राह्मणी : (रोकर) मैं कहती हूँ, तुम मुझे जाने दो। बच्चे तो अब बड़े हो गये हैं। उन्हें संभालने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

ब्राह्मण : नहीं, नहीं। तू कैसे जा सकती है? तू चली जाएगी तो घर में क्या रहेगा? बच्चे अभी इतने बड़े कहाँ हैं ? फिर बेटी का विवाह भी करना है। नहीं, मैं ही जाऊँगा।

ब्राह्मणी : अजी, तुम कैसे जाओगे? तुम चले गये तो घर का सहारा ही चला जाएगा। नहीं, मैं ही जाऊँगी।

©KTBS Not to be republished

| | | |
|---|---|---|
| लड़की | : | माँ ! न तुम जाओगी और न पिताजी को जाने दोगी, मैं जाऊँगी। |
| ब्राह्मणी | : | मेरे रहते मेरे बच्चे मरने को जाएँ। भगवान, मैंने ऐसा क्या पाप किया है? (जोर से रोती है, सब रो पड़ते हैं। तभी सहसा बाहर से कुन्ती और भीम आते हैं।) |



| | | |
|---|---|---|
| कुन्ती | : | क्या बात है ? तुम सब क्यों रो रहे हो ? |
| भीम | : | कहाँ जाना है तुम्हें ? क्या विपदा आ पड़ी ? |
| कुन्ती | : | अरे भाई। हुआ क्या, कुछ बताओ। (कोई नहीं बोलता, उसी तरह रोते रहते हैं।) |
| भीम | : | हाँ, हाँ, रोना बन्द करके बात बताओ। |
| ब्राह्मण | : | बात क्या है, मेरा भाग्य फूट गया। इससे कहता रहा, चल, इस एकचक्र नगरी को छोड़ कर कहीं और चलें, पर यह तो यहीं की मिट्टी में ऐसा रम गयी कि जाने का नाम नहीं लेती। मेरा तो बुलावा आ गया। |

Not to be republished

कुन्ती : कहाँ से बुलावा आ गया ? कुछ बताओ तो, तुम्हें क्या दुःख है ? हम कुछ न कुछ ज़रूर करेंगे।

ब्राह्मण : हाय बहन ! तुम हमारे अतिथि हो। अतिथि को अपने दुःख से दुःखी नहीं करना चाहिए।

कुन्ती : अच्छा ; तुम न बताओ। मैं अपनी बेटी से पूछती हूँ। (बेटी से) हाँ, बेटी बताओ तो क्या बात है ?

ब्राह्मणी : अजी, बता क्यों नहीं देते? ये परदेशी हैं, उस राक्षस की कहानी का इन्हें क्या पता ?

ब्राह्मण : हाँ, हम लोग उसे बक कहते हैं, वैसे उसका पूरा नाम बकासुर है।

भीम : ओहो, बकासुर ! फिर वह क्या करता है ?

ब्राह्मण : करता क्या ? इस नगरी की रक्षा करता है।

कुन्ती : राक्षस रक्षा करता है। रक्षा करता है, तो तुम रोते क्यों हो? क्या वह अब जा रहा है ? या तुमसे कुछ अपराध हो गया है ?

ब्राह्मण : ना बहन, कुछ अपराध नहीं हुआ।

भीम : तुम पहेलियाँ बुझा रहे हो। ऐसा कौन राक्षस है जो नगरी की रक्षा करता है। क्या यहाँ कोई राजा नहीं है ?

ब्राह्मण : बेटा, मैं तुम्हें सब कहानी बताता हूँ। इस नगरी का राजा बड़ा दुर्बल है। बस, गद्दी पर बैठना जानता है। उसको दबाकर बक असली राजा बन बैठा है। वही अब हमारी रक्षा करता है।

भीम : फिर वह आपसे कुछ बदले में माँगता होगा।

©KTBS Not to be republished

ब्राह्मण : हाँ बेटा। बकासुर हम सब लोगों की रखवाली करता है, और उसके बदले में हमसे एक गाड़ी अन्न, दो भैंसे और एक मनुष्य लेता है।

भीम : रोज़?

ब्राह्मण : हाँ बेटा, रोज़ लेता है। नगर के सब लोगों ने मिलकर बारी बाँध ली है। जब जिसकी बारी आती है, तब वही यह सब सामान भेजता है।

भीम : तो अब समझ में आया। आज तुम्हारी बारी है। अरे! तो पहले ही क्यों न बता दिया था?

ब्राह्मण : सब लोग अपनी बारी भुगतते हैं। न भुगते तो वह राक्षस सारे नगर को उजाड़ दे। हज़ारों मनुष्यों को एक साथ खा जाए।

भीम : और जो कोई अपनी जगह दूसरा आदमी भेज दे ?

ब्राह्मण : हाँ, भेज सकता है। उसे तो आदमी चाहिए। बहुत-से लोग ऐसा करते हैं।

कुन्ती : तो क्या यहाँ आदमी बिकते भी हैं ?

ब्राह्मण : हाँ बहन, बिकते हैं। मेरे पास धन नहीं है। होता तो एक आदमी खरीदकर भेज देता।

भीम : बड़ी अजीब नगरी है यह! यहाँ आदमी बिकते हैं। मालूम होता है, यहाँ के आदमियों में आपस में प्रेम और एकता नहीं है।

कुन्ती : लेकिन, ऐसे तुम कब तक उस राक्षस का पेट भरते रहोगे?

ब्राह्मण : यह तो कोई सोचता ही नहीं। जब जिसकी बारी आती है तभी उसे ध्यान आता है। बस, रो-पीटकर कुछ दिनों में वह भी सब्र कर लेता है।

©KTBS Not to be republished

भीम : कब से ऐसा होता आ रहा है ?

ब्राह्मण : पिछले चालीस वर्षों से।

भीम : (हँसकर) बड़े बहादुर हो तुम लोग! अरे ! चालीस वर्षों में कोई एक भी आदमी ऐसा नहीं पैदा हुआ, जो उस राक्षस को पाठ पढ़ा सकता हो ? अगर तुम हिम्मत करो तो उसे मार सकते हो।

कुन्ती : सुनो भाई, तुम चिन्ता मत करो। उठो, खाओ-पिओ। जाओ बहन, तुम रसोई में जाओ। और बेटी, तुम अपना काम देखो। कल तुममें से कोई नहीं जाएगा।

ब्राह्मण : क्या ? क्या कहा तुमने बहन ? हममें से कोई नहीं जाएगा ?

कुन्ती : हाँ, तुममें से कोई नहीं जाएगा।

ब्राह्मण : तो कौन जाएगा ?

कुन्ती : मेरा यह बेटा। मेरे तो पाँच बेटे हैं न ?

ब्राह्मण : (तत्काल) नहीं, नहीं। यह नहीं हो सकता। हमारी बारी हो और तुम्हारा बेटा जाए।

कुन्ती : अब तुम चुप रहो ..... क्यों बेटा, तुम तैयार हो न ?

भीम : तैयार ? माँ, जब से बकासुर का नाम सुना है, मेरी भुजाएँ फड़क रही हैं। मेरे नेत्र उसे देखने को उतावले हो रहे हैं। वाह माँ ! जहाँ हम रहे वहाँ बकासुर किसी को सता सकेगा ?

कुन्ती : तुझसे यही आशा थी बेटा। (ब्राह्मणी से) सुना बहन, अब तुम रोना छोड़कर खुशी-खुशी काम में लग जाओ।

ब्राह्मणी : नहीं, नहीं बहन। यह कैसे हो सकता है ? यह तो पाप है, तुम हमें....

©KTBS Not to be republished

कुन्ती : ओहो.... मेरे बेटे की बात सुनी ? वह बड़ा वीर है, क्या पता राक्षस को मार डाले ?

ब्राह्मण : राक्षस को मार डाले ! बात तो तुम्हारी बहन, प्रिय लगती है।

ब्राह्मणी : तुम्हारा दिल बहुत बड़ा है बहन, भगवान तुम्हारे बेटे की रक्षा करेगा।

लड़की : बुआ, बुआ, तुम कितनी अच्छी हो।

कुन्ती : (हँसती हुई) पगली, जा, रसोई में माँ की मदद कर। और भीम, तू जा, कल की तैयारी कर।

भीम : चलो माँ।

(वे तीनों एक ओर अन्दर तथा भीम और कुन्ती दूसरी ओर बाहर जाते हैं। परदा गिरता है।)

## दूसरा दृश्य

(मंच पर जंगल का दृश्य। बकासुर का मकान दिखाई देता है, किले जैसा। परदा उठने पर भीम मस्ती में इधर-उधर घूमते दिखाई दे । भीम चिल्ला रहा है और बीच-बीच में अन्न के मुट्टे भर-भर फाँकता रहा है।)



©KTBS Not to be republished

भीम : हो-हो-हो हह्यया हो। (हँसना) हह्या हो, हह्या हो, ओ हो हो हह्यया हो।

(दो क्षण बाद बकासुर मकान से झाँकता है।)

बकासुर : हूँ, इस आदमी ने शोर मचाया। बड़ा अजीब आदमी है। डरने के बजाय हँसता है। देखता हूँ कौन है वह .....

भीम : (अन्न खाकर) ए हा हा हा हा लाला ला ला, खाना खा, गाना गा।

बकासुर : ए, ए, तू कौन है ? (कोई जवाब नहीं देता, तो वह सामने आता है) ऐ गधे, मैं तुझसे पूछता हूँ, तू कौन है ? (कोई उत्तर नहीं) अरे दुष्ट, सुनता नहीं ? (भीम उसी तरह चिल्लाता हुआ घूमता रहता है) अरे बदमाश, क्या तूने बकासुर का नाम नहीं सुना ?

भीम : (एकदम) बकासुर। कहाँ है बकासुर ?

बकासुर : मैं हूँ बकासुर। अब बता, तू मेरा भोजन क्यों खा रहा है ?

भीम : तो तू है बकासुर ? बड़ा झूठा है बे तू, मुझे बहकाता है। अबे, तू तो भैंस जैसा है।

बकासुर : ज़बान सँभालकर बोल। तू बकासुर से बातें कर रहा है ? मेरी भैंसे कहाँ हैं?

भीम : एक तो तू है ही। एक मुझे समझ ले।

(अट्टहास)

बकासुर : ओ दुष्ट। तू ऐसे नहीं मानेगा। मैं अभी तुझे पानी पिलाता हूँ। साबूत न चबा गया तो बकासुर न कहना। आ तो .....

भीम : आने को क्या है ? ले .... आ, कुश्ती लड़ेगा ? आ लड़। (दोनों कुश्ती लड़ते हैं) शोर मत कर। अब बोल, दबाऊँ गला। (बकासुर चीखता है) चीखता क्यों है बे ? चालीस साल से

©KTBS Not to be republished

एक आदमी, दो भैंसे, एक गाड़ी अन्न, रोज़ खा रहा है। कहाँ हैं सब ? निकाल। (मारता है।) अबे, सुनता है (बक चीखता है, भीम अट्टहास करता है।) अबे, चीखता क्यों है। चुप रह। मैं कहता हूँ, चुप रह। अबे, सुनता नहीं? (बक चीखता है। बड़ा ज़ोर लगाता है और उसकी आँखें फट जाती हैं।) तो ले। (ज़ोर से धरती पर पटकता है) अभी तेरे दो टुकड़े किये देता हूँ। (चीर देता है, एक भयंकर चीख के साथ राक्षस मर जाता है। भीम अट्टहास करता है)

हा, हा, हा। मर गया। चींटी की तरह मर गया। वाह, बेटा ....

(उसी समय बड़े जोर का शोर उठता है। राक्षस लोग दौड़कर आते हैं। काँपते-काँपते भीम को देखते हैं।)



भीम : ओ। तुम बकासुर के सिपाही हो ? खबरदार, जो अब शरारत की। रहना हो तो रहो, पर गाँववालों को तंग न करना, समझे ? जाओ भागो, ले जाओ इस लाश को। (किसी की बोल नहीं निकलती। सभी भयातुर खड़े रहते हैं।) अबे, सुनते नहीं ? लाश को उठाकर नगरी के दरवाज़े पर रख दो, जिसे सब गाँववाले देख लें।

एक राक्षस : (हकलाते हुए) जी.... जी.... अच्छा....

©KTBS Not to be republished

भीम : और आदमियों को मत खाना।

सभी राक्षस: जी... जी.... नहीं।

भीम : चलो, ले चलो उठाकर।

(वे डरते-डरते लाश उठाकर जाते हैं। भीम अन्न के फाँके मारता हुआ उनके पीछे-पीछे जाता है। परदा गिरता है।)

*****

## लेखक परिचय

प्रसिद्ध रेडियो नाटककार श्री **विष्णु प्रभाकर** (1912-2009) का जन्म मीरापुर जिले के मुजफ्फरनगर, उत्तरप्रदेश में हुआ था। आपके प्रसिद्ध एकांकी संग्रह हैं - 'प्रकाश और परछाइयाँ', 'ऊँचा पर्वत, गहरा सागर', 'माँ का बेटा', 'इन्सान और अन्य एकांकी', 'अशोक तथा अन्य एकांकी', 'माँ-बाप' आदि। सोवियट लैण्ड पुरस्कार से सम्मानित आपने साठ से अधिक पुस्तकों के एवं अनेक पत्र-पत्रिकाओं के संपादन में भी योगदान दिया है। 'आवारा मसीहा' आपकी प्रसिद्ध जीवनी है। आपके उपन्यास हैं - अर्धनारीश्वर, (केंद्र साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत) तट के बंधन, निशिकांत, स्वप्नमयी व दादा की कचहरी। कहानी-संग्रह हैं–धरती अब भी घूम रही है, मेरी प्रिय कहानियाँ, संघर्ष के बाद, आदि और अंत।

**शब्दार्थ :**

विपदा-मुसीबत, रम जाना-मग्न होना, दिल बहलाना; पहेलियाँ बुझाना-घुमाव-फिराव की बात करना, रखवाली - पहरेदारी, हिफाज़त ; बारी - क्रमवार स्थिति, भुगतना - झेलना, उजाड़ना - बरबाद करना, अजीब - विचित्र, विलक्षण; सब्र-सहनशीलता, धीरज ; उतावला - जल्दबाज, फाँकना-मुँह में डालना, बहकाना-चकमा देना, धोखा देना; ज़बान सँभालना - बोलने में उचित - अनुचित का विचार करना, साबूत - सब, समूचा; शरारत - दुष्टता, शैतानी; तंग करना-परेशान करना, लाश-शव, हकलाना-रुक रुककर बोलना।

©KTBS Not to be republished

**मुहावरे :**

1. पानी पिलाना - सबक़ सिखाना
2. हिम्मत न हारना - अटल रहना
3. भाग्य फूटना - बुरा होना
4. आग बबूला होना - क्रोधित होना
5. रो-पीटना - दुख से समय काटना

**अभ्यास**

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. बकासुर कहाँ रहता था ?
2. भीम कौन था ?
3. राक्षस का नाम क्या था ?
4. भीम ने बकासुर की लाश को कहाँ रखने के लिए कहा ?
5. कुंती के कितने बेटे थे ?
6. 'भीम और राक्षस' एकांकी के लेखक कौन हैं ?

**II. दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. ब्राह्मण के घर में सब लोग क्यों रो रहे थे ?
2. बकासुर क्या काम करता था और उसके बदले में वह क्या लेता था?

**III. रिक्त स्थान भरिए :**

1. "तुम चले गये तो घर का ________ ही चला जाएगा।"
2. "तुम________ बुझा रहे हो।"
3. "________ को अपने दुख से दुखी नहीं करना चाहिए।"

©KTBS Not to be republished

4. “मैं अभी तुझे ________ पिलाता हूँ।”

5. “अभी तेरे दो ________ किये देता हूँ।”

**IV. विलोम शब्द लिखिए :**

रोना, अपराध, भक्षक, पास, शुद्ध, वीर

**V. जोड़कर लिखिए :**

| **अ** | **आ** |
|---|---|
| 1. बक | लड़ना |
| 2. भीम | का घर |
| 3. युद्ध | कुंती का पुत्र |
| 4. ब्राह्मण | राक्षस |

**VI. अन्य लिंग शब्द लिखिए :**

ब्राह्मण, बेटा, अकेला, पुतला

**VII. 'भीम' पाँच पांडवों में से एक है। बाकी चार पांडवों के नाम लिखिए:**

1. ________ 2.________ 3.________ 4.________

**इसी प्रकार जानिये:**

पाँच तत्व - पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, आकाश

पाँच इंद्रिय - आँख, कान, नाक, जीभ, त्वचा (स्पर्श)

पाँच अमृत - दूध, दही, घी, शक्कर, शहद

©KTBS Not to be republished

**VIII. इन वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए:**

**उदा:** 1. जो बलहीन हो - दुर्बल

2. जिसके आने की कोई तिथि न हो - __________

3. जो रक्षा करता हो - __________

4. जिसके मन में दया न हो - __________

5. जो शोक न करता हो - __________

6. जो भारत में रहता हो - __________

7. गोद लिया हुआ - __________

**IX. कन्नड़ में अनुवाद कीजिए:**

1. उसका पूरा नाम बकासुर है।
2. इस नगरी का राजा बड़ा दुर्बल है।
3. भगवान तुम्हारे बेटे की रक्षा करेगा!
4. बड़ा अजीब आदमी है।

**X. अनुरूपता :**

1. सहदेव : माद्रि का बेटा :: भीम : __________
2. भीम : मानव :: बकासुर : __________
3. अर्धनारीश्वर : उपन्यास :: आवारा मसीहा : __________
4. भाग्य फूटना : बुरा होना :: पाठ पढ़ाना : __________

## भाषा ज्ञान

**संबंधबोधक अव्यय :**

मकान **के पास** कुछ बोरे पड़े हैं।

चींटी **की तरह** मर गया।

उपर्युक्त वाक्यों में **के पास** और **की तरह** शब्द मकान एवं चींटी शब्दों का वाक्य के अन्य शब्दों के साथ संबन्ध सूचित कर रहे हैं।

©KTBS Not to be republished

जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के साथ आकर उनका संबंध वाक्य के दूसरे शब्दों के साथ जोड़ते हैं, वे 'संबंधबोधक' कहलाते हैं।

**संबंधबोधक के निम्नलिखित दस भेद हैं:**

1. समतावाचक - की भाँति, के बराबर, के समान, की तरह आदि
2. विरोधवाचक - के विपरीत, के विरुद्ध, के खिलाफ आदि
3. स्थानवाचक - के पास, से दूर, के नीचे, के भीतर आदि
4. दिशावाचक - की ओर, के आस-पास, के सामने आदि
5. तुलनावाचक - की तरह, की अपेक्षा आदि
6. हेतुवाचक - के कारण, के लिए, की खातिर आदि
7. कालवाचक - से पहले, के बाद, के पश्चात् आदि
8. पृथक्वाचक - से अलग, से दूर, से हटकर आदि
9. साधनवाचक - के द्वारा, के माध्यम, के सहारे आदि
10. संगवाचक - के साथ, के संग, समेत आदि

**I. निम्नलिखित वाक्यों में से संबंधबोधक शब्द छाँटकर लिखिए:**

1. मुझे अंगूर की अपेक्षा खजूर पसंद है। ____________
2. पड़ोसी के घर के बाहर भीड़ लगी है। ____________
3. नदी के पास साधु की कुटिया थी। ____________
4. गायों के संग कृष्ण वन में जाते थे। ____________
5. अन्याय के विरूद्ध जनता ने आंदोलन किया। ____________

**II. रिक्त स्थानों में उचित संबंधबोधक भरिए:**

**उदा: रस्सी के ऊपर कपड़े सूख रहे हैं।**

1. पैसों ____________ भिखारी तरस रहा था।
2. कुएँ ____________ मेंढ़क उछल रहा है।

©KTBS Not to be republished

3. मुकेश __________ कोई चला आ रहा है।

4. चोर, पुलिस __________ पकड़ा गया।

5. पेड़ __________ फल पड़ा है।

**III. निम्नलिखित संबंधबोधक शब्दों का प्रयोग वाक्यों में कीजिए:**

1. की तरह - ________________
2. से दूर - ________________
3. के कारण - ________________
4. के समान - ________________
5. के साथ - ________________

**IV. इन वाक्यों को पढ़कर संबंधबोधक शब्दों को रेखांकित कर भेदों के नाम लिखिए:**

1. राधा अपने पिता के संग चल रही थी। ________________
2. चिड़िया पेड़ के ऊपर बैठी है। ________________
3. अन्याय के विरुद्ध हमें लड़ना है। ________________
4. मुझे माँ के खातिर खाना पड़ेगा। ________________
5. शिक्षा के माध्यम से हमें ज्ञान बाँटना है। ________________

**अध्यापन संकेत :**

✻ भीम और बकासुर के संवाद को पात्राभिनय के द्वारा प्रस्तुत करवाएँ।
✻ 'भीम और राक्षस' एकांकी को कहानी के रूप में लिखवाएँ।
✻ महाभारत के प्रमुख पात्रों के नाम से छात्रों को परिचित कराएँ।

©KTBS Not to be republished

# 9. नफ़े के चक्कर में

**- संकलित**

**आशय :**

**आदमी अपनी मेहनत से जो प्राप्त करता है, वही उसके हाथ लगता है। बिना परिश्रम किए किसी भी वस्तु को पाने की इच्छा करना लालच कहलाती है। इस कहानी में नफे के चक्कर में पड़े एक व्यक्ति की दशा का वर्णन अत्यंत मनोविनोद रूप में वर्णित है।**

एक दिन बाबू भाई को नारियल खाने का मन हुआ। उसके बारे में सोचते ही बाबू भाई ने अपने होठों को चटकारा, ''वाह क्या मीठा-मीठा-सा स्वाद होगा!''

लेकिन एक छोटी - सी समस्या थी। घर में तो एक भी नारियल नहीं था। ''ओहो! अब मुझे बाज़ार जाना पड़ेगा और पैसे भी खर्च करने पड़ेंगे।'' जूते पहनकर, छड़ी उठाकर, बाबू भाई निकल पड़े।

बाज़ार में लोग अपने-अपने कामों में लगे थे। देखते-पूछते, वे नारियलवाले के पास पहुँच गए।

''ऐ नारियलवाले, नारियल कितने में दोगे?'' बाबू भाई ने पूछा।

नारियलवाले ने कहा, ''बस, दो रुपए में काका'', बाबू भाई ने आँखें फैलाकर कहा, ''बहुत ज़्यादा है। एक रुपए में दे दो!''

नारियलवाले ने कहा, ''ना जी ना। दो रुपए, सही दाम। ले लो या छोड़ दो,''

''ठीक है! ठीक है!''बाबू भाई बड़बड़ाए। ''अच्छा तो बताओ, एक रुपए में कहाँ मिलेगा?''

नारियलवाले ने कहा, ''यहाँ से थोड़ी दूर जो मंडी है, वहाँ शायद मिल जाए।''

©KTBS Not to be republished

बाबू भाई उसी तरफ़ चल पड़े।



मंडी में कोलाहल फैला हुआ था। व्यापारियों की ऊँची-ऊँची आवाज़ें गूँज रही थीं।

नारियलवाले को देखकर बाबू भाई ने पूछा, ''अरे भाई, एक नारियल कितने में दोगे?''

''सिर्फ़ एक रुपया, काका,'' नारियलवाले ने जवाब दिया, ''जो चाहो ले जाओ। जल्दी।''

बाबू भाई ने कहा, ''यह क्या? मैं इतनी दूर से आया हूँ और तुम पूरा एक रुपया माँग रहे हो। पचास पैसे काफ़ी हैं। मैं इस नारियल को लेता हूँ और तुम, यह लो, पकड़ो, पचास पैसे।''

नारियलवाले ने झट बाबू भाई के हाथ से नारियल को छीन लिया और बोला, ''माफ़ करो, काका। एक रुपया या फिर कुछ नहीं।'' लेकिन बाबू भाई का निराश चेहरा देखकर बोला, ''बंदरगाह पर चले जाओ, हो सकता है वहाँ तुम्हें पचास पैसे में मिल जाए।''

बाबू भाई अपनी छड़ी से टेक लगाकर सोचने लगे, ''आखिर पचास पैसे तो पूरे पचास पैसे हैं। वैसे भी मेरी टाँगों में अभी भी दम है।''

पैरों को घसीटते हुए, बाबू भाई चलने लगे। सागर के किनारे एक नाववाला बैठा था। उसके सामने दो-चार नारियल पड़े थे। 'अरे भाई, एक नारियल कितने में दोगे?'' बाबू भाई ने पूछा और कहा, ''ये तो काफ़ी अच्छे दिखते हैं।''

©KTBS Not to be republished

‘‘काका, यह कोई पूछने वाली बात है? केवल पचास पैसे’’ नाववाले ने कहा।

‘‘पचास पैसे! बाबू भाई हक्के-बक्के हो गए। इतनी दूर से पैदल आया हूँ। इतना थक गया हूँ और तुम कहते हो पचास पैसे? मेरी मेहनत बेकार हो गई। ना भाई ना! पचास पैसे बहुत ज़्यादा हैं। मैं तुम्हें पच्चीस पैसे दूँगा। यह लो, रख लो।’’ ऐसा कहते हुए, बाबू भाई झुककर नारियल उठाने ही वाले थे...

नाववाले ने कहा, ‘‘नीचे रख दो। मेरे साथ कोई सौदा-वौदा नहीं। सस्ते में चाहिए? नारियल के बगीचे में चले जाओ। वहाँ ढेर सारे मिल जाएँगे, मनपसंद दाम में।’’

बाबू भाई ने फिर अपने आप को समझाया, ‘‘इतनी दूर आया हूँ। अब बगीचे तक जाने में हर्ज ही क्या है?’’ सच बात तो यह थी कि वे काफ़ी थक चुके थे, मगर पच्चीस पैसे बचाने के ख्याल से ही उनमें फुर्ती आ गई।

बाबू भाई नारियल के बगीचे में पहुँच गए। वहाँ के माली को देखकर उससे पूछा, ‘‘यह नारियल कितने में बेचोगे?’’

माली ने जवाब दिया, ‘‘जो पसंद आए ले जाओ, काका, बस, पच्चीस पैसे का एक।’’

‘‘हे भगवान! पच्चीस पैसे! पूरा रास्ता पैदल आने के बाद भी! मेरी बात मानो, एक नारियल मुफ़्त में ही दे दो, हाँ। देखो, मैं कितना थक गया हूँ।’’

बाबू भाई की बात सुनकर माली ने कहा, ‘‘अरे, काका! मुफ़्त में चाहिए न? पेड़ पर चढ़ जाओ और जितने चाहो तोड़ लो।

‘‘सच? जितना चाहूँ ले लूँ?’’ बाबू भाई तो खुशी से फूले न समाए।

उन्होंने जल्दी-जल्दी पेड़ पर चढ़ना शुरू कर दिया।

©KTBS Not to be republished

पेड़ पर चढ़ते-चढ़ते बाबू भाई ने सोचा "बहुत अच्छे! मेरी तो किस्मत खुल गई। जितने नारियल चाहे तोड़ लूँ और पैसे भी न दूँ। क्या बात है!"

बाबू भाई ऊपर पहुँच गए और दोनों हाथों को आगे बढ़ाने लगे सबसे बड़े नारियल को तोड़ने के लिए। ज़्ज़्क! पैर फिसल गए। बाबू भाई ने एकदम से नारियल को पकड़ लिया। उनके दोनों पैर हवा में झूलते रह गए।

बाबू भाई चिल्लाने लगे, "अरे भाई! मदद करो!" उन्होंने नीचे खड़े माली से विनती की।

माली ने कहा, "वो मेरा काम नहीं, काका, मैंने सिर्फ़ नारियल लेने की बात की थी। बाकी सब तुम्हारे और तुम्हारे नारियल के बीच का मामला है।"

तभी ऊँट पर सवार एक आदमी वहाँ से गुज़रा।

"अरे ओ!" बाबू भाई ज़ोर-ज़ोर से बुलाने लगे, "ओ ऊँटवाले! मेरे पैर वापस पेड़ पर टिका दो न! बड़ी मेहरबानी होगी।"

ऊँटवाले ने सोचा, "चलो, मदद कर देता हूँ। मेरा क्या जाता है।"



ऊँट की पीठ पर खड़े होकर उसने बाबू भाई के पैरों को पकड़ लिया। ठीक उसी समय ऊँट को हरे-हरे पत्ते नज़र आए। पत्ते खाने के लालच में ऊँट ने गर्दन झुकाई और अपनी जगह से हट गया।

बस, वह आदमी ऊँट की पीठ से फिसल गया! अपनी जान बचाने के लिए उसने बाबू भाई के पैरों को कसकर पकड़ लिया। इतने में एक घुड़सवार आया।

घुड़सवार को देखकर बाबू भाई ने दुहाई दी, "ओ मेरे भाई, मुझे पेड़ पर वापस पहुँचा दो।"

Not to be republished ©KTBS

‘‘हम्म्म। एक मिनट भी नहीं लगेगा। मैं घोड़े की पीठ पर चढ़कर इनकी मदद कर देता हूँ’’ यह सोचकर घुड़सवार घोड़े पर उठ खड़ा हुआ।

घास के चक्कर में घोड़ा ज़रा आगे बढ़ा और छोड़ चला अपने मालिक को ऊँटवाले के पैरों से लटकते हुए।

एक, दो और अब तीनों के तीनों - झूलते रहे नारियल के पेड़ से।

‘‘काका! काका! कसके पकड़े रहना, हाँ’’, घुड़सवार ने पसीना-पसीना होते हुए कहा, ‘‘जब तक कोई बचाने वाला न आए, कहीं छोड़ न देना। मैं आपको सौ रुपए दूँगा।’’

‘‘काका! काका!’’ अब ऊँटवाले की बारी थी। ‘‘मैं आपको दो सौ रुपए दूँगा, लेकिन नारियल को छोड़ना नहीं।’’

‘‘सौ और दो सौ! बाप रे बाप, तीन सौ रुपए!’’ बाबू भाई का सिर चकरा गया। ‘‘इतना सारा पैसा!’’ खुशी से उन्होंने अपनी दोनों बाहों को फैलाया... और नारियल गया हाथ से छूट।

धड़ाम से तीनों ज़मीन पर गिरे। बाबू भाई अपने आप को सँभाल ही रहे थे कि एक बहुत बड़ा नारियल उनके सिर पर आ फूटा।

*****

**शब्दार्थ :**

नफे का चक्कर - लाभ के पीछे भागना, नारियल - ಎಳನೀರು, Tender Coconut ; छड़ी - सीधी पतली लकडी या लाठी, दाम-कीमत, मूल्य ; शायद-संभवतः, बंदरगाह-समुद्र का तट जहाँ जहाज रुकते-ठहरते हैं, (Port) ; टाँग - पैर, पाँव; दम - शक्ति, घसीटना-ज़मीन से रगड़ते हुए खींचना, हक्का - बक्का होना-चकित होना, बेकार-व्यर्थ, सौदा-व्यापार, हर्ज-हानि, नुकसान; फुर्ती -उत्साह, मुफ्त - निःशुल्क, फूले न समाना-अधिक प्रसन्न होना, झूलना -लटकना, मामला - विषय, व्यवहार ; मेहरबानी-कृपा, कसकर - मजबूती से, पसीना-पसीना होना - भयभीत होना, चकराना-घूम जाना।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. किसको नारियल खाने का मन हुआ?
2. बाज़ार में लोग क्या कर रहे थे?
3. बाज़ार में नारियलवाले ने बाबू भाई को कहाँ जाने को कहा?
4. पचास पैसे में नारियल कहाँ मिलनेवाले थे?
5. कितने पैसे बचाने की सोच में बाबू भाई में फुर्ती आ गयी?
6. बाबू भाई ने मुफ़्त में नारियल किससे माँगा?
7. घुड़सवार ने कितने रुपए देने की बात कही?
8. ऊँट सवार ने कितने रुपए देने की बात कही?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए:**

1. नारियल को झट से छीनकर बाबू भाई से नारियलवाले ने क्या कहा?
2. बाबू भाई मन-ही-मन क्या सोचने लगे?
3. नाववाले से बाबू भाई ने नारियल को पच्चीस पैसे में देने के लिए किस तरह आग्रह किया?
4. बाबू भाई ने किन-किन-से मदद माँगी?

**III. जोड़कर लिखिए:**

| | |
|---|---|
| 1. बाबू भाई | दो सौ रुपये |
| 2. माली | सौ रुपये |
| 3. हे भगवान! | बगीचा |
| 4. ऊँटवाला | नारियल |
| 5. घुड़सवार | पच्चीस पैसे! |
| | पसीना |

©KTBS Not to be republished

## IV. विलोम शब्द लिखिए :

1. दिन x ____________
2. मीठा x ____________
3. छोटी x ____________
4. बहुत x ____________
5. सही x ____________
6. अच्छा x ____________
7. दूर x ____________
8. जवाब x ____________
9. सामने x ____________
10. पसंद x ____________
11. खरीदना x ____________

## V. अन्य वचन रूप लिखिए:

1. घर - ____________
2. जूता - ____________
3. रुपया - ____________
4. पैसा - ____________
5. आवाज़ - ____________

©KTBS Not to be republished

6. बात - __________

7. पेड़ - __________

8. नज़र - __________

9. घोड़ा - __________

**VI. अन्य लिंग शब्द लिखिए :**

1. भाई - __________
2. काका - __________
3. माली - __________
4. घोड़ा - __________
5. ऊँट - __________
6. आदमी - __________
7. बाप - __________

**VII. पाठ में 'वाला' परसर्ग का प्रयोग हुआ है। जैसे - नारियलवाला, नाववाला, ऊँटवाला आदि।**

'वाला' परसर्ग जोड़कर रिक्त स्थान भरिए :

**उदा: ऊँटवाला इधर ही आ रहा है। (ऊँट) - (पुल्लिंग रूप)**

1. ________ आज काम पर नहीं आयी। (काम) (स्त्रीलिंग रूप)
2. आज गीत ________ बहुत हो गये। (गाने) (बहुवचन रूप)
3. गहरी नींद ________ जल्दी जागते नहीं। (सोने) (बहुवचन रूप)

©KTBS Not to be republished

4. अच्छा परिणाम ________ परिश्रम करता है। (चाहने) (एकवचन रूप)

5. संतुलित आहार ________ स्वस्थ रहता है। (खाने) (एकवचन रूप)

**VIII. बाबू भाई के नारियल खरीदने का सौदा कितने रुपए से लेकर कहाँ तक आ पहुँचा?**

निम्नलिखित उदाहरण के अनुसार तालिका में लिखिए:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **पहली बारी** | **बाज़ार में** | **नारियलवाले से** | **दो रुपए** |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |
| 5. | | | | |

**IX. कन्नड में अनुवाद कीजिए:**

1. घर में तो एक भी नारियल नहीं था।
2. यहाँ से थोड़ी दूर जो मंडी है वहाँ शायद मिल जाए।
3. इतनी दूर से पैदल आया हूँ।
4. बाबू भाई ने जल्दी-जल्दी पेड़ पर चढ़ना शुरू किया।
5. बाबू भाई ने नारियल को पकड़ लिया।

©KTBS Not to be republished

**X. पाठ में 'ना जी ना' शब्द का प्रयोग हुआ है। यह नकारात्मक भाव को सूचित करता है। वैसे ही 'हाँ जी हाँ' शब्द सकारात्मक भाव को सूचित करता है। निम्नलिखित तालिका में कुछ वाक्य दिये गये हैं, उनके सामने सोचकर इन शब्दों को लिखिए:**

| | **क्र.सं.** | **वाक्य** | **आप क्या कहते है।** |
|---|---|---|---|
| **उदा:** | 1. | मैं पुस्तक पढ़ना चाहता हूँ । | हाँ जी हाँ |
| | 2. | मैं दूसरों की निंदा करता हूँ । | ________ |
| | 3. | पर्यावरण की रक्षा करना चाहिए। | ________ |
| | 4. | पेड़ हमारे मित्र हैं। | ________ |
| | 5. | परीक्षा में नकल करना है। | ________ |
| | 6. | माता-पिता की बात माननी है। | ________ |
| | 7. | गुरुजनों का आदर करना है। | ________ |

**XI. अनुरूपता :**

1. दो-चार : शब्द युग्म :: अपने-अपने : ____________
2. काका : काकी :: चाचा : ____________
3. माफ़ : नुक्ता शब्द :: मंडी : ____________
4. हे भगवान ! : विस्मयबोधक :: कौन? : ____________

**टिप्पणी :** 'नफ़े के चक्कर में', गुजराती लोककथा है। गुजरात में 'भाई' और 'बेन' आदर सूचक शब्द हैं। पुरुष के नाम के साथ 'भाई' और औरत के नाम के साथ 'बेन' शब्द का प्रयोग होता है। जैसे कन्नड में 'रवरे' या 'यवरे', तेलुगु में 'गारु' और हिंदी में 'जी' शब्द का प्रयोग होता है।

©KTBS Not to be republished

## भाषा ज्ञान

**द्वित्व शब्द** - एक साथ युग्म रूप में प्रयुक्त शब्द द्वित्व शब्द कहलाते हैं।

**द्वित्व शब्द**

**पुनरुक्ति या दिवरुक्ति**
एक ही अर्थ देनेवाले एक जैसे शब्द
अच्छे-अच्छे, दस-दस, धीरे-धीरे, कभी-कभी, रो-रो, खा-खा आदि।

**शब्द-युग्म/जोड़ी शब्द**
विलोमार्थक, सार्थक-निरर्थक, अन्यलिंग
आज-कल, सुबह-शाम, छोटा-बड़ा आदि,
मार-पीट, झाड़-फूँक, डाँट-डपट आदि,
चाय-वाय, मेज़-वेज़, पैसा-वैसा आदि,
माँ-बाप, भाई-बहन, लड़का-लड़की, आदि।

**I. पाठ में से द्वित्व शब्दों को ढूँढ़कर लिखिए:**

**उदा:** 1. मीठा-मीठा 6. ________
2. देखते-पूछते 7. ________
3. ________ 8. ________
4. ________ 9. ________
5. ________ 10. ________

**अध्यापन संकेत :**

* छात्र दुकान जाते हैं, तो दुकानदार और उनके बीच का संवाद कैसा रहेगा? लिखवाएँ।
* कक्षा में स्थानीय लोककथा को सुनवाएँ।

©KTBS Not to be republished

# 10. चलना हमारा काम है

-शिवमंगल सिंह 'सुमन'

**आशय :**

**बच्चे इस कविता के द्वारा यह सीखते हैं कि जीवन के सफर में अनेक रुकावटें आती हैं और उनका सामना करते हुए लक्ष्य-प्राप्ति तक कदम बढ़ानेवाला व्यक्ति आदरणीय होता है।**



गति प्रबल पैरों में भरी
फिर क्यों रहूँ दर दर खड़ा
जब आज मेरे सामने
है रास्ता इतना पड़ा
जब तक न मंजिल पा सकूँ,
तब तक मुझे न विराम है,
चलना हमारा काम है।

मैं पूर्णता की खोज में
दर-दर भटकता ही रहा
प्रत्येक पग पर कुछ न कुछ
रोड़ा अटकता ही रहा
पर हो निराशा क्यों मुझे?
जीवन इसी का नाम है,
चलना हमारा काम है।

कुछ साथ में चलते रहे
कुछ बीच ही से फिर गए,
पर गति न जीवन की रुकी
जो गिर गए सो गिर गए
जो रहे हर दम,
उसी की सफलता अभिराम है,
चलना हमारा काम है।

*****

© KTBS Not to be republished

## कवि परिचय

शिवमंगल सिंह 'सुमन' जी का जन्म 5 अगस्त सन् 1915 को उत्तर प्रदेश राज्य के उन्नाव जिले के झगरपुर गाँव में हुआ। बनारस हिंदू विश्व विद्यालय से इन्होंने स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी की उपाधि प्राप्त की। भागलपुर विश्वविद्यालय से इन्होंने डी. लिट् की उपाधि भी प्राप्त की। इसी वर्ष उनको 'पद्मश्री' पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। 'सुमन' जी 'पद्मभूषण', देव पुरस्कार, सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार, शिखर सम्मान, भारत-भारती आदि पुरस्कारों से सुशोभित हैं । ऐसे श्रेष्ठ साहित्यकार का निधन 27 नवेंबर 2002 में हृदयगति रुक जाने के कारण हुआ।

प्रमुख रचनाएँ - युग का मोल, प्रलय सृजन, विंद्या-हिमालय, वाणी की व्यथा, उद्यम और विकास (गीति काव्य) प्रकृति-पुरुष, कालीदास (नाटक) आदि हैं। 1974 में इनकी कृति 'मिट्टी की बारात' पर साहित्य अकादमी का पुरस्कार मिला।

**शब्दार्थ :**

गति-चाल, गमन, सामर्थ्य; पैर-पाँव, दर-द्वार, रास्ता-मार्ग, मंजिल - लक्ष्य, विराम-विश्रांति, आराम; खोज - शोध, ढूँढ़; पग-कदम, रोड़ा-ईंट या पत्थर का बड़ा ढेला, बाधाएँ ; अटकता रहना - रोकना, उलझाना; अभिराम - सुन्दर, मनोहर।

### अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. पैरों में कैसी गति भरी है?
2. कवि के अनुसार कब तक विराम नहीं है?
3. हमारा काम क्या है?
4. कवि किसकी खोज में भटक रहे हैं?
5. प्रत्येक पग पर क्या अटकता रहा है?

©KTBS Not to be republished

6. किसकी गति रुकी नहीं है?

7. ‘चलना हमारा काम है’ के कवि कौन हैं?

## II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए:

1. ‘आज मेरे सामने है रास्ता इतना पड़ा’ पंक्ति का आशय क्या है?

2. कविता की अंतिम पंक्तियों में कवि ने क्या संदेश दिया है?

## III. तुकांत शब्दों को पहचानकर लिखिए:

1. खड़ा ____________

2. विराम ____________

3. काम ____________

4. अभिराम ____________

## IV. निम्नलिखित पंक्तियों को सही शब्दों से भरिए:

1. फिर क्यों रहूँ ____________ खड़ा

2. तब तक ____________ है

3. कुछ ____________ से फिर गए

4. जो गिर गए ____________ गए

## V. उचित विलोम शब्दों को छाँटकर लिखिए:

1. विराम x ____________
2. पूर्णता x ____________
3. निराशा x ____________
4. सफलता x ____________
5. सामने x ____________
6. जन्म x ____________

आराम, अपूर्णता, विनाश, अविराम, असफलता, अलसता, मरण, आगे, पीछे, आशा, जवान, सम्मान

©KTBS Not to be republished

**VI. विशेषण शब्दो के साथ 'ता' प्रत्यय जुड़ने से भाववाचक संज्ञाएँ बनती हैं। कविता में 'पूर्णता' 'सफलता' शब्दों में 'ता' प्रत्यय जुड़ा है, ऐसे 'ता' प्रत्यय से जुड़े 5 शब्दों की सूची बनाइए :**

**उदा : सुंदर + ता = सुंदरता**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | + | ता = | |
| 2 | | + | ता = | |
| 3 | | + | ता = | |
| 4 | | + | ता = | |
| 5 | | + | ता = | |

**VII. इस कविता की प्रथम सात पंक्तियों को कंठस्थ कीजिए ।**

**VIII. भावार्थ लिखिए:**

मैं पूर्णता की खोज में
दर-दर भटकता ही रहा
प्रत्येक पग पर कुछ न कुछ
रोड़ा अटकता ही रहा
निराशा क्यों मुझे?
जीवन इसी का नाम है,
चलना हमारा काम है।

**IX. अनुरूपता :**

1. जन्म : मरण :: बहुत : __________
2. चलना : चलाना :: गिरना : __________
3. पैर : पाँव :: सड़क : __________
4. रोड़ा : संज्ञा शब्द :: भटकना : __________

©KTBS Not to be republished

## कविता से आगे-

✻ इस कविता का शीर्षक 'चलना हमारा काम है' के बदले और क्या हो सकता है सोचकर उचित शीर्षक का चयन करें।

**अध्यापन संकेत:**

✻ नीचे कुछ शब्द दिये गये हैं । उनकी सहायता से बच्चों से एक छोटी कविता लिखवाने की कोशिश करें या स्वयं कविता लिखकर छात्रों से वाचन करवाएँ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नाम | मान | जहान | महान | शान |
| प्यारा | न्यारा | कठोर | ठोकर | सारा |
| मति | क्षति | गति | उन्नति | प्रगति |

✻ जीवन मूल्यों से संबंधित 10 गुणों की सूची बच्चों से बनवाकर कक्षा में टँगवाएँ ।

©KTBS Not to be republished

# 11. खेलो-कूदो-स्वस्थ रहो

- संकलित


**आशय :**

**जीवन में स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण स्थान है। सेहत को बनाए रखने के लिए कई लोग बहुत पैसे खर्च करते हैं। पैसे खर्च किये बिना ही अपने जीवन को स्वस्थ रखने के लिए ''खेलो-कूदो-स्वस्थ रहो'' - इस सूत्र को अपनाएँ।**



खेलों की दुनिया में सदा आनंद और उल्लास का वातावरण रहता है। उत्साह का शीतल समीर बहता रहता है। खेल से तन-मन स्वस्थ होता है। मनोरंजन भी मिलता है।


खेल कई तरह के होते हैं। साधारणतया उनके दो भेद किये जाते हैं - शारीरिक खेल और मानसिक खेल। जिन खेलों में शारीरिक श्रम अधिक करना पड़ता है, उन्हें शारीरिक खेल कहा जाता है। उदाहरण के लिए कबड्डी, हॉकी, गुल्लीडंडा, क्रिकेट, कुश्ती, फुटबाल, बैडमिंटन, तैरना, दौड़ना आदि। इसके विपरीत जिन खेलों में मानसिक श्रम अधिक होता है, उन्हें मानसिक खेल कहते हैं। उदाहरण के लिए शतरंज, केरम, पासा, बकरी-बाघ खेल आदि।



©KTBS Not to be republished

इसी प्रकार वैयक्तिक खेल और सामूहिक खेल के रूप में भी भेद किये जा सकते हैं। व्यक्तिगत खेलों में तैरना, दौड़ना, एयरोबिक्स, तीर चलाना, बिलियर्ड्स, शूटिंग, नाव चलाना, छलांग मारना आदि। सामूहिक खेलों में वॉलिबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन आदि।

इसी प्रकार खेलों का और एक भेद भी है। कबड्डी, क्रिकेट, हॉकी, वॉलिबॉल आदि मैदानी (Outdoor) खेल हैं। शतरंज, केरम, पासा आदि घरेलू खेल (Indoor) हैं।





आजकल हमारे देश में हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, कुश्ती आदि खेल काफी लोकप्रिय हो रहे हैं।

राज्य और राष्ट्र के स्तर पर खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए जाते हैं। जैसे अर्जुन, एकलव्य, द्रोणाचार्य, ध्यानचंद, राजीव खेलरत्न आदि। पुरस्कार के साथ धनराशी भी दी जाती है। अच्छे-अच्छे खिलाड़ियों को और पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को भी राज्य सरकार, केंद्र सरकार, बैंक और कई कंपनियों में नौकरी दी जाती है। पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को नौकरियों की भर्ती में आरक्षण की सुविधा भी रहती है। इतना ही नहीं रेल, हवाईजहाज़ आदि में सफ़र करने के लिए भी विशेष रूप से आरक्षण की सुविधा दी जाती है। कई कंपनियाँ खिलाड़ियों को अपने प्रतिनिधि बना लेती हैं।

जीवन में खेलों का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है। खेल छात्र जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। छात्रों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलना भी ज़रूरी है। खेलों द्वारा बच्चों में धैर्य, लगन, परिश्रम, उत्साह तथा परस्पर सहयोग आदि गुणों का विकास होता है।

©KTBS Not to be republished







जहाँ विद्‌यालय में छात्र शिक्षा द्‌वारा अनेक विषयों का ज्ञान प्राप्त करते हैं, वहीं खेलों द्‌वारा जीवन का अनुभव प्राप्त करते हैं।

नेहरू जी के अनुसार खेल को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। नेहरू जी के समान ही गांधीजी भी स्वास्थ्य के लिए व्यायाम को आवश्यक मानते थे। खेल भी व्यायाम का ही एक अंग है। खेलने से हमारे अंगों की कसरत हो जाती है और हम हृष्ट-पुष्ट बनते हैं। अतः अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेलना ज़रूरी है।

©KTBS
Not to be republished

खेलों द्वारा हम नाम के साथ-साथ धन भी कमा सकते हैं। आजकल खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए विद्यालयों में भी 'खेल-दिवस' का आयोजन किया जाता है। जीतनेवाले बच्चों को पुरस्कार दिए जाते हैं। सभी बच्चों को खेलों में भाग लेना चाहिए ताकि वे स्वस्थ बनें। कहा जाता है कि "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।"

अतः तन-मन दोनों को स्वस्थ बनाने के लिए खेलना अत्यन्त आवश्यक है।

*****

**शब्दार्थ :**

छात्र – विद्यार्थी , ज़रूरी – आवश्यक , शीतल – ठंडा , समीर – हवा, वायु ; विकास – प्रगति, उन्नति ; तलाश – ढूँढ़, खोज; चोट – घाव, हिस्सा – भाग, स्वास्थ्य – तंदुरुस्ती, सेहत ; कसरत – व्यायाम, सहयोग – सहकार, चिंता – परेशानी, खाली – रिक्त, आरक्षण – Reservation, हृष्ट-पुष्ट – तगड़ा, हट्टा-कट्टा।

**अभ्यास**

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. खेलों की दुनिया कैसी है ?
2. व्यक्तिगत खेलों के उदाहरण दीजिए।
3. हम हृष्ट-पुष्ट कैसे बन सकते हैं ?

**II. दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. खेलों के प्रकार लिखते हुए कुछ उदाहरण दीजिए।
2. खेलों से क्या लाभ हैं ?
3. राज्य और राष्ट्र स्तर पर खिलाड़ियों को कौन-कौन-से पुरस्कार दिये जाते हैं?

©KTBS Not to be republished

## III. विलोम शब्द लिखिए :

आवश्यक, ज्ञान, उन्नति, स्वस्थ

## IV. समानार्थक शब्द लिखिए :

दुनिया, वीर, स्पर्धा, पुरस्कार, विद्यार्थी

## V. खाली स्थान भरिए :

1. खेल से __________ स्वस्थ होता है।
2. खेल __________ जीवन का महत्वपूर्ण अंग है।
3. खेल भी __________ का ही एक अंग है।
4. स्वस्थ शरीर में स्वस्थ __________ का निवास होता है।

## VI. वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

उत्साह, पुरस्कार, मानसिक श्रम, आयोजन

## VII. कन्नड़ में अनुवाद कीजिए :


1. खेल कई तरह के होते हैं।
2. जीवन में खेलों का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है।

## VIII. उपकरणों को देखकर खेलों का नाम लिखिए:

1) 
__________

2) 
__________

3) 
__________

4) 
__________

5) 
__________

6) 
__________

Not ©KTBS to be republished

**IX. क्या आपने सतोलिया (लगोरी) खेला है? उस खेल के नियमों को लिखिए:**

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

**X. बचपन में आपने गिल्ली-डंडा, पतंग उड़ाना, कांचे, सतोलिया, लट्टू, खो-खो और छुप्पा-छुप्पी खेला होगा। किसी एक खेल के बारे में पाँच वाक्य लिखिए।**

**XI. अनुरूपता :**

1. शतरंज : मानसिक खेल :: बैडमिटंन : __________
2. क्रिकेट : मैदानी खेल :: केरम : __________
3. तेंडूल्कर : क्रिकेट :: ध्यानचंद : __________
4. तैरना : व्यक्तिगत खेल :: कबड्डी : __________

## भाषा ज्ञान

**'समुच्चयबोधक अव्यय'**

* खेलने से हमारे अंगों की कसरत हो जाती है और हम हृष्ट-पुष्ट बनते हैं।
* मैं घर जल्दी गया किंतु सो नहीं पाया।
* खेलने से शारीरिक व मानसिक बल बढ़ता है।

उपर्युक्त वाक्यों में रेखांकित शब्द समुच्चयबोधक अव्यय हैं।

दो शब्दों, उपवाक्यों और वाक्यों को जोड़ने या अलग करनेवाले शब्दों को 'समुच्चयबोधक' कहते हैं।

**उदाहरण :** कि, लेकिन, किंतु, परंतु, क्योंकि, तथा, एवं, अथवा, मगर आदि।

© KTBS Not to be republished

**समुच्चयबोधक के दो भेद हैं -**

1. **समानाधिकरण समुच्चयबोधक -** दो अथवा दो से अधिक समान पदों, उपवाक्यों या वाक्यों को आपस में जोड़नेवाले शब्दों को समानाधिकरण समुच्चयबोधक कहते हैं। जैसे - या, व, बल्कि, इसलिए, और, तथा आदि।

   * वरुण ने अपना गृहकार्य किया और खेलने चला गया।
   * मदन व नंदन सो रहे हैं।
   * मैंने कोशिश की, लेकिन काम नहीं बना।

2. **व्यधिकरण समुच्चयबोधक -** एक अथवा एक से अधिक आश्रित उपवाक्यों को आपस में जोड़नेवाले शब्द व्यधिकरण समुच्चयबोधक कहलाते हैं। जैसे - तथापि, यद्यपि, कि, क्योंकि, ताकि आदि।

   * माँ ने कहा कि तुरंत तैयार हो जाओ।
   * मैं घर चला आया क्योंकि पैसे खत्म हो गये।
   * अभी परीक्षा की तैयारी करो ताकि अच्छे अंक पा सको।

**I. निम्नलिखित उपवाक्यों को समुच्चयबोधक से जोड़िए :**

(इसलिए, लेकिन, ताकि, अतः, कि, और, या)

1. तुम्हारी तबीयत खराब है। दवाई तो खानी पड़ेगी।
2. जल्दी आओ। समय पर पहुँच सको।
3. विकास ने समझाया। बात मत बढ़ाओ।
4. रामायण महाकाव्य है। महाभारत भी महाकाव्य है।
5. राम घर आया। श्याम घर आया?
6. क्या तुम कॉफी पीओगे। क्या तुम चाय पीओगे ?
7. आज इतवार है। आज सभी दुकानें बन्द हैं।
8. मैं जल्दी गया था। काम नहीं बना।

©KTBS Not to be republished

## II. रिक्त स्थानों में उचित समुच्चयबोधक भरिए:

(क्योंकि, इसलिए, या, बल्कि)

1. उसे खीर नहीं, __________ हलवा खानी है।
2. इस समय बाहर मत निकलो, __________ मौसम खराब है।
3. लता तुम सोना चाहती हो, __________ खेलना चाहती हो?
4. आज मैं थोड़ी देर से उठा, __________ स्कूल समय पर नहीं पहुँच सका।

## III. निम्नलिखित समुच्चयबोधकों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए:

1. लेकिन - __________
2. क्योंकि - __________
3. ताकि - __________
4. या - __________
5. बल्कि - __________

**अध्यापन संकेत :**

* किसी एक प्रसिद्ध खिलाड़ी का जीवन-परिचय, भेंटवार्ता, आत्म-कथन आदि संग्रह करके चित्रों द्वारा बच्चों को समझाएँ।
* छात्रों को कर्नाटक के कुछ मशहूर खिलाड़ियों की जानकारी प्राप्त करवाएँ।

©KTBS Not to be republished

# 12. सड़क की रक्षा - सबकी सुरक्षा

**- संकलित**

**आशय :**

**अच्छे नागरिक होने के नाते हर एक को अपने कर्तव्यों का ध्यान रखना चाहिए जिससे दूसरों को हमारे कारण कोई कष्ट न उठाना पड़े। इस पाठ में सड़क की सुरक्षा, सफाई आदि पर प्रकाश डालते हुए नागरिक के प्रमुख कर्तव्य के प्रति छात्रों को सचेत किया गया है।**

विभु नौवीं कक्षा में पढ़ रहा था। उसे साढ़े नौ बजे तक स्कूल पहुँचना था। उसकी साइकिल खराब हो गयी थी। इसलिए वह सड़क पर जल्दी-जल्दी दौड़ता हुआ जा रहा था। सड़क पर किसीने केले का छिलका फेंक दिया था। हमेशा सबको सफाई का ध्यान रखना चाहिए, मगर कुछ लोग ऐसा नहीं करते। कभी-कभी वे अपने नागरिक के कर्तव्य को भूल जाते हैं। विभु का पाँव छिलके पर पडते ही वह फिसलकर गिर पड़ा। चोट लगी, कपड़े गंदे हो गये तो वह उदास हो गया।



'उठो बेटा, उदास मत होओ'- कहीं से आवाज़ आयी। उसने आगे-पीछे देखा। आस-पास कोई दिखाई नहीं दिया। दूर-दूर तक कोई नहीं था। विभु चौंक गया। इतने में सड़क फिर से बोली-''बेटा, मैं सड़क बोल रही हूँ। चोट तुम्हें ही नहीं, मुझे भी लगी है। मुझे तो हमेशा चोट लगती रहती है। आदमी, ताँगे, जानवर, मोटर गाड़ियाँ चौबीसों घंटे मेरे ऊपर चलते रहते हैं। लोग ढ़ेर-सारा कूड़ा-कचरा डालते रहते हैं। वे बड़ी निर्ममता से मुझे काट भी देते हैं और महीनों-महीनों मेरे घाव नहीं भरते।'' सड़क जब यह सब बोल रही थी तब रो रही थी।

विभु को जैसे साँप सूँघ गया। इधर-उधर देखा। दो-तीन जगहों में सड़क को आर-पार काटा गया था। मोड़ पर बड़े-बड़े पत्थर गिराये गये थे। 'जल पूर्ति विभाग' ने और नये-नये मकान बनानेवालों ने सड़क को काटने का काम किया था। 'सार्वजनिक कार्य विभाग' के निर्माण कार्य के कारण सड़क के एक-तिहाई भाग पर पत्थर गिरे थे, बीच-बीच में विभु ने कई गड्ढे भी देखे। उसने सोचा कि सड़क को सरकारी विभागों की सुरक्षा चाहिए। नगरपालिका से सफाई एवं देखरेख भी चाहिए।

विभु सड़क की व्यथा को अनुभव कर दुखी हो गया। उसको लगा कि सड़क कितना सहती है, फिर भी सबको जोड़ने की उदारता दिखाती है। कहीं कच्ची है, कहीं डामरवाली है तो कहीं कंक्रीट की बनी हुई है। सड़क को कभी अपने रूप की चिंता नहीं बल्कि लोगों की सुविधा की चिंता है। मगर लोगों को सड़क की ज़रा-सी भी परवाह नहीं।

विभु ने सड़क को सांत्वना देते हुए कहा - "मत रो माँ! तुम्हारी खुशी के लिए हम क्या कर सकते हैं? कोई उपाय बताओ।" सड़क वात्सल्य भाव से बोली-"बेटा, मैं चाहती हूँ कि लोगों में सड़क की सुरक्षा का भाव हो। मेरी सूरत न बिगाड़ें। सफाई का ध्यान रखें तथा यातायात के नियमों का पालन करें।"

विभु को लगा कि लोगों के अत्याचार से सड़क को मुक्ति दिलानी चाहिए। सड़क की सुरक्षा, सफाई एवं देखभाल के प्रति लोगों में जागृति लानी चाहिए। सड़क के साथ अन्याय करनेवालों पर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि वे अपने नागरिक कर्तव्य के प्रति सचेत रहे। लोगों को यह सोचने के लिए मजबूर करना चाहिए कि सड़क की सुरक्षा में सरकारी विभागों के साथ उनका भी सहयोग रहे। इसके साथ-साथ सड़क को तोड़ने, काटने तथा गंदा करनेवालों को एहसास दिलाना चाहिए कि उनके कारण सड़क को कितना कष्ट होता है।

विभु ने तय किया कि वह अपने साथियों से चर्चा करके, अपने अध्यापक के मार्गदर्शन में इस दिशा में कुछ प्रयास अवश्य करेगा। इस प्रकार सोचते-सोचते वह स्कूल की ओर चल पड़ा, भले ही चलने में उसे थोड़ी-सी देर हो गयी थी।

*****

©KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ :**

चोट-घाव, पीड़ा; उदास-खिन्न, दुखी; चौंकना - चकित होना, कूड़ा-कचरा, रद्दी; गड्ढा - गहरी ज़मीन, गर्त, ಹಳ್ಳ; देखरेख-परवाह, रख रखाव; कच्ची - अपरिपक्व, अपूर्ण, कमज़ोर; डामर - तारकोल, Tar; कंक्रीट - Concrete, रेत+चूना+कंकड़ का मिश्रण, (कंकड़ पत्थर के छोटे-छोटे टुकड़े); सुविधा-आराम, परवाह-चिंता, फिक्र, प्रेम; सांत्वना-तसल्ली, आश्वासन; सूरत - मुख, रूप; देखभाल-देखरेख, कार्रवाई-कार्य, विधि सम्मत कार्य; सचेत-जागृत, सजग; मजबूर-विवश, असहाय; एहसास-अनुभूति, महसूस; तय करना-निश्चय करना, निर्णय करना; प्रयास - प्रयत्न, कोशिश; सूरत बिगाड़ना - कुरूप बनाना।

**मुहावरे :**

1. घाव भरना - गड्ढों को भरना, शरीर पर हुआ घाव ठीक होना
2. साँप सूँघ जाना - निष्क्रिय हो जाना, बेदम हो जाना

**विशेष सूचना :**

1. जल पूर्ति विभाग - Water Supply Department
2. सार्वजनिक कार्य विभाग - PWD - Public Works Department

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. विभु कौन-सी कक्षा में पढ़ रहा था?
2. सड़क पर किसीने क्या फेंक दिया था?
3. सड़क के बीच-बीच में विभु ने क्या देखा?
4. सड़क को किसकी चिंता नहीं है?
5. सड़क के साथ अन्याय करनेवालों पर क्या होनी चाहिए?
6. विभु ने किसके मार्गदर्शन में प्रयास करने की बात सोची?

©KTBS Not to be republished

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए:**

1. विभु क्यों दौड़ता हुआ स्कूल जा रहा था?
2. विभु क्यों चौंक गया?
3. लोग सड़क के प्रति अपनी निर्ममता कैसे प्रकट करते हैं?
4. सड़क को काटने का काम किसने किया था?
5. विभु ने सड़क को सांत्वना देते हुए क्या कहा?
6. विभु ने अंत में क्या तय किया?

**III. रिक्त स्थान भरिए :**

1. विभु को ____________ बजे तक स्कूल पहुँचना था।
2. वह ____________ पर दौड़ता हुआ जा रहा था।
3. सड़क को तो हमेशा ____________ लगती रहती है।
4. लोग महीनों-महीनों सड़क के ____________ नहीं भरते।
5. लोगों में सड़क की ____________ का भाव हो।
6. लोग ____________ का ध्यान रखें।

**IV. अन्य वचन रूप लिखिए:**

| | | |
|---|---|---|
| **उदा: 1. केला-केले** | **1. लोग-लोग** | **1. आवाज़-आवाज़ें** |
| 2. छिलका- | 2. पाँव- | 2. सड़क - |
| 3. ताँगा- | 3. जानवर- | 3. चोट - |
| 4. महीना - | 4. घाव - | 4. सूरत - |
| 5. घंटा - | 5. उपाय - | 5. जगह - |

©KTBS Not to be republished

**V. यातायात-साधनों के नाम लिखिए:**

| सड़क पर चलनेवाले | पटरी पर | पानी पर | आसमान में |
|---|---|---|---|
| ________ | ________ | ________ | ________ |
| ________ | | ________ | ________ |
| ________ | | ________ | ________ |
| ________ | | | |
| ________ | | | |

**VI. दो-दो पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर लिखिए:**

(रास्ता, शुद्ध, मानव, नीर, संतोष, चेहरा, दोस्त, विद्यालय, मित्र, मुख, पाठशाला, आनंद, जल, मनुष्य, स्वच्छ, राह)

**जैसे : सड़क - रास्ता , राह**

1. साफ - ________, ________
2. खुशी - ________, ________
3. स्कूल - ________, ________
4. साथी - ________, ________
5. सूरत - ________, ________
6. आदमी - ________, ________
7. पानी - ________, ________

©KTBS Not to be republished

**VII. किन-किन फलों को छिलके के साथ खा सकते हैं? किनको नहीं? एक सूची बनाइए :**

| | छिलके के साथ | छिलका निकालकर |
|---|---|---|
| जैसे : | 1. सेब | 1. केला |
| | 2. | 2. |
| | 3. | 3. |
| | 4. | 4. |
| | 5. | 5. |

**निर्देश : छिलका निकालने के बाद छिलके को कूड़ेदानी में ही डाले।**

**VIII. सार्थक वाक्य बनाइए:**

1. पहुँचना था उसे तक बजे साढ़े नौ स्कूल।
2. जाते नागरिक कर्तव्य हैं अपने भूल वे।
3. बड़े-बड़े गिराये पत्थर पर गये मोड़ थे।
4. परवाह मगर की सड़क ज़रा-सी भी नहीं को लोगों।
5. बोली भाव सड़क वात्सल्य से।

**IX. पाठ में से द्वित्व शब्दों को चुनकर लिखिए:**

**जैसे: 1. जल्दी - जल्दी**

2. कभी - कभी
3. ________________
4. ________________
5. ________________

©KTBS Not to be republished

6. ________________

7. ________________

8. ________________

**X. वर्ग पहेली से यातायात के साधनों के नाम चुनकर लिखिए:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ब | रे | ल | गा | ड़ी | रा |
| स | वि | स्कू | ट | र | के |
| ट्र | मा | ज | हा | ज | ट |
| क | न | कॉ | र | ऑ | टो |

1. ________ 6. ________
2. ________ 7. ________
3. ________ 8. ________
4. ________ 9. ________
5. ________

**XI. सड़क ने अपने बारे में विभु को बताया। अब आप आपने बारे में लिखिए:**

1. आपका नाम क्या है? ________________

2. आपकी उम्र कितनी है? ________________

3. कौन-सी कक्षा में पढ़ते हैं? ________________

4. स्कूल का नाम क्या है? ________________

5. आपको स्कूल कितने बजे पहुँचना है? ________________

6. आपके कितने मित्र हैं? ________________

7. क्या वे कभी आपकी सहायता करते हैं? ________________

8. अपने किसी एक मित्र का नाम लिखिए। ________________

©KTBS Not to be republished

**XII. अंकों को हिंदी शब्दों में लिखिए:**

**उदा :** $\frac{1}{3}$ - **एक तिहाई**

1. $\frac{1}{4}$ -
2. $\frac{1}{2}$ -
3. $\frac{3}{4}$ -
4. $1\frac{1}{2}$ -
5. $1\frac{3}{4}$ -
6. $2\frac{1}{2}$ -

**XIII. अनुरूपता :**

1. साइकिल : दो पहिया :: कॉर : ___________
2. कभी-कभी : द्विरुक्ति :: आर-पार : ___________
3. रेलगाड़ी : पटरी :: साइकिल : ___________
4. निर्ममता : रेफ शब्द :: प्रकार : ___________

**भाषा ज्ञान**

**वाक्य तथा वाक्य के प्रकार**

पूर्ण भाव प्रकट करनेवाला शब्द समूह 'वाक्य' कहलाता है। प्रत्येक वाक्य में कम से कम दो शब्दों का होना अनिवार्य है। जैसे -

1. सूरज निकला।  2. वह आया।

©KTBS Not to be republished

## वाक्य के दो अंग

- उद्देश्य — कर्ता से संबंधित होता है।
- विधेय — कर्म और क्रिया से संबंधित होता है।

**उदाः** कविता गाती है।

उद्देश्य विधेय

## वाक्य के प्रकार

संरचना के अनुसार

1. साधारण वाक्य/सरल वाक्य
2. मिश्र वाक्य
3. संयुक्त वाक्य

अर्थ के अनुसार

1. विधानार्थक वाक्य
2. प्रश्नार्थक वाक्य
3. निषेधार्थक वाक्य
4. आज्ञार्थक वाक्य
5. इच्छार्थक वाक्य
6. संदेहार्थक वाक्य
7. संकेतार्थक वाक्य
8. विस्मयादिबोधक वाक्य

### I. संरचना के अनुसार :

1. **साधारण वाक्य / सरल वाक्य :** जिस वाक्य में केवल एक उद्देश्य और एक ही विधेय होता है उसे सरल वाक्य कहते हैं। यह एक ही क्रिया के साथ बननेवाला स्वतंत्र वाक्य होता है।

**उदा : सलमान स्कूल जाता है।**

©KTBS Not to be republished

2. **मिश्र वाक्य :** जिस वाक्य में एक प्रधान वाक्य और एक या एक से अधिक आश्रित वाक्य होते हैं।

**उदा : सड़क ने कहा कि लोगों में सड़क की सुरक्षा का भाव हो।**

सड़क ने कहा - प्रधान वाक्य है। लोगों में सड़क की सुरक्षा का भाव हो - आश्रित वाक्य है।

**विशेष सूचना :** आश्रित वाक्य से पूर्व कि, जो, क्योंकि, जब, यद्यपि आदि संयोजक आते हैं।

3. **संयुक्त वाक्य :** जिस वाक्य में दो या दो से अधिक साधारण वाक्य अथवा मिश्रवाक्य होते हैं, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं।

**उदा : लोग बड़ी निर्ममता से मुझे काट देते हैं और वे महीनों - महीनों मेरे घाव नहीं भरते।**

लोग बड़ी निर्ममता से मुझे काट देते हैं। - साधारण वाक्य (1)

वे महीनों-महीनों मेरे घाव नहीं भरते। - साधारण वाक्य (2)

**विशेष सूचना :** और, तथा, बल्कि, अथवा, नहीं तो, इसलिए आदि संयोजकों का प्रयोग सामान्यत: संयुक्त वाक्यों में होता है।

**II. अर्थ के अनुसार :**

1. **विधानार्थक वाक्य (कोई भी कथन):**

**उदा :** 1. विभु को साढ़े नौ बजे तक स्कूल पहुँचना था।
2. आंदोलन में नारियाँ भी पीछे नहीं रहीं।

2. **प्रश्नार्थक वाक्य :**

**उदा :** तुम्हारी खुशी के लिए हम क्या कर सकते हैं?

3. **निषेधार्थक वाक्य :**

**उदा :** 1. मत रो माँ। 2. मुझसे यह काम नहीं हो सकता।

4. **आज्ञार्थक वाक्य :**

**उदा :** 1. जाओ, पानी ले आओ। 2. यह काम पूरा करो।

©KTBS Not to be republished

**5. इच्छार्थक वाक्य :**

**उदा :** 1. समाज में भाई-चारे की भावना होनी चाहिए।

2. मुझे सौ रुपये चाहिए।

**6. संदेहार्थक वाक्य :**

**उदा :** 1. कल शायद छुट्टी होगी।

2. हो सकता है पानी बरसे।

**7. संकेतार्थक वाक्य :**

**उदा :** 1. यदि परिश्रम करोगे तो फल पाओगे।

2. यदि बिजली कटेगी तो पढ़ना मुश्किल है।

**8. विस्मयादिबोधक वाक्य :**

**उदा :** 1. अच्छा ! तुम जल्दी आ गये!

2. वाह! कितना सुंदर फूल है!

**I. सरल, मिश्र और संयुक्त वाक्यों को पहचानिए :**

1. विभु नौवीं कक्षा में पढ़ रहा था।
2. नगरपालिका से सफाई एवं देखरेख भी चाहिए।
3. सड़क को कभी अपने रूप की चिंता नहीं बल्कि लोगों की सुविधा की चिंता है।
4. सड़क जब यह सब बोल रही थी तब रो रही थी।
5. विभु ने सड़क के बीच-बीच में कई गड्ढ़े भी देखे।
6. विभु दुखी हो गया।
7. विभु ने सोचा और सड़क को सांत्वना दी।

**अध्यापन संकेत :**

सड़क की सुरक्षा हर नागरिक का कर्तव्य है। इसी प्रकार के अन्य नागरिक-कर्तव्यों की एक सूची छात्रों से बनवाएँ और उनमें जागृति पैदा करें।

©KTBS Not to be republished

# 13. साथी, हाथ बढ़ाना

-साहिर लुधियानवी

**आशय :**

**एक दूसरे के साथ मिलकर रहने से मुश्किल काम भी आसान हो जाता है। नये-नये मार्ग खुलने लगते हैं। इस कविता में मिलजुलकर रहने से प्राप्त होनेवाले परिणामों के बारे में बताया गया है।**



साथी, हाथ बढ़ाना।
एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना।
साथी, हाथ बढ़ाना।

हम मेहनतवालों ने जब भी, मिलकर कदम बढ़ाया,
सागर ने रास्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया,
फ़ौलादी हैं सीने अपने, फ़ौलादी हैं बाँहें,
हम चाहें तो चट्टानों में पैदा कर दें राहें,
साथी, हाथ बढ़ाना।

मेहनत अपने लेख की रेखा, मेहनत से क्या डरना,
कल गैरों की खातिर की, आज अपनी खातिर करना,
अपना दुख भी एक है साथी, अपना सुख भी एक,
अपनी मंज़िल सच की मंज़िल, अपना रास्ता नेक,
साथी, हाथ बढ़ाना।

एक से एक मिले तो कतरा, बन जाता है दरिया,
एक से एक मिले तो ज़र्रा, बन जाता है सेहरा,
एक से एक मिले तो राई, बन सकती है परबत,
एक से एक मिले तो इंसाँ, बस में कर ले किस्मत,
साथी, हाथ बढ़ाना।

*****

©KTBS Not to be republished

## कवि परिचय

साहिर लुधियानवी का असली नाम अब्दुल हथी साहिर है। उनका जन्म 8 मार्च 1921 में लुधियाना (भारत) के एक जागीरदार घराने में हुआ था। वे बहुत बड़े कवि तथा गीतकार थे। बंबई (वर्तमान मुंबई) में वे एक उर्दू पत्रिका के संपादक रहे। उन्होंने कई फिल्मों के लिए गीत लिखे। 59 वर्ष की आयु में 25 अक्तूबर 1980 को दिल का दौरा पड़ने से उनका देहांत हो गया। 1964 और 1977 में उन्हें दो बार फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ गीतकार पुरस्कार मिला था।

**शब्दार्थ:**

बोझ-भार, कदम बढ़ाना- आगे-आगे चलना, फौलादी-लोहा, मजबूत; सीना-छाती, अपना लेख-खुद लिखे हुए अक्षर, लिखावट ; गैर-पराया, खातिर - के लिए, कारण, मंज़िल-लक्ष्य, गंतव्य, मुकाम, नेक-अच्छा, उत्तम; कतरा - किसी तरल पदार्थ की बूँद, दरिया - नदी, ज़र्रा - गजरा, फूलों की छोटी माला; सेहरा - फूलों से बनी माला जो दूल्हे के सिर पर बाँधी जाती है, राई-एक प्रकार की छोटी सरसों, इंसाँ-इनसान, आदमी।

**मुहावरे :**

1. हाथ बढ़ाना - सहयोग देना, मदद करना
2. बोझ उठाना - जिम्मेदारी लेना
3. सीस झुकाना - विनम्र होना, नतमस्तक होना
4. राहें पैदा करना - नये मार्ग ढूँढ़ना
5. राई मिलकर परबत बनना - छोटी-छोटी बातों से बड़ा परिणाम निकलना (राई का पहाड़ बनना)

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. कवि किससे हाथ बढ़ाने के लिए कह रहे हैं?
2. बोझ कैसे उठाना चाहिए?
3. सागर ने रास्ता कब छोड़ा?
4. हम अगर चाहें तो कहाँ राहें पैदा कर सकते हैं?
5. अपनी मंज़िल कैसी मंज़िल है?
6. राई एक से एक मिले तो क्या बन सकती है?
7. किस्मत को कैसे अपने बस में कर सकते हैं?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए:**

1. मेहनत करनेवाले मिलकर कदम बढ़ाते हैं तो क्या-क्या हो सकता है?
2. एक से एक मिलने का परिणाम क्या होगा? (किन्हीं दो)

**III. इन पंक्तियों को पूरा कीजिए:**

1. एक ________ थक जाएगा, मिलकर ________ उठाना।
2. साथी, हाथ ____________।
3. मेहनत अपने ____________ की रेखा, ____________ से क्या डरना।
4. अपनी ________ सच की मंज़िल, अपना ________ नेक।
5. एक से एक मिले तो ________, बस में कर ले________।

©KTBS Not to be republished

**IV. तुकवाले शब्दों को चुनकर लिखिए:**

**जैसे : बढ़ाया - झुकाया**

1. बाँहें - ________
2. डरना - ________
3. एक - ________
4. परबत - ________

**V. भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

एक से एक मिले तो राई, बन सकती है परबत,
एक से एक मिले तो इंसाँ, बस में कर ले किस्मत,
साथी, हाथ बढ़ाना।

**VI. अपने साथी के बारे में थोड़ी-सी जानकारी दीजिए:**

1. आपके कितने साथी हैं? ____________
2. अपने पाँच साथियों के नाम लिखिए। ____________
3. आपका बहुत अच्छा, गहरा दोस्त कौन है? ____________
4. कितने सालों की दोस्ती है? ____________
5. दोनों के बीच कभी झगड़ा हुआ है? ____________
6. किस बात पर झगड़ा हुआ?
7. कैसे सुलझाया? ____________

©KTBS Not to be republished

**VII. इस कविता में अपने साथी से हाथ बढ़ाने के लिए कहा गया है। मिलकर बोझ उठाने की बात बतायी गयी है। यह बात परिवार में भी आवश्यक है या नहीं?**

**अब लिखिए -**

1. आपके परिवार में कौन-कौन रहते हैं?
2. घर में कुल कितने लोग हैं?
3. उनके नाम क्या हैं?
4. उनकी आयु कितनी है?
5. वे क्या काम करते हैं?

| | **नाम** | **आयु** | **काम** |
|---|---|---|---|
| **उदा:** | 1. पापा/पिताजी-सुरेश | 42 | डॉक्टर |
| | 2. माँ ________ | ________ | ________ |
| | ________ | ________ | ________ |
| | ________ | ________ | ________ |
| | ________ | ________ | ________ |

**VIII. परिवार के और भी कई सदस्य होते हैं। जैसे दादा, दादी आदि। पिता के पिता (पिताजी) को दादा कहा जाता है।**

**अब लिखिए रिश्तों का नाम :**

(बुआ, नाना, दादी, ताऊ, नानी, मामा, चाचा, मौसी)

1. पिताजी की माँ ________
2. पिताजी के बड़े भाई ________
3. पिताजी की बहन ________
4. पिताजी के छोटे भाई ________

©KTBS Not to be republished

5. माँ के पिताजी ______________

6. माँ की माँ ______________

7. माँ के भाई ______________

8. माँ की बहन ______________

**IX. तुम्हारे विचार से किसकी क्या-क्या जिम्मेदारियाँ हैं?-**

1. पिताजी की ______________

2. माताजी की ______________

3. दादाजी की ______________

4. दोस्त की ______________

5. तुम्हारी ______________

**X. सही मिलान कीजिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | हाथ बढ़ाना | - | नये मार्ग ढूँढ़ना |
| 2. | बोझ उठाना | - | आगे निकलना |
| 3. | कदम बढ़ाना | - | सहयोग देना/मदद करना |
| 4. | राहें पैदा करना | - | छोटी-छोटी बातों से बड़ा परिणाम निकलना |
| 5. | राई का पहाड़/ परबत बनना | - | जिम्मेदारी लेना |

**XI. अनुरूपता:**

1. बढ़ना : बढ़ाना :: उठना : __________

2. परबत : पहाड़ :: किस्मत : __________

3. एक एक कतरा : दरिया :: एक एक राई : __________

4. अपना : पराया :: डर : __________

©KTBS Not to be republished

# भाषा ज्ञान

## मुहावरा

पिछली कक्षा में आप 'मुहावरे' का मतलब समझ गये हैं। साधारण अर्थ के बदले विशेष अर्थ प्रकट करनेवाले वाक्यांश 'मुहावरे' कहलाते हैं। मुहावरे स्वतंत्र वाक्यांश नहीं होते। इनके प्रयोग से भाषा सरस एवं सशक्त हो जाती है। भावाभिव्यक्ति में चमत्कार आ जाता है। कुछ मुहावारे ___

1. नौ दो ग्यारह होना - गायब होना
2. मुँह से फूल झड़ना - मीठा / प्रिय वचन बोलना
3. हवा से बातें करना - बहुत तेज दौड़ना
4. मिट्टी में मिल जाना - नष्ट हो जाना
5. उन्नीस बीस का अंतर होना - बहुत कम अंतर होना

**अध्यापन संकेत :**

✻ इस कविता को छात्रों से सामूहिक रूप में गँवाएँ।

✻ मुहावरों का अर्थ सहित चार्ट बनवाकर कक्षा में टँगवाएँ।

©KTBS Not to be republished

# 14. सौर ऊर्जा

-संकलित

**आशय :**

**आज के युग में नवीकरणीय योग्य ऊर्जा की अत्यधिक आवश्यकता है। सौर ऊर्जा भी नवीकरणीय योग्य ऊर्जा है। इस पाठ के द्‌वारा ऊर्जा की महत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।**

हजारों सालों से हम सूर्य की ऊर्जा का उपयोग करते आ रहे हैं; लेकिन हाँ! बिजली बनाने के लिए उसका उपयोग हाल ही में शुरू हुआ है। सूर्य पृथ्वी से है लगभग 15 करोड़ कि.मी. की दूरी पर, किन्तु बाप रे! है कितना शक्तिशाली। उसकी ऊर्जा के एक हिस्से मात्र से हमारी ऊर्जा संबंधी सारी आवश्यकताएँ पूर्ण हो सकती हैं।




सौर ऊर्जा का अर्थ है 'सूर्य-शक्ति'। इसे अंग्रेज़ी में 'Solar Energy' कहते हैं। क्या खूब! आजकल इसी ऊर्जा का उपयोग बिजली के उत्पादन में होता है। सूर्य से हमें ताप भी मिलता है, प्रकाश भी। जैसे-जैसे बिजली का उपयोग तथा माँग बढ़ने लगी, वैसे-वैसे बिजली उत्पादन के अलग-अलग स्रोतों को मनुष्य ढूँढ़ने लगा। तब प्रारंभ हुआ सूर्य से नवीकरणीय योग्य ऊर्जा का उत्पादन। नवीकरणीय योग्य ऊर्जा का उत्पादन मुख्यतः जल, वायु तथा सूर्य इन तीन तत्वों से हो सकता है। इसे जल ऊर्जा, वायु ऊर्जा और सौर ऊर्जा कहा जाता है।

वाह! क्या बात है। पिछले कुछ वर्षों से 'सौर ऊर्जा' उत्पादन की तकनीक में तेजी से वृद्‌धि हुई है। सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करने के प्रमुख रूप से दो तकनीकें उपलब्ध हैं। एक है 'फोटोवोल्टाइक' और दूसरा है 'कॉन्सेंट्रेटिंग'।

© KTBS Not to be republished

जी हाँ! इन दोनों तकनीकों में सौर ऊर्जा को सीधे बिजली में बदला जा सकता है।

सौर ऊर्जा का उपयोग कहाँ-कहाँ होता है, आइए देखें।



1. सौर ऊर्जा : यह विद्युत ऊर्जा के बदले में उपयुक्त होती है। यह ऊर्जा सीधे सूर्य से प्राप्त होती है। क्या खूब! इससे घरों में बिजली मिलती है। पानी भी गरमाया जा सकता है।

2. सोलार कुकर (सौर चूल्हा पाचक) : खाना पकाने के लिए ईंधन के बदले सौर ऊर्जा का उपयोग होता है। जी हाँ! सोलार कुकर को बाहर रखकर खाना पकाया जा सकता है।

3. सौर लालटेन : यह हल्का होता है। अरे! इसे जलाने के लिए मिट्टी का तेल, पेट्रोल या गैस की जरूरत ही नहीं पड़ती।

4. सौर पथ-दीप : वाह! सौर पथ-दीप से होती है बिजली की बचत। जहाँ विद्युत लाइन नहीं लगा सकते, ऐसे प्रदेशों में यह अधिक उपयोगी है।

इसी प्रकार कृषि क्षेत्र में सिंचाई में जल निकालने के लिए सौर पंप का उपयोग किया जाता है। यातायात के क्षेत्र में सौर ऊर्जा के कारण ईंधन की बचत हो रही है। औद्योगिक क्षेत्र में भी यह अधिक-से-अधिक लाभदायक सिद्ध हुआ है। सौर ऊर्जा द्वारा पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सकता है। यह बिजली से ज़्यादा सुरक्षित है। निस्संशय सौर-ऊर्जा अत्यन्त उपयोगी है।

*****

©KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ:**

ऊर्जा-संचलन की क्षमता देनेवाली शक्ति, हाल ही में - वर्तमान में, at present ; हिस्सा-अंश, भाग; ताप-गरमी, उष्णता, heat ; स्रोत - किसी वस्तु या तत्व का उत्पत्ति स्थान, तकनीक-प्रविधि, किसी विशेष कला का ज्ञान; नवीकरणीय - अवधि समाप्त होने पर पुनः उपयोग में लाया जानेवाला, Renewable; ईंधन - वाहनों आदि में उपयुक्त डीज़ल, पेट्रोल आदि पदार्थ, Fuel; सिंचाई - किसी जलस्रोत से खेत में जल पहुँचाना, हल्का - कम वजनवाला, भार में कम ; यातायात - आवागमन, Transportation ; औद्योगिक - उद्योग संबंधी, Industrial.

**विशेष सूचना :**

* कोची (Cochin) हवाई अड्डे में सौ प्रतिशत सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है।
* सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन के दो तकनीक
  1. फोटोवोल्टाइक - Photovoltaic
  2. कॉन्सेंट्रेटिंग - Concentrating

**अभ्यास**

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. सूर्य पृथ्वी से लगभग कितने कि.मी की दूरी पर है?
2. सौर ऊर्जा का अर्थ क्या है?
3. सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करने के मुख्यतः कितनी तकनीकें हैं?
4. घरों में सौर ऊर्जा का उपयोग कैसे किया जा सकता है?
5. सोलार कुकर को हिंदी में क्या कहते हैं?
6. सौर पथ-दीप से किसकी बचत होती है?

©KTBS Not to be republished

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए:**

1. सूर्य कितना शक्तिशाली है? उससे बिजली बनाने का काम कबसे शुरू हुआ है?
2. सूर्य से हमें क्या-क्या मिलता है?
3. नवीकरणीय योग्य ऊर्जा का उत्पादन मुख्यतः किन तत्वों से हो सकता है?
4. तीन ऊर्जाओं के नाम लिखिए।
5. सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करने के लिए उपलब्ध तकनीकें कौन-सी हैं?
6. सौर लालटेन के बारे में लिखिए।

**III. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. सूर्य पृथ्वी से है बहुत दूर, किन्तु है बहुत __________।
2. सौर ऊर्जा उत्पादन की तकनीक में __________ से वृद्धि हुई है।
3. सौर ऊर्जा को सीधे __________ में बदला जा सकता है।
4. कृषि क्षेत्र में जल निकालने के लिए __________ का उपयोग किया जाता है।

**IV. जोड़कर लिखिए :**

| | |
|---|---|
| 1. यातायात के क्षेत्र में | सौर चूल्हा पाचक। |
| 2. औद्योगिक क्षेत्र में | पर्यावरण प्रदूषण नहीं होता। |
| 3. सौर ऊर्जा से | बिजली से ज्यादा सुरक्षित है। |
| 4. सौर ऊर्जा | अधिक लाभदायक सिद्ध हुआ है। |
| 5. सोलार कुकर | ईंधन की बचत होती है। |

Not to be republished ©KTBS

**V. विलोम शब्द लिखिए:**

| | |
|---|---|
| 1. पूर्ण x | 6. हल्का x |
| 2. प्रकाश x | 7. अधिक x |
| 3. बढ़ना x | 8. लाभ x |
| 4. प्रमुख x | 9. उपयोगी x |
| 5. गरम x | 10. सुरक्षित x |

**VI. कर्नाटक में जल ऊर्जा से बिजली उत्पन्न करने के कई क्षेत्र हैं। उनका परिचय प्राप्त कीजिए:**

**उदा :** 1. गेरुसोप्पे जलप्रपात - लिंगनमक्की बाँध - शिवमोग्गा जिला

2. गगनचुक्की-भरचुक्की जलप्रपात - महात्मागाँधी विद्युत उत्पादन-मंड्या जिला केंद्र

**VII. कल, आज और कल (सौर ऊर्जा तक की सफर):**

कल : मिट्टी तेल का उपयोग - लालटेन वगैरह से रोशनी

आज : जल ऊर्जा से बिजली - बल्ब, ट्यूबलाईट वगैरह से रोशनी

आज : वायु ऊर्जा से बिजली - प्रमुख रूप से कृषि क्षेत्रों में

आज
और : सौर ऊर्जा का उपयोग - हर किसी क्षेत्र में
कल

(कल-ನಿನ್ನೆ, आज-ಇಂದು, कल-ನಾಳೆ)

©KTBS Not to be republished

अब आप इसी प्रकार कल और आज का अंतर स्पष्ट कीजिए:

| | कल | आज |
|---|---|---|
| **जैसे :** 1. | पैदल यात्रा | विभिन्न सवारी |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |

**VIII. कुछ ऐसे प्रचलित अंग्रेज़ी शब्द हैं जो अपनी भाषा में घुल-मिल गये हैं। इनके लिए अपनी भाषा में शब्द हैं, फिर भी हम उनका प्रयोग सीधा-सीधा वैसे ही करते हैं।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उदा:** 1. | Solar | सोलार | सौर (अपनी भाषा में) |
| 2. | Doctor | डॉक्टर | चिकित्सक, वैद्य |
| 3. | Jail | जेल | बंदीखाना |
| 4. | Police Station | पुलिस स्टेशन | आरक्षक ठाना |
| 5. | Internet | इंटरनेट | अंतर्जाल |

ऐसे शब्दों का प्रयोग आप भी करते होंगे। कोई 10 शब्दों की सूची बनाइए।

**IX. कन्नड में अनुवाद कीजिए:**

1. 'सौर ऊर्जा' का अर्थ है ''सौर-शक्ति''।
2. सूर्य से हमें ताप भी मिलता है, प्रकाश भी।
3. सौर ऊर्जा से पानी भी गरमाया जा सकता है।
4. वाह! सौर पथ-दीप से होती है बिजली की बचत।
5. सौर ऊर्जा बिजली से ज्यादा सुरक्षित है।

©KTBS Not to be republished

**X. वर्ग पहेली में बिजली से चलनेवाली कुछ चीज़ों के नाम हैं। उन्हें चुनकर लिखिए:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | ब | ल्ब | मे | धु | प्र |
| रे | ता | ओ | ट्रो | ला | शी |
| डि | प | व | रे | ई | त |
| यो | क | न | ल | यं | क |
| सं | ग | ण | क | त्र | पं |
| दू | र | द | र्श | न | खा |

**उदा : बल्ब**

1. ____________
2. ____________
3. ____________
4. ____________
5. ____________
6. ____________
7. ____________
8. ____________
9. ____________

**XI. याद करके लिखिए कि किन-किन जगहों में सौर ऊर्जा का उपयोग हो रहा है।**

**XII. अनुरूपता :**

1. रात : चाँद :: दिन : ________
2. चाँद : चाँदनी :: सूर्य : ________
3. अशक्त : उपसर्ग शब्द :: शक्तिहीन : ________
4. जलशक्ति : जलऊर्जा :: सूर्यशक्ति : ________

## भाषा ज्ञान

**विस्मयादिबोधक अव्यय = 'विस्मय+आदि+बोधक'**

वाक्य में जो अव्यय विस्मय, हर्ष, घृणा, शोक, भय, क्रोध आदि मनोभावों को प्रकट करते हैं, वे 'विस्मयादिबोधक अव्यय' कहलाते हैं। लेकिन इन अव्ययों का संबंध वाक्य में किसी भी शब्द से नहीं होता।

**जैसे :** हाय! अब वह नहीं रहा।

वाह! इशा कितनी सुंदर लड़की है।

Not to be republished ©KTBS

वाक्य में निम्नलिखित प्रकार के विस्मयादिबोधकों का प्रयोग किया जाता है -

1. **विस्मय/आश्चर्य बोधक** - अरे!, ओहो!, ओह!, बाप रे ! आदि

2. **शोकसूचक** - आह!, ओह!, ऊह!, हाय!, हे भगवान! आदि

3. **हर्षबोधक** - आह!, वाह!, धन्य-धन्य!, क्या खूब!, बहुत अच्छा! आदि

4. **प्रोत्साहन सूचक** - शाबाश!, साधु-साधु!, धन्य! आदि

5. **भयसूचक** - बचाओ!, बाप रे!, अरे रे! आदि

6. **क्रोधसूचक** - अबे!, धत्!, चुप! आदि

7. **घृणासूचक** - धिक्!, धिक्कार!, हट!, छिः छिः! आदि

8. **अनुमोदक** - ठीक!, हाँ-हाँ!, जी हाँ!, अच्छा! आदि

9. **संबोधनसूचक** - रे!, अरी!, हे! आदि

10. **चेतावनी** - होशियार!, खबरदार! आदि

**I. इस पाठ में प्रयुक्त विस्मयादिबोधक शब्दों को पहचानिए। उनका प्रयोग करते हुए एक-एक वाक्य लिखिए।**

©KTBS Not to be republished

**II. विस्मयादिबोधक का चिह्न है '!' । यह विराम चिह्नों में से एक है। निम्नलिखित चिह्नों को पहचानकर रिक्त स्थान भरिए:**

(पूर्ण विराम, अर्धविराम, अल्पविराम, विवरण चिह्न, प्रश्न सूचक, योजक, उद्धरण चिह्न, कोष्ठक)

**उदा:** 1. "  " ______________

2. । ______________

3. , ______________

4. : ______________

5. ? ______________

6. (  ) ______________

7. ; ______________

8. - ______________

**अध्यापन संकेत :**

जल ऊर्जा से बिजली उत्पादन करनेवाले केंद्रों में जाकर उसकी जानकारी प्राप्त करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करें।

©KTBS Not to be republished

# 15. वीरांगना चेन्नम्मा

-संकलित

**आशय :**

**छात्र कर्नाटक की वीर महिला चैन्नम्मा की देशभक्ति का परिचय प्राप्त करते हैं। अंग्रेज़ों की अनेक कोशिशों के बाद भी कित्तूर को चेन्नम्मा ने बचाया। लेकिन चेन्नम्मा के बंदी बन जाने के कारण कित्तूर अंग्रेज़ों के वश में गया। चेन्नम्मा जैसी वीर महिला के कारण कर्नाटक गर्व का अनुभव करता है।**



18 वीं शताब्दी में सत्तालोलुप अंग्रेज़ों को नाकों चने चबानेवाली सर्वप्रथम भारतीय वीरांगना चेन्नम्मा थी। चेन्नम्मा का जन्म काकतीय वंश में सन् 1778 में हुआ था। उनके पिता का नाम धूलप्पा देसाई और माता का नाम पद्मावती था। एक तो इकलौती, फिर रूपवती और स्वस्थ। चेन्नम्मा शब्द का अर्थ ही है सुन्दर महिला । उनकी शिक्षा-दीक्षा राजकुल के अनुरूप ही हुई। घुड़सवारी, शस्त्रास्त्रों का अभ्यास, आखेट आदि युद्ध कलाएँ उन्हें अपने वीर पिता से प्राप्त हुई। अपने जंगमगुरु के मार्गदर्शन में उन्होंने उर्दू, मराठी और संस्कृत भाषाओं का अध्ययन किया।

©KTBS Not to be republished

कित्तूरु कर्नाटक राज्य के उत्तरी बेलगावी जिले में है। उन दिनों कित्तूर कर्नाटक राज्य के व्यापार का प्रसिद्ध केन्द्र भी था। देश-विदेश के व्यापारी वहाँ के बाज़ारों में हीरे-जवाहरातें खरीदने के लिए आया करते थे। ऐसे समृद्ध राज्य के प्रजावत्सल राजा मल्लसर्ज थे। चेन्नम्मा के माता-पिता ने बड़े हौसले से उनका विवाह राजा मल्लसर्ज के साथ कर दिया।

रानी चेन्नम्मा कित्तूरु के राजमहल में सुख से रहने लगी। उनकी कोख से एक पुत्र रत्न का जन्म हुआ, जिसका नाम था शिवबसवराज। लेकिन बचपन में ही उसकी मृत्यु हुई। राजा मल्लसर्ज की पहली पत्नी थी रुद्रम्मा। पूना के पटवर्दन ने मल्लसर्ज को चालाकी से बन्दी बना लिया। वहीं उनकी मृत्यु हो गई। मल्लसर्ज की मृत्यु के बाद चेन्नम्मा ने रुद्रम्मा के पुत्र शिवलिंग रुद्रसर्ज को गद्दी पर बिठाया। शिवलिंग रुद्रसर्ज ने चेन्नम्मा की सलाह को हवा में उड़ाकर चाटुकारों से गहरी मित्रता कर ली, जिससे कित्तूर का पतन शुरू हुआ।

राजा शिवलिंग रुद्रसर्ज की मृत्यु 11 सितंबर 1824 को हुई। इसे अंग्रेज़ों ने कित्तूरु राज्य को हड़पने का बड़ा अच्छा अवसर समझा। राजा निःसन्तान मरा था। उसने अपने एक संबधी गुरुलिंग मल्लसर्ज को गोद लिया था। लेकिन अंग्रेज़ गोद लिए पुत्र को उत्तराधिकारी नहीं मानते थे। उस समय डालहौसी गवरनर-जनरल थे। ऐसे अवसर पर रानी चेन्नम्मा ने कित्तूरु राज्य को सँभालकर रक्षा करने की कसम खाई।

कित्तूरु राज्य में अंग्रेज़ी सैनिकों के प्रवेश से रानी चेन्नम्मा का रक्त खौल उठा, लेकिन उस समय वे कुछ नहीं कर सकीं। अंग्रेज़ों से लोहा लेने के लिए उन्होंने भीतर ही भीतर तैयारी आरंभ कर दी। अंग्रेज़ी प्रतिनिधी थैकरे ने रानी चेन्नम्मा को भाँति-भाँति के सन्देश भेजे। मगर रानी अपनी स्वाधीनता का सौदा करने पर राज़ी न हुई। इसी समय थैकरे को कित्तूरु राज्य के येल्लप्पशेट्टी और वेंकटराव नामक देशद्रोही मिल गये। वे कित्तूरु का नमक खाकर कित्तूरु की जड़

©KTBS Not to be republished

खोदने में लगे हुए थे। थैकरे ने उन्हें कित्तूरु का आधा-आधा राज्य सौंप देने की लालच दिखायी। बदले में वे कित्तूरु के सभी भेद खोलने और भरसक सहायता करने को तैयार हो गये। दोनों ने कित्तूरु का शासनभार सँभालने का परवाना लेकर चेन्नम्मा को दिया। उसे पढ़ते ही चेन्नम्मा ने थैकरे का पत्र टुकड़े-टुकड़े करते हुए कहा "हमने गोद लेकर अंग्रेज़ों के विरुद्ध कोई षड्यंत्र नहीं रचा है। गोद लेना हमारा अधिकार है, इसे थैकरे नहीं रोक सकता। हमारे घरेलू मामलों में बोलनेवाला वह है ही कौन? कित्तूर स्वतंत्र राज्य है और तब तक रहेगा जब तक मेरे शरीर में प्राण हैं।" यह फटकार सुनते ही दोनों देशद्रोही अपना-सा मुँह लेकर चले गये। कित्तूरु में गुरुसिद्धप्पा जैसे कुशल दीवान और बालण्णा, रायण्णा, गजवीर और चेन्नबसप्पा जैसे वीर योद्धा भी थे, जिनके रहते कित्तूरु के लिए कोई खतरा न था।

कित्तूरु की जनता अंग्रेज़ों की चाल से भली-भाँति परिचित थी। थैकरे स्वयं बड़ी सेना लेकर कित्तूरु आ पहुँचा। किंतु रानी उससे नहीं डरीं। थैकरे ने 500 सिपाहियों के साथ कित्तूरु के किले पर चढ़ाई करने की आज्ञा दे दी। रानी ने वीर सैनिकों को युद्ध के लिए ललकारते हुए कहा -"मातृभूमि के सपूतो! अपने प्राणों की बाजी लगाकर हम अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हैं। अंग्रेज़ इसे हमसे बलपूर्वक छीनना चाहते हैं, लेकिन इसे हम कैसे छोड़ सकते हैं? यह हमें अपने पूर्वजों से मिली है।"

उधर थैकरे ने धमकी दी कि, "बीस मिनट में आत्मसमर्पण कर दिया जाय, नहीं तो किला तहस-नहस कर दिया जाएगा।" कुछ समय बाद मर्दानी वेश में रानी चेन्नम्मा शेरनी की भाँति अंग्रेज़ों की सेना पर टूट पड़ी। उनके पीछे दो हज़ार योद्धा थे। भयानक युद्ध हुआ। अंग्रेज़ों की सेना इस प्रवाह को सह न सकी। वह भाग खड़ी हुई और थैकरे मारा गया । देशद्रोहियों का काम तमाम कर दिया गया। बंदी गोरे अंग्रेज़ अफसरों के साथ उदारता का व्यवहार किया गया और उन्हें छोड़ दिया गया। लेकिन यह विजय बहुत दिनों तक न रही।

©KTBS Not to be republished

कुछ ही समय के बाद अंग्रेज़ों ने कित्तूरु राज्य पर फिर आक्रमण किया। अब अंग्रेज़ी सेना अधिक थी। लेकिन कित्तूरु के वीर सैनिकों के सम्मुख उसे दुबारा हार माननी पड़ी। फिर एक बार अंग्रेज़ों ने सारी शक्ति लगाकर घेरा डाला। इस युद्ध में रणचण्डी चेन्नम्मा बंदी बना ली गईं। अंग्रेज़ों ने कित्तूरु को लूटा। वहाँ कुछ भी न बचा। चेन्नम्मा को बैलहोंगला के दुर्ग में कारागार में डाल दिया गया। बंदीगृह में ही 2 फरवरी 1829 को चेन्नम्मा की जीवन ज्योति सदा के लिए बुझ गई।

यह कर्नाटक जनता के लिए गर्व की बात है कि कर्नाटक की वीरांगना चेन्नम्मा ने पहली बार स्वतंत्रता की जो चिनगारी डाली थी, बाद में वह सारे भारत में फैल गई।

*****

**शब्दार्थ :**

सत्ता-अधिकार, लोलुप-लोभी, लालची; इकलौती-एकमात्र, आखेट-शिकार, जवाहरात-रत्न, मणि आदि; हौसला-उत्साह, साहस; कोख-गर्भ, पटवर्दन-एक राजा का नाम, गद्दी-सिंहासन, चाटुकार - झूठी प्रशंसा करनेवाले, पतन-विनाश, हड़पना-छीन लेना, अनुचित रूप से ले लेना; अवसर-मौका, गोद लेना - दत्तक रूप में स्वीकारना, सौदा करना-लेन-देन का व्यापार, जड़ खोदना-हानि पहुँचाना, सौंपना-वश में देना, भेद-रहस्य, भरसक-लगातार, निरंतर; परवाना-आज्ञा पत्र, फटकार-डाँट, खतरा-अपाय, विपत्ती; चाल-आचरण, चलन; ललकारना-युद्ध के लिए आह्वान, सपूत-सुपुत्र, धमकी देना - भय दिखाना, तहस-नहस करना-चूर चूर करना, मर्दानी वेश - पुरुष वेश, योद्धा-सैनिक, घेरा-आक्रमण, सम्मुख-सामने, दुबारा-दूसरी बार, चिनगारी - आग का कण/टुकड़ा।

©KTBS Not to be republished

**मुहावरे:**

1. नाकों चने चबाना - बहुत ही हैरान करना
2. रक्त खौलना - अत्यधिक क्रोधित होना
3. लोहा लेना - बदला लेना
4. अपना-सा मुँह लेकर चले जाना - अपमानित हो जाना
5. प्राणों की बाजी लगाना - जान पर खेलना
6. टूट पड़ना - आक्रमण करना
7. काम तमाम करना - खत्म करना, मार डालना
8. जीवन ज्योति बुझ जाना - देहांत होना, मर जाना

**अभ्यास**

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. चेन्नम्मा का जन्म किस वंश में हुआ था?
2. चेन्नम्मा शब्द का अर्थ क्या है?
3. कित्तूर कहाँ है?
4. चेन्नम्मा का विवाह किसके साथ हुआ?
5. शिवलिंग रुद्रसर्ज ने किसको गोद लिया था?
6. चेन्नम्मा को अंग्रेज़ों ने कहाँ बंदी बनाया था?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए:**

1. चेन्नम्मा के माता और पिता का नाम लिखिए।
2. चेन्नम्मा को उनके पिता से कौन-सी कलाएँ प्राप्त हुई थीं?

©KTBS Not to be republished

3. कित्तूर राज्य की समृद्धि के बारे में लिखिए।

4. कित्तूर का पतन शुरू होने का कारण क्या था?

5. येल्लप्पशेट्टी और वेंकटराव कित्तूर के भेद खोलने क्यों तैयार हो गये?

6. कर्नाटक की जनता के लिए गर्व की बात क्या है?

**III. इन शब्दों का विलोम शब्द पाठ में से ढूँढकर लिखिए:**

1. अस्वस्थ x ________
2. कुरूप x ________
3. देश x ________
4. शत्रुता x ________
5. बाहर x ________
6. देशभक्त x ________
7. कायर x ________
8. पराजय x ________

**IV. अन्य लिंग शब्द लिखिए:**

1. पिता - ________
2. रानी - ________
3. पुत्री - ________
4. बाप - ________
5. दादा - ________
6. शेरनी - ________

©KTBS Not to be republished

## V. जोड़ी मिलाइए:

| | |
|---|---|
| 1. चेन्नम्मा का जन्म | 1. सन् 1829 |
| 2. चेन्नम्मा की खोक से जन्मा पुत्र | 2. गवरनर-जनरल |
| 3. शिवलिंग रुद्रसर्ज की मृत्यु | 3. सन् 1778 |
| 4. डालहौसी | 4. सन् 1824 |
| 5. चेन्नम्मा की जीवन ज्योति बुझी | 5. शिवबसवराज |

## VI. अनेक शब्द के लिए एक शब्द लिखिए:

**जैसे : एक से ज़्यादा भाषा जाननेवाला - बहुभाषी**

1. सामान खरीदना एवं बेचना - ____________
2. झूठी प्रशंसा करनेवाले - ____________
3. जिनका कोई संतान न हो - ____________
4. देश के प्रति द्रोह करनेवाला - ____________
5. जो परिचित न हो - ____________
6. स्वयं को समर्पित करना - ____________

## VII. पुराने समय में युद्ध करने के लिए तलवार, भाले, तीर-कमान आदि शस्त्रास्त्रों का उपयोग होता था।

**अब आप तीन वाक्यों में लिखिए कि अगर आजकल युद्ध होता है तो किस प्रकार की चीज़ों का उपयोग किया जाता है?**

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

©KTBS
Not to be republished

**VIII. कित्तूर रानी चेन्नम्मा के जो भी संवाद इस पाठ में आये हैं, उनका अभिनय कक्षा में करके दिखाइए।**

**IX. कन्नड में अनुवाद कीजिए :**

1. कित्तूर कर्नाटक राज्य के उत्तरी बेलगावी जिले में है।
2. अंग्रेज़ गोद लिये पुत्र को उत्तराधिकारी नहीं मानते थे।
3. चेन्नम्मा ने भीतर ही भीतर तैयारी आरंभ कर दी।
4. कित्तूर स्वतंत्र राज्य है।
5. चेन्नम्मा के पीछे दो हज़ार योद्धा थे।
6. अंग्रेज़ों को दुबारा हार माननी पड़ी।

**X. वीरांगना चेन्नम्मा जैसी अनेक महिलाओं का जन्म भारत देश में हुआ था। 'ओनके (मूसल) ओबव्वा' कर्नाटक की ही थी। उनकी कहानी पढ़कर कक्षा में सुनाइए और दोनों महिलाओं की तुलना कीजिए।**

**XI. इस पाठ में आये हुए सभी पात्रों की सूची बनाइए और उनके बारे में एक-एक वाक्य लिखिए:**

**जैसे :** 1. चेन्नम्मा - कर्नाटक की एक वीरांगना थी।

2. धूलप्पा देसाई - ______________

3.

4.

5.

6.

©KTBS Not to be republished

**XII. भारत देश को अंग्रेज़ों से बचाने के लिए जिन देशभक्तों ने दिन-रात परिश्रम किया, उनका चित्र इकट्ठा कीजिए और उनके बारे में दो-तीन वाक्य लिखिए।**

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

**XIII. अनुरूपताः**

1. चेन्नम्मा के पिता : धूलप्पा देसाई :: चेन्नम्मा की माता : ________
2. चेन्नम्मा के पति : मल्लसर्ज :: चेन्नम्मा का पुत्र : ____________
3. गुरुसिद्दप्पा : कुशल दीवान :: चेन्नबसप्पा : ____________
4. 1778 : चेन्नम्मा का जन्म :: 1829 ____________

**अध्यापन संकेत :**

✻ कक्षा में देशभक्तों के संबंध में आशुभाषण स्पर्धा का आयोजन करें।

✻ देश-विदेश की वीर महिलाओं की साहस गाथा कक्षा में सुनाएँ।

©KTBS Not to be republished


# 16. पूर्वाक्षर का पूर्वाग्रह

**पी.एस. रामानुजम्**

**आशय :**

**इस व्यंग्य रचना में लेखक ने अंग्रेज़ी भाषा-मोह के प्रभाव का तीक्ष्ण व्यंग्य किया है। हमारे पठन-लेखन से लेकर गाँव-शहरों के नाम, राजा-महाराजाओं के नाम और यहाँ तक कि भगवानों के नामों का भी संक्षिप्तीकरण करने से होनेवाली असमंजसता के बारे में प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है। छात्रों को इस रचना द्‌वारा सुझाव दिया गया है कि वे अपने नाम और जन्मस्थानों की पहचान बनाए रखने के लिए पूर्वाक्षर का पूर्वाग्रह छोड़ दें।**

आजकल शहरों के नाम पूर्वाक्षरों में याने अंग्रेजी के इनिशियलों में सिमट रहे हैं। यह बड़े खेद की बात है। इन इनिशियलों के मारे हमारे कर्नाटक के शहरों के नाम अपना कन्नड़पन, अपनी पहचान, अपना अस्तित्व खो रहे हैं।




एक ज़माना था जब केवल आदमियों के नाम के पहले इनिशियल लगता था। आज हम ये पूर्वाक्षर शहरों के नामों को भी बाँट रहे हैं। समझ में नहीं आता इसके पीछे दीर्घ का लघु बनाने की मानव-सहज प्रवृत्ति है या यह कोई नया फैशन है। अथवा यह भी हो सकता है कि लोकोपयोगी विभाग वालों ने गाँवों के नाम लिखने के लिए छोटे फलक बनाए हों, फिर उनके आकारानुसार नामों को भी काट छाँटकर छोटा बनाया गया हो।













इस संकोच-प्रक्रिया की बलि बने हुए कुछ गाँवों के नामों का परिशीलन करना ठीक रहेगा। सुंदर 'तिरुमकूडलु नरसीपुर' अब 'टी नरसीपुर' बन गया है। आगे आने वाले संशोधकों को पथभ्रष्ट करने का काम है यह। आगे चलकर कभी दैववशात्, हमारे देश से अंग्रेज़ी भाषा के हट जाने का सौभाग्य अगर प्राप्त हुआ, तो इन इनिशियलों का अर्थ ढूँढ़ना मुश्किल हो जाएगा। अनेक खोजें की

Not to be republished ©KTBS

जाएँगी और विचित्र परिणाम प्राप्त होंगे। संशोधक शायद इस निर्णय पर पहुँचेंगे कि 'टी नरसीपुर' नाम प्रायशः नरसीपुर में टी (चाय) के बागान होने के कारण आया होगा।

वह तो फिर भी अच्छा ही है। समझ लीजिए कि 'करीदोड्डन पाल्य' नामक एक गाँव है। यह 'के.डी. पाल्या'बन जाएगा। क्रमशः वह 'केडी पाल्य' में रूपांतरित हो जाएगा और गाँव को बदनाम कर देगा। आगे चलकर एक दिन संशोधक निर्णय लेंगे कि इस गाँव में 'केडीयों' (गुंडे) के होने से यह नाम आया होगा। और इस तरह उस गाँव की निष्कलंक कीर्ति में दाग लग जाएगा। अंग्रेज़ी के पूर्वाक्षरों से होनेवाली हानि देखी न आपने?

अब 'होले नरसीपुर' की कहानी सुनिए। मनोहर, मंजुल निनाद करती हेमावती नदी और नरसिंह का वह भव्य मंदिर, वह होले नरसीपुर आज एच.एन. पुरा बन गया है। क्रमशः इसका हेच्चिपुर (फालतू नगर) अथवा 'एच्चमपुर' में कन्नड़ीकरण हो जाएगा, इसके ईर्द-गिर्द दंतकथाएँ फैल जाएँगी। कुछ भी कहिए नदी, नरसिंह, सब अंग्रेज़ी के आद्याक्षरों में डूबकर, उनकी सुंदरता लोकोपयोगी विभाग के पत्थरों में पत्थर बन गई है। यह होले नरसीपुरवालों का, हेमावती नदी का और नरसिंह का भी बदनसीब ही है।

'चिक्कनायकन हल्ली' को ही लीजिए, आज वह 'सी.एन. हल्ली', बन गया है। आगे चलकर वह 'सीयनहल्ली' भी हो सकता है। वैसे ही 'चन्नरायपट्टण' 'सी.आर. पट्टण' बन गया है। 'हेग्गडदेवनकोटे' 'एच.डी. कोटे' बना है। इन प्रदेशों पर जिन-जिन नायकों ने, राजाओं ने, देवताओं ने राज किया था, उन सबको पूर्वाक्षरों में छिपा देना बड़ा ही दर्दनाक विषय है।

'कालमुद्दन दोड्डी' आज 'के. एम. दोड्डी' कहलाता है। पता नहीं कब श्रवणबेलगोल 'एस.बी. गोला' बन जाएगा, विजयपुर 'वि.पुर' बन जाएगा। दो-तीन शब्दों से बने नामों में पूर्वाक्षरों के प्रयोग से ह्रस्वीकरण हो जाता है। लगता है, आजकल लंबे-लंबे नाम पुकारने के लिए लोगों के पास समय

© KTBS Not to be republished

नहीं है। एक ज़माना था जब 'तिरुमले श्रीनिवासवरद रंगनाथ देशिक ताताचार' आदि नाम रखे जाते थे। सुबह नाम पुकारना प्रारंभ करो तो समाप्त होते-होते शाम हो जाती थी। आज समयाभाव के कारण हम मोहन, संदीप जैसे छोटे-छोटे नाम रख रहे हैं। लेकिन शहरों-गाँवों के नामों को तो उनके हाल पर ही छोड़ सकते थे...

शायद अंग्रेज़ों ने भी अपने गाँवों के नामों को इस तरह विकृत नहीं किया होगा। इस एक विषय में हम उनसे भी आगे बढ़ गए हैं और सब नामों को हमने छोटे-छोटे फॉर्मूलों की तरह बना डाला है। इस नाममय संसार में 'झूठो है यह जग' वाले सिद्धांतानुसार हम उनके आद्य नामों को 'अदृश्य' बना रहे हैं।

मुझे लगता है, व्यवहार में आसानी लाने के लिए आगे चलकर हमारे सारे व्यवहारों में इसी तरह की ह्रस्व अभिव्यक्ति का स्टाइल चल पड़ेगा। उदाहरण के लिए अगर कोई कहे कि "मैंने एक संकल्प किया है, उसके लिए टी.डी. जाकर वि.सी. के दर्शन कर आऊँगा तो हमें आश्चर्य में नहीं पड़ना चाहिए।" इसका अर्थ यह होगा कि तिरुपति देवालय जाकर वेंकटाचलपति के दर्शन कर आऊँगा। उसी तरह अगर कोई कहे कि "एम कोटे जाकर सी.आर. स्वामी से मिलकर आऊँगा" तो हमें उलझन में नहीं पड़ना चाहिए, इसका मतलब यह है कि मेलुकोटे जाकर चलुवराय स्वामी से मिलकर आऊँगा। वैसे ही अगर कोई आस्तिक महाशय कहे कि "वि.जी. स्वामी का अभिषेक कराना है" तो समझना चाहिए कि वेणु गोपाल स्वामी का अभिषेक किया जा रहा है।

हमारा 'बिलीगिरिरंगनबेट्ट' तो बी.आर.हिल्स बनकर पूरा अंग्रेज़ी हो गया है। उसमें वास्तव्य करने वाला 'रंगनाथ स्वामी' भी आर.एन. स्वामी बन गया है। आप डी.आर. दुर्ग जानते हैं? वही अपना देवरायन दुर्ग। वहाँ दो स्वामीजी रहते हैं, एक हैं वाई.एन. स्वामी और दूसरे बी.एन. स्वामी याने योगानरसिंह स्वामी और भोगानरसिंह स्वामी। नरसीपुर में जी.एन. स्वामी रहते हैं याने गुंजा नरसिंह स्वामी।

©KTBS Not to be republished

अत्यंत मनोहर, सुंदर वृंदावन गार्डन्स वाला कृष्णराज सागर आज नीरस के.आर. सागर हो गया है। इसका लघुकरण वहीं पर नहीं रुका है, वह के.आर.एस. बनकर अंग्रेज़ी वर्णमाला के तीन अक्षरों में सिमटकर अपनी पहचान ही खो बैठा है। यह भी हमारा दुर्दैव है कि श्रीरंगपट्टण एस.आर. पट्टण बनकर रंगनाथ स्वामी आज आर.एन. स्वामी बन गया है।

व्यक्तियों के नामों का इन इनिशियलों में छुपना तो ठीक है, पर गाँवों के नामों के लिए इसकी ज़रूरत नहीं है, यह तो सरासर अन्याय है। व्यक्तियों के नामों के लिए इस प्रकार ह्रस्वीकरण आवश्यक है, नहीं तो कोई किसी को पुकार नहीं सकेगा। अपने नाम के पीछे कुल का नाम, गाँव का नाम, बाप का नाम आदि सब कुछ लगा लेने वाले का इस देश में नाम लेकर पुकारना एक महासाहस बन जाता है। ये बड़े-बड़े नाम याद रखकर पुकारते-पुकारते शाम हो जाती है।

पूरी तरह से व्यक्तिगत होने पर भी इस संदर्भ में एक घटना के बारे में कहने को जी चाहता है। मैं आय्.पी.एस. उत्तीर्ण होकर आगे की पढ़ाई के लिए माऊंट आबू की शिक्षा-अकादमी में गया था। पहले दिन हम सबको एक कतार में खड़ा कर एक अफसर हम सबके नाम लिखने लगे। हम कवायद मैदान में ही खड़े होकर नाम बताने लगे। सबको अपना-अपना पूरा नाम बताना था याने पूर्वाक्षरों का विस्तार कर बताना था। इस तरह नामों को बताना प्रारंभ हुआ। पहले ने अपना नाम महेंद्रनारायण सिंह बताया, दूसरे ने देवव्रत बंद्योपाध्याय। ऐसे ही चल रहा था। मेरी बारी आई। मैंने एक ही साँस में अबाधगति से अपने पी. एस. इन पूर्वाक्षरों का विस्तार कर 'प्रतिवादी भयंकर संपतकुमाराचार्य रामानुजम्' बताया। उस अफसर ने क्षण-भर के लिए मुझे गर्दन उठाकर देखा और तीक्ष्ण स्वरों में दृढ़तापूर्वक कहा, ''मेरे ऑफिस में आकर इसे लिखा जाना'' और बिना कुछ लिखे वे अगले शिक्षार्थी का नाम लिखने लगे। नाम अगर इतना लंबा हो तो बेचारे और क्या कर सकते हैं?

©KTBS Not to be republished

खैरियत इस बात की है कि अब तक हमने इस पूर्वाक्षरों की पद्धति का प्रयोग पाठ्य-पुस्तकों पर नहीं किया-विशेषतः इतिहास की पाठ्य-पुस्तक पर। अगर ऐसा कुछ हो जाए तो राणा प्रातापसिंह आर.पी. सिंह बन जाएगा, औरंगजेब ए. जेब बनेगा और समुद्रगुप्त एस. गुप्त हो जाएगा। चंद्रगुप्त सी.गुप्त और अमात्य राक्षस ए. राक्षस बनेगा, पुलिकेशी पी. केशी और मयूर वर्मा एम. वर्मा बनेगा।

इस तरह से नामों के अर्धभाग इनिशियलों में छिपते ही जा रहे हैं। कभी-कभी तो पूरा का पूरा नाम ही अंग्रेज़ी वर्णों में सिकुड़ जाता है। पाठशाला-कॉलेजों में यह आम बात है। सभी अध्यापक विद्यार्थियों की जिह्वा पर अंग्रेज़ी के वर्ण बनकर सुशोभित होते है।

अंग्रेज़ी वर्णों का प्रभाव हमारे नामों पर हुआ है, इसमें कोई शक नहीं है, यह एक नया वर्ण व्यामोह है। इसका हमें त्याग करना चाहिए। कन्नड़ के वर्णों का प्रयोग ही हमारे लिए क्षेमकारक है। कन्नड के उन सुंदर नामों का संपूर्ण रूप में प्रयोग करना और भी अच्छा है। हमारा उच्चारण भी शुद्ध होगा और नाम भी बच जाएँगे।

*****

## लेखक परिचय

पी.एस. रामानुजम् का जन्म 6 अक्तूबर 1941 को चामराजनगर के बेडमूडलु गाँव में हुआ। इनके पिता का नाम प्रतिवादी भयंकर संपतकुमार आचार्य था। माता का नाम इंदिरम्मा था। प्रारंभिक शिक्षा चामराजनगर के हरदनहल्ली में शुरू हुई। मैसूरु के महाराजा कॉलेज में बी.ए. में पाँच स्वर्ण पदक लेकर उत्तीर्ण हुए। संस्कृत में इन्होंने पीएच.डी. और डी.लिट. की उपाधि प्राप्त की।

Not to be republished ©KTBS

बचपन से ही कविता, कहानी लिखने की रुचि इनमें थी। आई. पी.एस. में छटा रैंक प्राप्त करके कर्नाटक के पुत्तूरु, कोडगु, कोलार आदि स्थानों में ए.एस.पी., एस.पी., डी.जी.पी के पदों पर काम करके निवृत्त हुए। 'बिल्ली की भाषा' और अन्य लेखों के संकलन से इनको कीर्ति मिली। 30 से अधिक रचनाएँ इन्होंने की हैं। साहित्य सेवा के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार तथा पुलिस विभाग में योग्य सेवा के लिए इनको राष्ट्रपति पदक भी प्राप्त हुआ है। प्रस्तुत व्यंग्य रचना 'बिल्ली की भाषा' से चुना गया है। इसका अनुवाद प्रो. नंदिनी गुंडुराव जी ने किया है।

**शब्दार्थ :**

खेद-दुःख, व्यथा; के मारे-के कारण, शहर-नगर, पहचान-परिचय, फैशन-शोभाचार, बनावट; बाँट-वितरण, ढूँढना-खोजना, मुश्किल -कष्ट, मुसीबत ; इर्द-गिर्द - आस-पास, पत्थर-शिला, हाल-स्थिति, संसार-दुनिया, विश्व ; उलझन-बाधा, अटकाव ; कतार-पंक्ति, खैरियत-कुशल -क्षेम, भलाई ; अभिवादन-नमस्कार, प्रणाम; शक-संदेह, शंका।

**अभ्यास**

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. शहरों के नाम किसमें सिमट रहे हैं?
2. किन गाँवों के नामों का परिशीलन करना ठीक रहेगा?
3. हेमावती नदी कहाँ बहती है?
4. लोगों के पास किसके लिए समय नहीं है?
5. किस कारण से आज हम नाम छोटे-छोटे रख रहे हैं?
6. हमें क्या त्याग करना चाहिए?
7. इस पाठ के लेखक का पूरा नाम क्या है?

©KTBS Not to be republished

## II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए:

1. टी. नरसीपुर के संक्षिप्तीकरण के बारे में लेखक के क्या विचार हैं?
2. 'करिदोड्डन पाल्य' के बारे में लेखक क्या कहते हैं?
3. इनिशियलों में सिमटे कितने गाँवों के नाम लेखक ने लिया है? वे कौन-कौन से हैं?
4. के.अर.एस नाम अपनी पहचान क्यों खो बैठी है?

## III. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:

1. आगे आनेवाले संशोधकों को __________ करने का काम है।
2. सबको पूर्वाक्षरों में छिपा देना बड़ा ही __________ विषय है।
3. सुबह नाम __________ करना प्रारंभ करो तो समाप्त होते-होते __________ हो जाती थी।
4. कभी-कभी तो पूरा का पूरा नाम ही __________ में सिकुड़ जाता है।
5. सभी __________ विद्यार्थियों की जिह्वा पर अंग्रेज़ी के वर्ण बनकर सुशोभित होते हैं।

## IV. जोड़ी मिलाइए:

| | |
|---|---|
| 1. होले नरसीपुर | 1. तिरुपति देवालय |
| 2. बी.आर. हिल्स | 2. कृष्णराज सागर |
| 3. टी.डी | 3. मयूर वर्मा |
| 4. के.अर.एस | 4. रंगनाथ स्वामी |
| 5. एम. वर्मा | 5. नरसिंह मंदिर |

©KTBS Not to be republished

## V. विलोम शब्द लिखिए:

1. अपना x ___________
2. सहज x ___________
3. नया x ___________
4. सुंदर x ___________
5. मुश्किल x ___________
6. अच्छा x ___________
7. कीर्ति x ___________
8. हानि x ___________
9. पास x ___________
10. सुबह x ___________

## VI. निम्नलिखित विलोम शब्दों को सही शब्दों के साथ जोड़कर लिखिए:

1. आस्तिक x अनुत्तीर्ण
2. पता x बेशक
3. दिन x नास्तिक
4. शक x रात
5. उत्तीर्ण x लापता

## VII. अन्य वचन रूप लिखिए :

1. बात - ___________________
2. प्रवृत्ति - ___________________
3. गुंडा - ___________________
4. नदी - ___________________
5. दंतकथा - ___________________
6. घटना - ___________________
7. पुस्तक - ___________________
8. देवता - ___________________

©KTBS Not to be republished

## VIII. अन्य लिंग रूप लिखिए:

1. आदमी - ________________
2. नायक - ________________
3. राजा - ________________
4. देवता - ________________
5. स्वामी - ________________
6. बाप - ________________
7. अध्यापक - ________________

## IX. कन्नड में अनुवाद कीजिए :

1. चिक्कनायकन हल्ली सी.एन. हल्ली बन गया है।
2. आज समयाभाव के कारण छोटे-छोटे नाम रख रहे हैं।
3. रंगनाथ स्वामी भी आर.एन.स्वामी बन गया है।
4. अंग्रेज़ी वर्णों का प्रभाव हमारे नामों पर हुआ है।

## X. अनुरूपता :

1. करीदोड्डन पाल्या : के.डी.पाल्या :: होले नरसीपुरा : ________
2. पूर्वाक्षर : उपसर्ग शब्द :: कन्नड़पन : ________
3. ए.जेब : औरंगजेब :: एस.गुप्त : ________
4. बी. आर. हिल्स : बिलिगिरि रंगनबेट्टा :: डी.आर. दुर्ग : ________

©KTBS Not to be republished

## 'कि' और 'की' का प्रयोग

| 'कि' | 'की' |
|---|---|
| समुच्चयबोधक अव्यय के रूप में।<br>मुख्य वाक्य को आश्रित वाक्य/उपवाक्य से जोड़ने के लिए इस अव्यय का प्रयोग होता है।<br>**उदा:** समझ लीजिए कि करीदोड्डन पाल्य नामक एक गाँव है। | 1. संबंधबोधक कारक प्रत्यय के रूप में।<br>**उदा:** (i) दशरथ की तीन रानियाँ थीं।<br>(ii) बगीचे की हवा शुद्ध होती है।<br>2. 'करना' क्रिया के भूतकाल का स्त्रीलिंग रूप है।<br>**उदा:** (i) सिपाही ने देश की रक्षा की।<br>(ii) उषा ने परीक्षा में नकल नहीं की।<br>3. अन्य कुछ संबंधसूचक अव्ययों के पूर्व 'की' का प्रयोग होता है।<br>**उदा:** की ओर, की तरफ, की भाँति, की बगल, की अपेक्षा आदि। |

**I. 'की' की सहायता से वाक्य पूर्ण कीजिए :**

1. मेरी बेटी ने आई.ए.एस ________ परीक्षा ली है।
2. छात्रों ________ कोई गलती नहीं थी।
3. कर्नाटक ________ राजधानी बेंगलूरु है।
4. रमेश ने चोरी नहीं ________ थी।
5. शिल्पा ने गलती नहीं ________ ।

**II. 'कि' समुच्चयबोधक अव्यय के प्रयोगवाले पाँच वाक्य पाठ में से चुनकर लिखिए और अर्थ समझिए ।**

**अध्यापन संकेत :**

पाठ में दिये गये गाँव-नगरों के नामों के अलावा अन्य अनेक जगहों के नामों का संक्षिप्तीकरण हुआ है। छात्रों से उनकी एक सूची बनवाएँ।

©KTBS Not to be republished

# 17. रहीम के दोहे

**आशय : छात्र इन दोहों के द्‌वारा सज्जनों तथा महान् लोगों का स्वभाव समझ सकते हैं। इसी प्रकार छोटे तथा साधारण वस्तुओं के महत्व की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।**

1. तरुवर फल नहीं खात है, सरवर पियहि न पान।
   कहि रहीम परकाजहित, संपत्ति सँचहि सुजान।।



2. जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करी सकत कुसंग।
   चंदन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहत भुजंग।।

3. 'रहिमन' देख बड़ेन को, लघु न दीजिये डारि।
   जहाँ काम आवै सुई, कहा करै तलवारि।।



4. बड़े बड़ाई न करै, बड़े न बोलें बोल।
   'रहिमन' हीरा कब कहै, लाख टका मम मोल।।

**कवि परिचय :** रहीम का जन्म 17 दिसंबर 1556 को लाहौर में हुआ था। उनका पूरा नाम अब्दुर्रहीम खानखाना है। उनके पिता का नाम बैरमखान, माता का नाम सुल्ताना बेगम था। रहीम सतसई, बरवै नायिका भेद, श्रृंगार सोरठा आदि इनकी प्रसिद्ध रचनाएँ हैं। इनके काव्य में नीति, भक्ति, प्रेम, श्रृंगार का सुंदर समावेश हुआ है।

**शब्दार्थ :**

तरुवर-वृक्ष, पेड़; सरवर-सरोवर, पान-पानी, पर-दूसरे लोग, काज-काम, कार्य; हित-भलाई, अच्छाई ; संपत्ति - धन, सँचहि - संग्रह, सुजान-सज्ञन , प्रकृति - स्वभाव, (व्यक्तित्व) कुसंग - बुरी संगत, चंदन-एक सुगंधित वृक्ष, लिपटना - सटे रहना, भुजंग - साँप, सर्प ;

©KTBS Not to be republished

लघु - छोटा, डारि - डाल छोड़ना, सुई - ಸೂಜಿ, needle; तलवार - खड्ग, ಖಡ್ಗ; बड़ाई-प्रशंसा, हीरा-ವಜ್ರ, टका - मुद्रा, सिक्का; मम-मेरा, मोल-दाम।

**भावार्थ :**

1. रहीम कहते हैं कि जैसे पेड़ अपने फल खुद नहीं खाते और सरोवर अपना पानी खुद नहीं पीते, वैसे ही सज्जन दूसरों के कल्याण के लिए संपत्ति का संग्रह करते हैं।

2. रहीम कहते हैं कि जो व्यक्ति अच्छे स्वभाव का होता है, बुरी संगत उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता, जैसे चंदन के पेड़ से साँप लिपटे रहने पर भी चंदन में उसका विष व्याप्त नहीं होता।

3. रहीम कहते हैं कि रईस और बड़े लोगों को देखकर छोटे और साधारण लोगों को छोड़ मत दीजिए (तिरस्कार मत कीजिए); क्योंकि जहाँ सुई काम आती है, वहाँ तलवार क्या कर सकती है?

4. बड़े लोग न ज़्यादा बोलते हैं, न ही अपनी प्रशंसा करते हैं। रहीम कहते हैं कि हीरा कब कहता है कि उसका मूल्य लाख मुद्राएँ हैं।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. सुजान लोग संपत्ति क्यों संग्रह करते हैं?
2. चंदन के पेड़ से कौन लिपटे रहता है?
3. रहीम किसका तिरस्कार न करने के लिए कहते हैं?
4. कौन अपनी प्रशंसा नहीं करते हैं?

©KTBS Not to be republished

## II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए:

1. रहीम ने सज्जनों के बारे में क्या कहा है? सोदाहरण समझाइए।
2. रहीम ने भुजंग के उदाहरण से क्या बताया है?
3. छोटे लोगों के महत्व को रहीम ने कैसे व्यक्त किया है?
4. हीरे के बड़प्पन को रहीम ने कैसे बताया है?

## III. जोड़कर लिखिए:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | तरुवर | लाख टका मम मोल |
| 2. | चंदन पेड़ | लघु न दीजिये डारि |
| 3. | देख बड़ेन को | लिपटे रहत भुजंग |
| 4. | हीरा | फल नहीं खात है |

## IV. अनुरूप शब्द लिखिए:

1. तरु : पेड़ :: तलवार : ____________
2. दूध : क्षीर :: भुजंग : ____________
3. मोल : दाम :: बोल : ____________
4. काज : कार्य :: संपत्ति : ____________

## V. इन शब्दों के अलग-अलग अर्थ लिखिए:

1. वर - ____________, ____________
2. सर - ____________, ____________
3. पर - ____________, ____________
4. जान - ____________, ____________

©KTBS Not to be republished

**VI.** **तुकांत शब्द लिखिए:**

1. पान ______________ 2. कुसंग ______________

3. डारि ______________ 4. बोल ______________

**VII.** **इन शब्दों का उच्चारण लगभग समान प्रतीप होता है, किंतु अर्थ भिन्न हैं इनके अर्थ नीचे दिए गए शब्दों में से चुनकर लिखिए:**

(कंजूस, दिवस, यश, पवित्र, हवा, आशा, कटार, रचना, तिरस्कार, दरिद्र)

1. पवन - ______________ 3. अपेक्षा - ______________
   पावन - ______________ उपेक्षा - ______________

2. दिन - ______________ 4. कृपण - ______________
   दीन - ______________ कृपाण - ______________

5. कीर्ति - ______________
   कृति - ______________

**VIII.** **चारों दोहों को कंठस्थ कीजिए।**

**IX.** **ऊपर से नीचे रिक्त स्थानों को भरकर दी गई शब्द पहेली का हल कीजिए:**
**(सहायता के लिए संकेत चित्र दिए गए हैं)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| इ | | बै | श | |
| | ज | | र | र |
| र | | गा | | |
| त | र | | | न |







©KTBS Not to be republished

## X. शुद्ध रूप लिखिए:

1. रुवतर - ____________________
2. गजंभु - ____________________
3. वातरिल - ____________________
4. प्रतिकृ - ____________________
5. कातहिजरप - ____________________

**परियोजना :**

* किन्हीं पाँच अत्यमूल्य धातुओं के बारे में पाँच-पाँच वाक्य लिखिए। उनके रंगीन चित्र बनाइए।

**अध्यापन संकेत :**

* कबीरदास के किन्हीं चार दोहों को कक्षा में सुनाएँ।
* कन्नड कवि सर्वज्ञ के वचनों को छात्रों से वाचन कराएँ।

©KTBS Not to be republished

# परिशिष्ट - 1

अ. अनुरूपता

आ. पत्र-लेखन

इ. पूरक वाचन

ई. निबंध

©KTBS
Not to be republished

# अ. अनुरूपता

**I. प्रथम दो शब्दों से सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए:**

1. स्वामी विवेकानंद : जीवनी :: गुलाब सिंह : __________
2. स्वामी विवेकानंद : जगदीश चंद्र :: चेरापूँजी से आया हूँ : __________
3. मौसी : कहानी :: भीम और राक्षस : __________
4. मौसी : भीष्म साहनी :: भीम और राक्षस : __________
5. खेलो-कूदो-स्वस्थ रहो : निबंध :: नफे के चक्कर में : ______
6. जय जय भारत माता : मैथिलीशरण गुप्त :: चलना हमारा काम है : __________
7. पर्यावरण बचाओ : डॉ. परशुराम शुक्ला :: पूर्वाक्षर का पूर्वाग्रह : __________
8. भीम और राक्षस : एकांकी :: सड़क की रक्षा-सबकी सुरक्षा : __________
9. भीम : कुंती :: स्वामी विवेकानंद : __________
10. तरुवर फल : नहीं खात है :: सरवर : __________
12. यह मेरा : बेटा :: यह मेरी : __________
13. पाठ पढ़ाना : सबक सिखाना :: भाग्य फूटना : __________
14. शारीरिक खेल : शारीरिक श्रम :: मानसिक खेल : __________

©KTBS Not to be republished

15. मेघालय की राजधानी : शिलंग :: मणिपुर की राजधानी: __________

16. क्रिकेट : मैदानी खेल :: शतरंज : __________

17. दौड़ना : व्यक्तिगत खेल :: फुटबाल : __________

18. तुम्हारा नाम क्या है? : प्रश्नार्थक वाक्य ::
पानी ले आओ। : __________

19. साथी, हाथ बढ़ाना : साहीर लुधियानवी :: अनुशासन ही शासन है : __________

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

©KTBS Not to be republished

## आ. पत्र लेखन

### i. पिता के नाम पत्र

सेवा में,
श्री महेश,
विद्‌यानगर,
बेलगावी - 3

स्थान : बेंगलूरु - 5
दिनांक : 17-11-2017

पूज्य पिताजी,

सादर प्रणाम।

मैं यहाँ सकुशल हूँ। आशा है कि आप भी सकुशल होंगे। मेरी पढ़ाई अच्छी तरह चल रही है। इस साल हमारे विद्यालय में शैक्षणिक पर्यटन का आयोजन किया गया है। उसमें मैं भी भाग लेना चाहता हूँ। इसलिए आप मुझे इसकी अनुमति देते हुए ₹. 1000 भेजने की कृपा करें।

आपका प्रिय पुत्र,
बसवराज

प्रेषक,
बसवराज,
नौवीं कक्षा,
सरकारी हाईस्कूल,
बेंगलूरु - 5

©KTBS Not to be republished

## ii. छुट्टी के लिए आवेदन पत्र

प्रेषक,

राजेंद्र कुमार,
नौवीं कक्षा,
स्वामी विवेकानंद विद्यालय,
धारवाड

स्थान : धारवाड
दिनांक : 7-12-17

सेवा में,

प्रधानाध्यापक,
स्वामी विवेकानंद विद्यालय,
धारवाड

महोदय,

विषय : छुट्टी के लिए विनती

उपर्युक्त विषयानुसार आपसे सविनय निवेदन है कि मैं अपने भाई की शादी में शामिल होने के लिए बेंगलूरु जा रहा हूँ। इसलिए मैं पाँच दिन तक स्कूल में उपस्थित रह नहीं पाऊँगा। मुझे 8-12-2017 से 12-12-2017 तक पाँच दिन की छुट्टी प्रदान करने की कृपा करें।

धन्यवाद।

भवदीय
राजेन्द्र कुमार

XXXXX
अभिभावक के हस्ताक्षर

©KTBS
Not to be republished

## इ. पूरक वाचन

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों कें उत्तर लिखिए:**

भारत की जिन नारियों ने अपने बलबूते देश का मस्तक ऊँचा किया, उनमें एक और नाम जुड़ गया है-कल्पना चावला। प्यार से उसे पूरा देश 'अंतरिक्ष-परी' कहता है। हरियाणा के करनाल नगर में जन्मी कल्पना के पिता का नाम बनारसीलाल चावला है।

कल्पना ने मॉडल टाउन करनाल के टैगोर विद्यालय से आरंभिक शिक्षा प्राप्त की। वह आरंभ से ही कुशाग्र-बुद्धि, दृढ़ निश्चयी, प्रतिभाशालिनी तथा मौनी थी। उन्होंने पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ से एरो स्पेस में बी.ई. की डिग्री प्राप्त की।

कल्पना अत्यंत सौम्य स्वभाव की महिला थी। बचपन से उसकी एक ही आकांक्षा थी- चाँद-सितारों को छूना। इसलिए उन्होंने पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में एरोनाटिक्स में प्रवेश लेने की इच्छा व्यक्त की तो वहाँ के एक प्रोफेसर ने कहा कि यह क्षेत्र लड़कियों के लिए नहीं है। परंतु अपनी दृढ़ इच्छा-शक्ति का परिचय देते हुए उन्होंने यही क्षेत्र चुना। बाद में उन्होंने अमरीका के टेक्सास विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री प्राप्त की। सन् 1988 में उसकी नियुक्ति अमरीका के सर्वोच्च अंतरिक्ष - अनुसंधान केंद्र नासा में हुई। सन् 1994 में उसे अंतरिक्ष-यात्रा के लिए चुना गया। 19 नवंबर, सन् 1997 को वह सौभाग्यशाली दिन आया, जब वह विश्व की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री के रूप में आकाश में उड़ी। कल्पना के आकाश में तो सभी उड़ते हैं किंतु कल्पना वास्तविक आकाश में उड़ी। आगे चलकर कल्पना ने कोलंबिया अंतरिक्ष अभियान के 28वें सफर में मिशन-विशेषज्ञ के रूप में कार्य सँभाला।

फरवरी, 2003 को अंतरिक्ष यान को अमरीका की धरती पर उतरना था। परंतु दुर्भाग्य सिर पर मँडरा रहा था। यान धरती के वायुमंडल में प्रवेश

©KTBS Not to be republished

करना चाह रहा था कि अंतरिक्ष यान में विस्फोट हो गया। उसमें सवार सभी यात्री काल के गाल में समा गए। कल्पना भी उन्हीं के साथ इतिहास बन गई। जो लोग ढोल-नगाड़ों के साथ अपनी अंतरिक्ष-परी के अनुभव सुनने के लिए व्यग्र थे, वे ठगे-से रह गए। बस हमारे पास आँसू के सिवाय कुछ न था। परंतु ये आँसू गौरव के आँसू थे, श्रद्धा के आँसू थे। कल्पना चावला मर कर भी अमर हो गई। उनका नाम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

**प्रश्न :**

1. कल्पना चावला को प्यार से क्या कहा जाता था?
2. कल्पना का जन्म कहाँ हुआ था?
3. कल्पना की बचपन की क्या आकांक्षा थी?
4. सन् 1988 में कल्पना किस केंद्र में नियुक्त हुई?
5. कल्पना चावला का देहांत कब हुआ?
6. इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए।
   ('कल्पना-चावला' शीर्षक के अतिरिक्त अन्य कोई शीर्षक)

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

©KTBS Not to be republished

**2. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों का उत्तर लिखिए :**

कई साल पहले ओलिंपिक खेलों के दौरान एक विशेष दौड़ होने जा रही थी। सौ मीटर की इस दौड़ में एक गज़ब की घटना हुई। नौ प्रतिभागी शुरुआत की रेखा पर तैयार खड़े थे। उन सभी को कोई-न-कोई शारीरिक विकलांगता थी।

सीटी बजी, सभी दौड़ पड़े। बहुत तेज़ तो नहीं पर उनमें जीतने की होड़ ज़रूर तेज़ थी। सभी जीतने की उत्सुकता के साथ आगे बढ़े। तभी एक छोटा लड़का ठोकर खाकर लड़खड़ाया, गिरा और रो पड़ा। उसकी आवाज़ सुनकर बाकी प्रतिभागी दौड़ना छोड़ देखने लगे कि क्या हुआ? फिर, एक-एक करके वे सब उस बच्चे की मदद के लिए उसके पास आने लगे। सब के सब लौट आए। उसे दोबारा खड़ा किया। उसके आँसू पोंछे, धूल साफ की। लड़के की दशा देख एक बच्ची ने उसे अपने गले से लगा लिया, और उसे प्यार से चूम लिया, यह कहते हुए कि, 'अब ठीक हो जाएगा'।

फिर तो सारे बच्चों ने एक-दूसरे का हाथ पकड़ा और साथ मिलकर दौड़ लगाई। सब के सब अंतिम रेखा तक एक साथ पहुँच गए। दर्शक मंत्रमुग्ध होकर देखते रहे, इस सवाल के साथ कि सब के सब एक साथ बाजी जीत चुके हैं, इनमें से किसी एक को स्वर्ण पदक कैसे दिया जा सकता है। निर्णायकों ने भी सबको स्वर्ण पदक देकर समस्या का शानदार हल ढूँढ़ निकाला। सब के सब एक साथ विजयी इसलिए हुए कि उस दिन दोस्ती का अनोखा दृश्य देख दर्शकों की तालियाँ थमने का नाम नहीं ले रही थीं।

**प्रश्न :**

1. छोटा लड़का क्यों रो पड़ा?
2. प्रतिभागियों ने लड़के की मदद कैसे की?
3. दर्शक कैसे देखते रहे?
4. निर्णायकों ने समस्या का हल कैसे ढूँढ़ निकाला?
5. सबके सब एक साथ विजयी क्यों हुए?

© KTBS Not to be republished

**3. निम्नलिखित कविता पढ़कर प्रश्नों का उत्तर लिखिए :**

मैं नाम ले तुम्हारा – कब से बुला रहा हूँ
अपनी दया के दो कण – बरसाओ इस वतन में।

तुम हो कहाँ, यहाँ पर – क्या क्या न हो रहा है
आओ बहाओ गंगा – इस आग के विपिन में।

देखो ये भूखे-भूखे – जीवन में मर रहे हैं
दो अन्न किसानों को – बस जाओ इनके मन में।

यह विनय पत्रिका है – टूटे हुए दिलों की,
मंजूर कर दो, भर दो – पीयूष विश्व जन में।

कुछ ऐसी शक्ति दे दो – बन मल्लिका, चमेली
काँटों को चूम लूँ मैं – भर दूँ सुगंध उनमें।

मुझको दो स्नेह इतना पावन कि उमड़ कर मैं
भर दूँ प्रकाश बुझते – दीपों के तन में मन में।

सारा जगत सुखी हो – माताएँ मुस्कुरायें
सूरज व चाँद चमकें – प्रत्येक के वदन में

शुभ हो निशा व संध्या – शुभ हो दिवस सुखद हो
भगवान विनती सुन लो – सब हो पुरोगमन में।

**प्रश्न :**

1) प्रस्तुत कविता में कवि किससे विनती कर रहे हैं?
2) कवि कहाँ गंगा बहाना चाहते हैं?
3) आग बुझाने के लिए ईश्वर से कवि क्या माँगते हैं?
4) कवि बुझते दीपों के तन-मन में क्या भरना चाहते हैं?
5) इस कविता के लिए उचित शीर्षक दीजिए।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

©KTBS Not to be republished

# ई. निबंध

## 1. चरित्र-बल

**विचार-बिंदु :** ✻ चरित्र का अर्थ और महत्त्व ✻ चरित्र-बल ✻ उदाहरण ✻ चरित्र-बल का प्रभाव

'चरित्र' का अर्थ है - 'चाल-चलन' या व्यक्तित्व के गुण। यद्यपि चरित्र बुरा भी हो सकता है और श्रेष्ठ भी, परंतु समाज में प्रायः अच्छे चरित्रवाले व्यक्ति को ही चरित्रवान कहते हैं। अतः 'चरित्र' शब्द स्वतंत्र रूप में अच्छे चरित्र के लिए प्रयुक्त होता है। चरित्रवान का अर्थ है-ईमानदार, सच्चा, दयावान, करुणावान, कर्मठ, सात्विक, शुद्ध और कपटहीन व्यक्ति।

चरित्र-बल - सच्चरित्रता में अपार बल होता है। जिस व्यक्ति में प्रेम, मानवता, दया, करुणा, विनय आदि गुण समा जाते हैं, वह शक्ति का भंडार बन जाता है। उसमें से ज्योति की किरणें फूटने लगती हैं। जैसे सूर्य का तेज समस्त दिशाओं को आलोकित कर देता है, उसी प्रकार चरित्र-बल जीवन के सभी क्षेत्रों को शक्ति, उत्साह और प्रकाश से भर देता है। कारण स्पष्ट है। ईमानदारी, सच्चाई, निष्कपटता, मानवता आदि गुण स्वयं में बहुत शक्तिवान हैं। यदि ये सभी शक्ति के कण किसी एक व्यक्ति के व्यक्तित्व में पुंजीभूत हो जाएँ तो फिर महाशक्ति का विस्फोट हो सकता है।

उदाहरण - महात्मा गाँधी के व्यक्तित्व को लें। उन्होंने जिस महानता को अर्जित किया, उसके पीछे उनके चारित्रिक गुण ही थे। असत्य का विरोध, अहिंसा, अन्याय का सविनय बहिष्कार, सच्चाई, मानवता आदि गुणों के कारण ही उन्होंने पूरे देश में अपने व्यक्तित्व की छाप अंकित की। इसी चरित्र-बल के कारण ही अंग्रेज़ सरकार उनसे डरती थी। उन्होंने अपने चरित्र-बल से केवल स्वयं को ही नहीं, अपितु पूरे भारत को आंदोलित कर दिया।

Not to be republished ©KTBS

चरित्र-बल का प्रभाव अत्यंत तीव्रता से होता है। किसी चरित्रवान व्यक्ति के सामने खड़े होने पर हमारी कमजोरियाँ नष्ट होने लगती हैं। यही कारण है कि चरित्र-संपन्न लोगों के सामने व्यसनी लोग इस तरह झुक जाते हैं जैसे सूरज के निकलने पर अँधेरा हार मान लेता है। इतिहास प्रमाण है कि भगवान बुद्ध के सामने डाकू अंगुलिमाल ने घुटने टेक दिए थे, क्रांतिकारी जयप्रकाश नारायण के सामने असंख्य डाकुओं ने हथियार डाल दिए थे। इन सबसे यही प्रमाणित होता है कि चरित्र-बल में अपार शक्ति है।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

©KTBS Not to be republished

# 2. पुस्तकों का महत्व

**विचार-बिंदु :** ✻ लाभ ✻ प्रभाव ✻ पुस्तकें किसी देश की अमर निधि होती हैं ✻ पुस्तकें अस्त्र हैं ✻ मनुष्य का मित्र

लाभ - पुस्तकों का महत्त्व तथा मूल्य रत्नों से भी अधिक है, क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं, जबकि पुस्तकें हृदय को उज्ज्वल करती हैं। अच्छी पुस्तकें मनुष्य को पशु से देवता बनाती हैं, उसकी सात्विक वृत्तियों को जागृत कर उसे पथभ्रष्ट होने से बचाती हैं। श्रेष्ठ पुस्तकें मनुष्य, समाज तथा राष्ट्र का मार्गदर्शन करती हैं। पुस्तकों का हमारे मन-मस्तिष्क पर स्थायी प्रभाव पड़ता है।

प्रभाव - संसार के इतिहास पर दृष्टिपात करने पर देखते हैं कि जितनी भी महान विभूतियाँ हुई हैं, उन पर किसी-न-किसी अंश में अच्छी पुस्तकों का प्रभाव था। महात्मा गांधी भगवद्गीता, टालस्टाय तथा अमेरिका के संत थोरो के साहित्य से अत्यधिक प्रभावित थे। लेनिन में क्रांति की भावना मार्क्स के साहित्य को पढ़कर जगी थी।

पुस्तकें किसी देश की अमर निधि होती हैं - किसी जाति के उत्कर्ष अथवा अपकर्ष का पता उसके साहित्य से चलता है। प्राचीन ग्रीक संस्कृति कितनी उच्च और महान थी, इसका पता हमें उसके साहित्य से चलता है। गुप्तकाल भारत का स्वर्णिम युग कहा जाता है क्योंकि उस काल में सर्वोत्कृष्ट पुस्तकों की रचना हुई। कालिदास इस युग के महान साहित्यकार थे।

पुस्तकें अस्त्र हैं - विचारों के युद्ध में पुस्तकें ही अस्त्र हैं। पुस्तकों में लिखे विचार संपूर्ण समाज की काया पलट देते हैं। समाज में जब भी कोई परिवर्तन आता है अथवा क्रांति उपस्थित होती है, उसके मूल में कोई विचारधारा ही होती है।

©KTBS Not to be republished

मनुष्य का मित्र - एक विद्वान की उक्ति है - ''सच्चे मित्रों के चुनाव के पश्चात् सर्वप्रथम एवं प्रधान आवश्यकता है- उत्कृष्ट पुस्तकों का चुनाव।'' जो पुस्तकें हमें अधिक विचारने को बाध्य करती हैं, वे ही हमारी सबसे बड़ी सहायक हैं। वे मनुष्य को सच्चा सुख और शांति प्रदान करती हैं। थामस ए. केंपिस ने एक बार कहा था - ''मैंने प्रत्येक स्थान पर विश्राम खोजा, किंतु वह एकांत कोने में बैठकर पुस्तकें पढ़ने के अतिरिक्त कहीं प्राप्त न हो सका।'' पुस्तक-प्रेमी सबसे अधिक सुखी होता है।

❀ ❀ ❀ ❀ ❀

©KTBS Not to be republished